RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

Black Bichhoo

9644811407, 8102020599О
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 188 | ग्वालियर बुधवार 19 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

# ज्ञानेश कुमार बने नए मुख्य चुनाव आयुक्त



**नई दिल्ली।** 1988 बैच के आईएएस अधिकारी और मौजूदा चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे आज यह जिम्मेदारी संभालेंगे। मौजूदा ष्टश्वष्ट राजीव कुमार आज रिटायर हो रहे हैं। नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले वे पहले ष्टश्वष्ट हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में सोमवार को हुई बैठक में नियुक्ति का फैसला किया गया। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए। इसी पैनल की सिफारिश पर नए CEC की नियुक्ति हुई। बैठक में विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। वे हरियाणा के मुख्य सचिव और 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वहीं, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू अपने पद पर बने रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नए ष्टश्वष्ट के लिए 5 नामों की सूची दी गई थी, लेकिन राहुल ने नामों पर विचार करने से इनकार कर दिया था। बैठक के बाद राहुल गांधी ने डिसेंट नोट जारी किया था। इसमें उन्होंने कहा था कि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है इसलिए यह बैठक नहीं होनी चाहिए थी। वहीं, कांग्रेस ने कहा था– हम अहंकार में काम नहीं कर सकते। बैठक स्थगित करनी थी, ताकि सुप्रीम कोर्ट जल्द फैसला कर सके।

## राहुल ने लिखा- आधी रात को नियुक्ति का फैसला असम्मानजक



राहुल गांधी ने ङ्ग पर लिखा- अगले मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर बैठक थी। इसमें मैंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को डिसेंट (असहमति) नोट दिया था। इसमें लिखा था- मूलभूत बात यह है कि चुनाव आयोग स्वतंत्र होता है। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में कार्यपालिका का कोई दखल नहीं होता। लोकसभा में विपक्ष का नेता होने के नाते मेरी जिम्मेदारी है कि बाबा साहेब अंबेडकर और देश का निर्माण करने वाले नेताओं के आदर्श कायम रहें। आधी रात में पीएम और गृह मंत्री का ष्टश्वष्ट की नियुक्ति का फैसला असम्मानजनक है। ईसीसी की नियुक्ति का फैसला तब लिया गया, जब मामला सुप्रीम कोर्ट में है और इस पर 48 घंटे के अंदर सुनवाई होनी है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भिंड की दुर्घटना पर दुःख व्यक्त किया

## प्रभावितों को 4 – 4 लाख रुपए की सहायता देने के निर्देश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड जिले के जवाहरपुरा गांव के नजदीक नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। इस दुर्घटना में कुछ लोगों के असामयिक निधन का समाचार मिला है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि दुर्घटना में काल कवलित मृतकों के सभी शोकाकुल परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस दुर्घटना में घायल नागरिकों के समुचित उपचार की व्यवस्था के लिए भिंड जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है। सड़क दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि और गंभीर घायलों को एक एक लाख एवं सामान्य घायलों को 50-50 हजार की राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि दिवंगतों की आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# बीकानेर में दो देशों के उच्चायुक्त सहित कई अति विशिष्ट हस्तियों का आगमन आज

राजीव जोशी, केसरिया हिंदुस्तान



**बीकानेर।** मरूनगरी बीकानेर बुधवार को फिजी गणराज्य के डिप्टी हाईकमीशन (उप उच्चायुक्त) नीलेश. के.आर.रोहिला व मॉरिशस के राजदूत हेमनदोयाल दीलम सहित कई अति विशिष्ट गणमान्य हस्तियों के आगमन से भरा रहेगा। अति विशिष्ट महानुभाव मॉरिशस के राष्ट्र संत एवं मॉरिशस के गांधी स्वामी कृष्णानंद सरस्वती के प्रपौत्र, बीकानेर निवासी राजस्थान सरकार में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में सहायक निदेशक हिंगलाज दान रतनू के पुत्र तथा प्रसिद्ध विद्वान समाजसेवी, डिंगल के कवि भंवर पृथ्वीराज रतनू के सुपौत्र कुणाल रतनू के विवाह समारोह में शरीक होंगे।

उनके अलावा राजस्थान धरोहर संरक्षण प्राधिकरण के अध्यक्ष औंकार सिंह लखावत, राजस्थान मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष एच.आर.कुडी, भारत सरकार के रेल्वे मंत्रालय के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हेल्थ (सेवानिवृत्त) डॉ.हनुमान सिंह सांदू, दिल्ली हाईकोर्ट के अधिवक्ता राकेश कोचर, मेवाङ के पूर्व ताजीमदार कुराबङ राव राजा सज्जन सिंह कृष्णावत सहित कई भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा एवं भारतीय विदेश सेवा के डिगनटरिज भी आज विवाह समारोह में शिरकत करेंगे।

## गुमशुदा



बच्चा सुबह 7 बजे से गायब है अंकित गुर्जर ग्राम इटायदा के रहने वाला है हाल निवास आदित्यपुरम में रहते हैं सुबह दुकान पर सामान लेने गया था जब से घर वापस नहीं आया किसी भी भाई को जानकारी मिले तो इस नंबर पर संपर्क करें 6261915937,7440530571रा त

# दस दिवसीय नाट्य कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



केसरिया हिंदुस्तान

बैतूल। आदिम कल्चरल एंड वेलफ़ेयर सोसाइटी के द्वारा मंगलवार को शहीद भवन बैतूल में दस दिवसीय नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला जिले में रंगमंचीय एवं सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने हेतु व जिले की प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आरंभ की गई है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एवं मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित राकेश वरवड़े इस कार्यशाला में प्रशिक्षण देंगे। श्री वरवड़े ने बताया की इस कार्यशाला के अंत में एक नाट्य प्रस्तुति भी दी जाएगी।

# दस्तक से दूर होगा एनीमिया : कलेक्टर ने किया अभियान का शुभारंभ, पांच साल तक के सभी बच्चों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**राजगढ-** कलेक?टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिला चिकित्सालय में दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के अन्तर्गत 0 से पांच साल के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें विटामिन-ए की दवा पिलाई जाएगी। साथ ही बच्चों की वृद्धि निगरानी करते हुए कमजोर बच्चों की हीमोग्लोबीन की जांच कर उचित उपचार मुहैया कराया जाएगा।

दस्तक अभियान के पहले दिन कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एलपी भगोरिया से तैयारियों के संबंध में चर्चा की और उन्होंने कहा कि मैदानी कर्मचारियों को इसके लिए उचित प्रशिक्षण के साथ-साथ समस्त आवश्यक सामग्री का वितरण कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ मलिन बस्तियों ईंट भट्टों क्रेशर मशीनों एवं खानबदोश लोगों के डेरों आदि में भी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा ने अभियान संबंधी तैयारियों के बारे में विस्तार से समझाया।

**2 लाख 39 हजार बच्चों का लक्ष्य :** दस्तक अभियान के दौरान पूरे जिले के 2 लाख 39 हजार बच्चों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

# राज्यमंत्री श्री लोधी ने काफिला रोक कर घायल व्यक्ति को पहुंचाया अस्पताल


राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



दमोह देर रात गुबरा में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी सिंग्रामपुर पहुंचे जहां टू व्हीलर बाइक सवार गाय से टकराकर घायल पड़े व्यक्ति को देखकर तत्काल ही अपना काफिला रोककर साथियों के साथ घायल व्यक्ति की मदद करने लगे और तुरंत ही पुलिस की मदद से घायल पड़े युवक धर्मेन्द्र ठाकुर जो कि कौरता सरपंच का छोटा भाई बताया गया है, को जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां से उसे जबलपुर के लिए रिफर कर दिया गया।

## गांधी परिवार से मिले सुल्तानपुर के मोची रामचेत राहुल गांधी को गले लगाया

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर के मोची रामचेत और उनके परिवार ने सोमवार की शाम दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से उनके आवास पर मुलाकात की। सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। कांग्रेस ने इस मुलाकात का एक मिनट 28 सेकेंड का वीडियो शेयर किया है। रामचेत को देखते ही राहुल ने उन्हें गले से लगा लिया। सोनिया और प्रियंका गांधी ने भी हाथ जोड़कर अभिवादन किया। रामचेत ने सोनिया के पैर छूए। रामचेत ने अपने पोते का परिचय भी सोनिया गांधी से कराया।



# मौत का हाईवे : कब तक बिछती रहेंगी लाशें कब तक बहेगा खून, हादसे में पांच की मौत

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**



एनएच-719 पर फिर एक भीषण सड़क हादसा डिडी के पास पिकअप और डंपर की टक्कर-पांच बेकसूरों की मौत दर्जनों घायल हुए कुछ जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं और कुछ ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।अब सवाल यह है कि आखिर कब तक यह नरसंहार जारी रहेगा कब तक हर सुबह घर से निकले लोग लाशों में बदलते रहेंगे। कब तक परिवारों की खुशियाँ मातम में बदलती रहेंगी। और कब तक शासन-प्रशासन अपनी बेशर्म चुप्पी साधे रहेगा!यह हादसा नहीं-सरकारी हत्या है!हर बार की तरह प्रशासन दौरा करेगा और नेता संवेदनाएं जताएंगे, मुआवजे की घोषणा होगी और फिर सब भूल जाएंगे-लेकिन क्या इन खोई हुई जिंदगियों की कीमत सिर्फ चंद लाख रुपये है क्या सरकार की जिम्मेदारी सिर्फ गिनती पूरी करने तक सीमित रह गई है!

हाईवे को 6 लेन बनाने में हो रही देरी-इसी ने ली इन मासूमों की जान! एनएच-719 को 6 लेन का बहुप्रशिक्षित हाईवे बनाया जाना था लेकिन वर्षों से यह सिर्फ फाइलों में सड़ रहा है।ठेकेदारों अधिकारियों और नेताओं की मिलीभगत से यह प्रोजेक्ट जानबूझकर लटकाया जा रहा है यदि यह सड़क चौड़ी और व्यवस्थित होती तो आज ये निर्दोष लोग जिंदा होते!क्यों यह हाईवे मौत का गड्ढा बन चुका है.6 लेन का निर्माण कागजों में ज़मीन पर गड्ढों का जंगल!ओवरलोड वाहनों पर कोई लगाम नहीं ट्रकों और डंपरों के बेखौफ रफ्तार से चलने का खेल जारी!सड़कें खस्ताहाल गड्ढों में तब्दील लेकिन ठेकेदारों और अफसरों की जेबें भरी हुई!ट्रैफिक व्यवस्था नदारद, पुलिस महज वसूली में मस्त!प्रशासन के पास केवल हादसे गिनने की फुर्सत लेकिन समाधान की कोई योजना नहीं!क्या सड़कों पर मरने के लिए ही पैदा हुए हैं लोग!क्या इस देश के नागरिकों की जान की कोई कीमत नहीं एक के बाद एक हादसे हो रहे हैं परिवार तबाह हो रहे हैं लेकिन ना सरकार जाग रही और ना ही प्रशासन जागा रहा है क्या सड़कें लोगों के सुरक्षित सफर के लिए बनी थी या उनकी क़ब्रगाह बनने के लिए बनाई गई हैं।जनता का धैर्य अब जवाब दे चुका है।अब जनता मुआवजे और खोखले आश्वासन से बहलने वाली नहीं है,प्रशासन को जवाब देना होगा! नेता जो सिर्फ चुनाव में वादे करते हैं,प्रशासन जो हर मौत के बाद केवल रिपोर्ट बनाता हैं।ठेकेदार जो सड़क निर्माण में लापरवाही बरतते हैं,हाईवे अथॉरिटी जो सिक्स लेन के निर्माण में देरी करके खून की होली खेल रही है।अब वक्त आ गया है कि जनता खुद इस सिस्टम को कटघरे में खड़ा करे और लापरवाह अधिकारी एवं भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करें।

# भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, 9009601101**

**ग्वालियर।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया का मंगलवार को गोल पहाड़ियां स्थित श्री अशोक साहू के निवास पर अशोक साहू द्वारा भव्य एवं आत्मीय स्वागतका किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद से उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि हम सब मिलकर पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप पूर्ण निष्ठा के साथ काम करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और पार्टी के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा आगामी समय में जो भी कार्य हम सभी को मिले वह अपने-अपने दायित्व को पूर्ण ईमानदारी के साथ निभाए।

# शिव विवाह महोत्सव के उपलक्ष में मुस्कान एवं रोहित बंधे परिणय बन्धन में



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, 9009601101**

**ग्वालियर।** सत्य सनातन मानव धर्म महासभा ग्वालियर के तत्वाधान में शिव विवाह कथा का आयोजन किया जा रहा है इस कथा के मुख्य आयोजन कर्ता श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी ओमानंद सरस्वती महाराज जी द्वारा बताया गया की हमारे द्वारा शिव विवाह उत्सव कथा का आयोजन किया जा रहा है इस कथा के मध्य में हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि आज हमारे सभी साथियों के द्वारा गरीब बालिका का विवाह भी धूमधाम से संपन्न कराया गया आगे उन्होंने बताया कि बीनागंज गुना निवासी रोहित बारात लेकर ग्वालियर आए और कन्या मुस्कान के साथ विवाह पी जी ब्ही कॉलेज के पास सक्सेना का बाड़ा जीवाजी गंज में धूमधाम से संपन्न हुआ इस अवसर पर धार्मिक गुरु एवं समाजसेवी के द्वारा उपहार भेंट कर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## डॉक्टर ओपी वर्मा का जन्मदिन किट्टा पार्टी के सदस्यों ने हर्षोल्लास से मनाया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, 9009601101**

**ग्वालियर।** किट्टा पार्टी ग्रुप द्वारा शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में ग्रुप के सदस्य डॉक्टर ओ पी वर्मा का जन्मदिन मनाने के साथ-साथ गीतों भरी एक शाम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे ग्वालियर के मशहूर शायर अतुल अजनबी ग्रुप संयोजक राहुल गुप्ता स्पर्शी द्वारा - हमदम मेरे मान भी जाओ कहना मेरे प्यार का सुनाया डॉ जगमोहन पाल ने सुनाया आज मौसम बड़ा बेईमान है जितेंद्र तागड़े जी ने सुनाया यारी है ईमान मेरा यार मेरी जिंदगी अजय बाजपेई द्वारा जब हम नहीं होंगे तो वफा कौन करेगा* गीत सुनाया गया, इसके बाद शायर अतुल अजनबी द्वारा कार्यक्रम में अपनी जादूई शायरी से हर तरफ मस्ती बिखेर दी । भली हो या कि बुरी हर नजर समझता है, हर एक शख्स की आहट को घर समझता है

# पत्रकारों से अभद्रता एवं दुर्व्यवहार करने के पश्चात झूठे आवेदन के खिलाफ कार्यवाही के लिए एसडीएम को दिया ज्ञापन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**



**अम्बाह।** पिछले कई दिनों से बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले अवैध कृत्य का भंडाफोड़ पत्रकार बंधुओ ?द्वारा किया जा रहा था। जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हो रहीं थी तथा अवैध कृत्यों पर मिट्टी डालकर अनदेखा किया जा रहा था। जिस संदर्भ में पत्रकार बंधुओं ने ए.ई. रविकांत प्रजापति से संपर्क किया तब ए ई द्वारा मुद्दे पर चर्चा के लिए डीसी ऑफिस आने के लिए बोला जब डीसी ऑफिस में पत्रकार बंधु पहुंचे। जहां ए.ई. अनुपस्थित थे। इसके उपरांत बाहर आने पर डायवर्सन रोड पर ए.ई. रविकांत प्रजापति से औचक मुलाकात होने पर निवेदन पूर्वक उनसे 5 मिनट ऑफिस में बैठकर बाइट देने के लिए आग्रह किया गया। इसकी प्रतिक्रिया में ए.ई. रविकांत प्रजापति द्वारा मीडिया में वायरल प्रमाण देने पर ही कार्रवाई करने की बात कही, जो कि हर बार की तरह साक्ष्य लेकर मिटाने की शंका पर प्रमाण न देने पर प्रजापति तिलमिला गए और पत्रकारों से दुर्व्यवहार एवं अभद्र भाषा का प्रयोग कर उक्त स्थान से भाग निकले। जिसकी संपूर्ण घटना कमरे में कैद है। पत्रकारों से अभद्रता एवं दुर्व्यवहार करने पर कार्यवाही होने के डर से व्यक्तिगत बदले की भावना के चलते पत्रकारों के खिलाफ झूठा आवेदन भी थाने में दे दिया। जिसका कोई प्रमाण ए.ई. प्रजापति के पास नहीं है। जबकि आवेदन को झूठा साबित करने के सारे प्रमाण पत्रकार बंधुओ के पास उपलब्ध हैं।अत: श्रीमान जी से निवेदन है कि पत्रकारों के खिलाफ ए.ई. रविकांत प्रजापति द्वारा अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करते हुए पत्रकारों से अभद्रता करने एवं झूठा आरोप लगाने पर भावनाओं को आहत करने पर आईपीसी की उचित धाराओं के तहत द्वद्वह्ल की जाए। तथा उचित दंडात्मक कार्रवाई भी की जाए।

# परिवार विकास सास बहू सम्मेलन का हुआ आयोजन



**ग्वालियर।** परिवार विकास सम्मेलन (सास बहू सम्मेलन ) कार्यक्रम आयोजित वार्ड 46 नया बाजार टापू मोहल्ला क्रमांक एक आंगनवाड़ी पर आयोजित किया गया कार्यक्रम में विशेष मुख्य अतिथि के रूप में परिवार कल्याण केंद्र कंपू के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सुजाता बापट की उपस्थिति रही उन्होंने अपनी उद्बोधन में उपस्थित महिलाओं को महिला स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर स्वास्थ्य विभाग से एपीएम श्री धर्मेंद्र राणा सर उपस्थित रहे उन्होंने परिवार विकास सम्मेलन क्या है एवं शासन की गतिविधियों से अवगत कराया एवं उन्होंने महिला स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न भी पूछे जिनका महिलाओं ने संतोषजनक उत्तर दिया कार्यक्रम में संजीवनी चंद्रवदी नाका से डॉक्टर प्रियंका गोस्वामी उपस्थित रही उन्होंने महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर वं मौसमी बीमारियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय सुपरवाइजर श्रीमती अनुराधा पाराशर की उपस्थिति रही उन्होंने समस्त महिलाओं को परिवार विकास सम्मेलन की आवश्यकता क्यों पड़ी एवं उन्होंने महिलाओं को पोषण आहार एवं टीकाकरण संबंधी जानकारी दी। साथ ही परिवार नियोजन के अस्थाई और स्थाई साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग की क्षेत्रीय सुपरवाइजर श्रीमती बबीता तोमर जी उपस्थित रहीं।उन्होंने महिलाओं के खान-पान एवं महिलाओं को बताया कि महिलाएं कई बीमारियों को छुपा लेती हैं यह बहुत गलत है हमें ऐसा नहीं करना चाहिए अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए अवगत कराया कार्यक्रम में सहयोगी कार्यकर्ता श्रीमती मीना खरे श्रीमती ज्योति सोनी श्रीमती शारदा रावत श्रीमती रामवती जाटव श्रीमती रेखा रजक श्रीमती चंदा ठाकुर उपस्थिति रही कार्यक्रम के अंत में श्रीमती गीता सूर्यवंशी द्वारा सभी अधिकारी एवं महिलाओं का आभार व्यक्त किया गया।

# प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनान्तर्गत मध्यान्ह भोजन का सामाजिक अंकेक्षण

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**



**अम्बाह।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनान्तर्गत मध्यान्ह भोजन का सामाजिक अंकेक्षण जनपद पंचायत जौरा की 50 शालाओं में सम्पादित किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव के मार्गदर्शन में सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया के सम्पादन का जिला, जनपद स्तर से सतत् रूप से निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किया जा रहा है। मध्यान्ह भोजन के तहत अनुबंधित स्व-सहायता समूहों के द्वारा वितरित किये जा रहे भोजन की मात्रा, गुणवत्ता, साफ-सफाई, पेय जल व्यवस्था आदि मानक बिन्दुओं के आधार पर सामाजिक अंकेक्षण कार्य किया जा रहा है। इसके लिये चिन्हाकिंत किये गये ग्राम सामाजिक एनिमेटर (व्ही.एस.ए) का दो सदस्यीय दल बनाते हुए दो दिवस में एक शाला में सामाजिक अंकेक्षण कार्य पूरा किया जाना है। सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा सामाजिक अंकेक्षण के दौरान किचिन शेड की स्थिति, भोजन की उपलब्धता, वर्तनों की उपलब्धता, खाद्यान की स्थिति, मैन्यू अनुसार भोजन, शौचालय की वर्तमान स्थिति, माँ की बगिया की उपलब्धता, खाद्यान संग्रहण की व्यवस्था आदि बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुय सत्यापन कार्य किया जा रहा हैं। स्व-सहायता समूहों द्वारा लेखा, अभिलेखों का संधारण किया जा रहा है अथवा नहीं का भी दस्तावेजी सत्यापन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना द्वारा जनपद जौरा की चिन्हांकित शालाओं के लिये ग्राम सभा हेतु नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये गये है।

# अनुशासित जीवन ही अपराधों से बचने का एक मात्र तरीका है

**श्योपुर।** म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री पवन कुमार शर्मा के आदेश के पालन में जिला न्यायालय श्योपुर के न्यायाधीशगण व जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्योपुर द्वारा आज आवासीय विद्यालय, ढेंगदा में कानूनी रूप से जागरूक करने हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त जागरूकता शिविर में उपस्थित छात्राओं को श्रीमती शिखा शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्य के बारे में विस्तृत रूप बताया साथ ही बाल विवाह से संबंधी कानूनी उपबंध, बाल अधिकार, व नालसा की स्कीम- एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सहायता, नालसा की स्कीम- बच्चौ के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाये व उनके संरक्षण के लिये विधिक साक्षरता योजना, नालसा की स्कीम- नशा पीड़ितों के लिये विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिये विधिक सहायता योजना, नालसा एप, लीगल हेल्प लाईन नम्बर 15100, महिला हेल्प लाईन नम्बर 181 के बारे में समझाते हुये इनकी उपयोगिता को भी बताया। इसी के साथ ही सायबर अपराध के बारे में अवगत कराते हुये उनसे बचने के तरीकों को बताया गया। इसी क्रम में सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री लालजी राम मीणा द्वारा शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को कैरियर के संबंध में काउंसिल किया गया जिसमें उन्हें पढाई करने के तरीके, कार्य करने की समझ आदि के बारे में अवगत कराया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भिंड की दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

## प्रभावितों को 4 - 4 लाख रुपए की सहायता देने के निर्देश



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड जिले के जवाहरपुरा गांव के नजदीक नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। इस दुर्घटना में कुछ लोगों के असामयिक निधन का समाचार मिला है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि दुर्घटना में काल कवलित मृतकों के सभी शोकाकुल परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस दुर्घटना में घायल नागरिकों के समुचित उपचार की व्यवस्था के लिए भिंड जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है। सड़क दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि और गंभीर घायलों को एक एक लाख एवं सामान्य घायलों को 50-50 हजार की राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि दिवंगतों की आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे।

# रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 कैम्प में सभी गंभीर बीमारियों का इलाज करायें : विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर

## विधानसभा अध्यक्ष ने दिमनी और खड़ियाहार में ग्रामीणों को किया संबोधित




**मुरैना।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 जिला मुख्यालय मुरैना पर 26 मार्च से 02 अप्रैल, 2025 तक लगाया जा रहा है। विधान सभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि वृहद स्वास्थ्य शिविर में दिल्ली, ग्वालियर, भोपाल, मुम्बई के ख्याति प्राप्त डॉक्टरों द्वारा गंभीर मरीजों का इलाज किया जायेगा।जिनका इलाज जिला मुरैना में संभव होगा उनका इलाज यही कराया जा सकेगा। इसके अलावा गंभीर बीमारियों जो कि हार्ट, लीवर से जुड़े मरीजों का आवश्यकता पड़ने पर बाहर के अस्पतालों में इलाज कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुरैना जिले में स्वास्थ्य स्क्रीनिंग शिविर 19 स्थानों पर लगाये जा रहें है। इसके अलावा भिण्ड, श्योपुर जिलों में भी यह स्वास्थ्य शिविर लगाये जा रहें है। मुरैना जिले में अभी तक 50 हजार लोगों ने पंजीयन कराये है, इनमें से कुछ मरीजों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में संभव हो जाएगा। इसके साथ ही गंभीर बीमारी वाले मरीजों को चिन्हित कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग स्क्रीनिंग शिविरों में छोटी से बड़ी बीमारीयों का परीक्षण करायें। जो लोग अभी भी इन शिविरों में छूट गये है, वे लोग जिला मुख्यालय पर 22 से 28 फरवरी तक स्क्रीनिंग शिविरों में उपस्थित होकर अपनी बीमारी का परीक्षण करा सकते है। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि पिछले वर्षो में मुरैना-श्योपुर जिलों में नेत्र शिविर लगाये गये थे, जिसके अंतर्गत लगभग 5 हजार लोगों के ऑपरेशन कराये गये थे। उनकी आँखों की रोशनी वापस आ गई है। इसी प्रकार टी.बी. के मरीजों के लिये अभियान चलाया गया था जिसमें उन्हें दवा देकर पोषण आहार की सामग्री से संबंधित किट उपलब्ध कराई गई थी, जिससे लोगों को काफ़ी फ़ायदा मिला था। कई लोग टी.बी. की बीमारी से मुक्त भी हो चुके है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि अधिक से अधिक लोग स्क्रीनिंग शिविरों में आये अपना पंजीयन करवाकर अपनी बीमारी का इलाज जरूर करायें। स्क्रीनिंग शिविर को संबोधित करते हुये मुरैना-श्योपुर के सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि जो लोग इस शिविर में आये है वह पंजीयन करवा कर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवायें। अभी भी कई लोग बीमारियों से पीड़ित होंगे, किन्तु वह पंजीयन से वंचित रह गए है। वह लोग 22 से 28 फरवरी तक मुरैना में लगने वाले स्क्रीनिंग शिविर में अपना परीक्षण करायें। आप सभी लोग अपने आसपास के लोगों एवं संबंधितों को भी इन स्वास्थ्य स्क्रीनिंग शिविरों की जानकारी अवश्य दें ताकि वे लोग भी इन शिविरों का लाभ लें सके।

# देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का बजट : सांसद गणेश सिंह




**सीधी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर भारत केंद्रीय बजट 2025/26 पेश किया गया है। जो 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को दर्शाता है। पेश किया गया बजट समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन स्तर को उठाने वाला साबित होगा। युवा, अन्नदाता किसान, गरीब और नारी शक्ति के उत्थान पर केंद्रित बजट को 140 करोड़ भारतीयों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित केंद्रीय बजट की विशेषताएं विषय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सतना लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता ने व्यक्त की। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक विशिष्ट रूप से उपस्थित रही। पत्रकार वार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने किया।

सतना सांसद गणेश सिंह ने कहा कि बजट समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए बनाया गया है। इसके साथ ही विकसित भारत की संकल्पना को आधार देने के लिए भी यह बजट प्रभावी होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन सबका साथए सबका विकास के लक्ष्य लेकर भारत विकसित और विश्व गुरु बने, इस विजन को परिलक्षित करता है। मुख्य वक्ता सतना सांसद गणेश सिंह ने कहा कि 2014 के बाद भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर सबसे तेज गति से बढ़ाने वाली अर्थव्यवस्था है। कोविड काल में जहां विश्व की महा आर्थिक शक्तियों ने घुटने टेक दिए थेए वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 80 करोड़ से अधिक लोगों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराकरए जनता जनार्दन की सेवा की है। इसके पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा मुख्य वक्ता सांसद गणेश सिंह, सीधी सांसद डॉ राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक का माल्यार्पण एव पुष्प गु'छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। सीधी विधायक श्रीमती रीति पाठक ने शाल श्रीफल से मुख्य वक्ता गणेश सिंह का स्वागत किया।

# मारपीट के आरोपियों को एक वर्ष की सजा



**सीधी।** न्यायालय के द्वारा आरोपी सागर कुशवाहा पिता राजरूप कुशवाहा निवासी ग्राम अमडिहा थाना बहरी को भारतीय दण्ड संहिता की धारा ×25 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध के आरोप में दोषसिद्धि पर एक वर्ष का सश्रम कारावास तथा एक हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। तथा अभियुक्त राजरूप कुशवाहा पिता साधू कुशवाहाए उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम अमडिहा बहरी को भारतीय दण्ड संहिता धारा ×24 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध के आरोप में दोषसिद्धि पर एक वर्ष का सश्रम कारावास तथा एक हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। बताया गया कि फरियादी पैश्वनी कुमार पाण्डेय ने रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि उसके घर के सामने ग्राम अमडिहा में राजरूप कुशवाहा सागर कुशवाहा कैलाश यादव के साथ पुरानी बात को लेकर झगड़ा कर रहे थे। झगड़ा करने से मारने पर राजरूप कुशवाहा व सागर कुशवाहा ने उसके साथ गाली गलौज की। गाली गलौज से मना करने पर राजरूप ने उसके साथ लाठी से तथा सागर कुशवाहा ने पत्थर से उसके साथ मारपीट की तथा उसे जान से खत्म करने की धमकी दी। पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पश्चापत् अभियोग पत्र न्यायालय सीधी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री सीनू वर्मा के द्वारा आरोपीगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया।

## इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन के निर्देश

**सीधी।** प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन कोष एवं लेखा के आईएफएमआईएस पोर्टल के माध्यम से तैयार होता है। पोर्टल में प्रत्येक शासकीय सेवक की इम्पलाई प्रोफाइल बनी हुई है जिसमे समस्त विवरण दर्ज हैं। संचालक कोष एवं लेखा में इम्पलाई प्रोफाइल को समग्र आईडी से सत्यापित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी मुकेश तिवारी ने बताया कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख उनके अधीन पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन करके आधार संख्या से लिंक कराएं। सभी शासकीय कर्मचारी इम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी को दर्ज कर सत्यापित कर सकते हैं।

# विधायक श्रीमती पाठक ने मौहरिया में 141.70 लाख के स्टेडियम निर्माण का भूमिपूजन किया

**स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को निखारने में सहायता मिलेगी - विधायक सीधी**



**सीधी।** विधायक श्रीमती रीती पाठक द्वारा ग्राम मौहरिया में नवीन स्टेडियम निर्माण का भूमि पूजन किया गया। मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी द्वारा मौहरिया में 141.70 लाख रुपये लागत से नवीन स्टेडियम का निर्माण किया जावेगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह एवं देव कुमार सिंह चैहान की विशिष्ट उपस्थिति रही। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन की सरकार सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को निखारने में सहायता मिलेगी। क्षेत्र के युवाओं की क्षमता में वृद्धि होगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता की मांग के आधार पर क्षेत्र का सतत विकास किया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। विकास का काम धरातल पर दिखेगा जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, ग्राम पंचायत मौहरिया की सरपंच शिवकुमारी सिंह, उपखण्ड अधिकारी नीलेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी, अमन पाठक, पुष्पराज सिंह, सहित जनप्रतिनिधिगण, एसडीओ आरईएस, उपयंत्री, एपीओ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए पंजीयन जारी



**सीधी।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 20 जनवरी से शुरू हो गया है। पंजीयन ×1 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि किसान प्रस्तावित खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गयी है। केवल पंजीकृत किसानों को ही गेंहू उपार्जन का लाभ दिया जायेगा।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल सीधी का निरीक्षण



**सीधी।** मध्यप्रदेश रा'य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनू जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला द्वारा जिला जेल सीधी में मंगलवार दिनांक 18-02-2025 को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजन के साथ जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया गया। उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर ने बंदियों से अधिवक्ता, जेल में भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सकीय मेल-मिलाप तथा अन्य समस्याओं के संबंध में पूछताछ की तथा बंदियों को उनके अधिकार संबंधी जानकारी दी।

शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोनू जैन ने उपस्थित बंदियों को अपील एवं पेरोल के अधिकार तथा विधिक सहायता योजना की जानकारी दी गई। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला ने बंदियों को जानकारी देते हुए कहा कि निःशुल्क विधिक सहायता तहसील एवं जिला न्यायालय के साथ उ'च न्यायालय में उ'च न्यायालय विधिक सेवा समिति तथा उ'चतम न्यायालय में उ'चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के माध्यम से उपलब्ध होती है। उक्त शिविर में जेल अधीक्षक रविशंकर सिंह, उप जेल अधीक्षक कृष्ण कुमार तिवारी, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, उमाकांत शुक्ला सहित समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 114 आवेदकों की समस्याएं



**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 114 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम बेलहा से आये अनिल शाह ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि जन्म से पैर से दिव्यांग होने के कारण चल नहीं पाता यदि ट्राइसाइकिल मिल जाए तो समस्या का निराकरण हो जाये। इसी प्रकार जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम हटवा से आए लवकुश साकेत ने बताया कि पैर में दिक्कत होने के कारण कहीं आने जाने में समस्या हो रही है। कलेक्टर ने शिकायत का तत्काल निराकरण सामाजिक न्याय विभाग से कराया। साथ ही उनकी शारीरिक की स्थिति को देखते हुए अनिल को ट्राई साइकिल और लवकुश को वैशाखी प्रदान कराई। आज समस्या का त्वरित निराकरण होने पर अनिल और लवकुश खुश और संतुष्ट दिखे।

## द्वितीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोजन आज




**सीधी।** जिला एथलेटिक्स संघ सीधी के तत्वाधान में द्वितीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन 19 फरवरी बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 परिसर खेल मैदान में सुनियोजित है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीधी विधायक रीति पाठक व कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा देव कुमार सिंह व कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज पांडे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष, जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष राहुल वर्मा, एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष माखन मिश्रा, सचिव रोशन जायसवाल व सीधी जिले के शासकीय और अशासकीय खेल शिक्षक के उपस्थित रहेंगे।

## रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले में 67 आवेदको का प्राथमिक चयन

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आई.टी.आई. सीधी एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी के संयुक्त तत्वाधान में 18 फरवरी 2025 को शासकीय आई.टी.आई. मड़रिया सीधी के परिसर में एक दिवसीय ''युवा संगम'' संयुक्त रूप से रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में देश/प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की 04 कंपनियो ने भाग लिया जिसमे 96 युवक एवं युवतियों ने अपना पंजीयन कराया एवं 67 आवेदको का प्राथमिक चयन किया गया। स्वरोजगार से संबंधित विभाग जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी, म.प्र. ग्रामीण आजीविका मिशन, आर-सेटी सीधी, जनजातीय कार्य विभाग सीधी, उद्यानिकी सीधी ने अपने विभागो में चलने वाली स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर आवेदको को स्वरोजगार संबंधी सलाह दी।



# पर्यावरण की रक्षा करना मानव का प्रथम कर्तव्य हैं : -ब्रह्मचारी जी

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

सोजनी धाम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बड़े धूमधाम से कथा प्रवचन कार्यक्रम चल रहा है इस कथा को सुनने के लिए ग्रामीण क्षेत्र की जनता बड़ी संख्या में पहुंच रही है और कल भागवत कथा का समापन है। आज छठवें दिन की कथा में ब्रह्मचारी जी ने पर्यावरण को लेकर की चिंता व्यक्त की है और कहा कि हमारे क्षेत्र के वन बड़ी मात्रा में कट रहे हैं यह बहुत चिंता का विषय है जिसकी वजह से हमारी नदियों का पानी सूख रहा है और जलस्तर गिर रहा है और प्रकृति जो है मौसम में परिवर्तन कर रही है उसकी वजह है कि हम मानव जाति के लोग जंगल का दोहन कर रहे हैं और उनकी रक्षा हमें करना चाहिए जिसकी वजह से हमें सांस मिलती है और पानी की उपलब्धता रहती है जिसकी वजह से हमारा जीवन चलता है। आज की प्रसंग में उन्होंने सीधी सीधी बात रही कि गर्मियों के दिन में आप कितने ही खेतों में कुदाल चलाओ आपके बीज नजर नहीं आएगा लेकिन जैसे ही बरसात होती है तो हजार पौधे पनप जाते हैं उसकी वजह है की प्रकृति का जो नियम है उस नियम के तहत वर्षा होती है और वर्षा के कारण जो है सारे पौधे पनप जाते हैं।



**प्रकृति के रहस्य :-** के बारे में उन्होंने कहा कि यह धरती माता के अंदर एक गूढ़ रहस्य उस रहस्य को आज तक कोई नहीं समझ पाया और परमात्मा उसका सर्जन हार है इसलिए उन्होंने बार-बार जनता से निवेदन किया कि पर्यावरण को बचाए रखना हमारा कर्तव्य यही हमारे जीवन की रक्षा कर सकता है।

इंद्र महराज भगवान से क्षमा मांगने के लिए कामधेनु का सहारा लेना पड़ा क्यों भी क्योंकि समझौता के लिए एक बीच के व्यक्ति की जरूरत होती है बड़े सरल और सहज रूप से उन्होंने बताया कि हमें गौ माता की सेवा करना चाहिए और आज गौ माता सड़क पर भटक रही है यह हमारे लिए अभिशाप का कारण बन सकती है इसलिए प्रति एक मानव को गौ माता की सेवा करना चाहिए और अब गायों को सड़कों पर ना छोड़े यही क्षेत्र की जनता से उन्होंने अपील की। आज कृष्ण और रुक्मणी की शादी बड़े धूमधाम से मनाई गई और क्षेत्र की जनता ने एक दूसरे को हल्दी लगाकर की बधाइयां दी महिलाओं ने विशेष रूप से एक दूसरे को हल्दी लगाकर बधाई दी बड़ा ही विहंगम दृश्य था। और मंच से उद्घोषणा हुई कि कल 12:00 बजे से कथा शुरू हो जाएगी और 2:00 बजे कथा का समापन होगा क्योंकि कल समापन का दिन है भंडारा भी होगा इसलिए क्षेत्र की जनता से अपील की गई कि कल 12.00 बजे कथा सुनने के लिए पहुंचे।

# श्री श्री सीतारामदास ओंकारनाथ देव का आविर्भाव उत्सव मनाया गया



**दीपक तोमर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ**

**मंडलेश्वर।** अखिल भारत जय गुरु सम्प्रदाय के संस्थापक गुरुदेव श्री श्रीसीतारामदास ओंकारनाथ देव का आविर्भाव उत्सव जूना श्रीराम मन्दिर में मनाया गया।इसके अंतर्गत रविवार की रात्रि में भजन संध्या सोमवार को प्रातः गुरूपादुका अभिषेक पूजन संत पूजन तथा नाम संकीर्तन हुआ।इस अवसर पर गुरुभक्तों द्वारा नाम संकीर्तन फेरी निकाली गई पश्चात गुरुदेव की महाआरती हुई तथा भण्डारा हुआ जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# साइबर तहसील में 3556 प्रकरणों का हुआ निराकरण

## साइबर तहसील प्रणाली से क्रेताओं को मिल रही है सुविधा

**दीपक तोमर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ**

**खरगोन।** साइबर तहसील प्रणाली 01 अप्रैल 2024 से खरगोन जिले में भी प्रारंभ हो गई है। साइबर तहसील के अंतर्गत खरगोन जिले के विभिन्न तहसील न्यायालय व नायब तहसीलदार न्यायालय में अब तक नामांतरण के 3855 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें से 3556 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। शेष प्रकरण प्रक्रियाधीन है। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि साइबर तहसील के प्रकरणों का निराकरण तत्परता के साथ समय-सीमा में करें।

यह योजना भूखंड के रजिस्ट्री के दोनों पक्षकार जिसमे क्रेता और विक्रेता होते है, विशेष कर क्रेता के लिए वरदान साबित हुई है, क्योंकि उसे रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की प्रक्रिया में समय व इसमें होने वाले खर्च की बचत हो रही है। साइबर तहसील में रजिस्ट्री के बाद समय सीमा में नामांतरण की प्रक्रिया पारदर्शी रूप से हो जाती है।साइबर तहसील प्रणाली के अंतर्गत तहसीलदार कसरावद द्वारा 318, नायब तहसीलदार कसरावद द्वारा 117, नायब तहसीलदार खरगोन द्वारा 71, तहसीलदार खरगोन नगर द्वारा 75, तहसीलदार झिरन्या द्वारा 39, नायब तहसीलदार वृत्त 2 बड़वाह द्वारा 166, तहसीलदार महेश्वर द्वारा 257, अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त करही द्वारा 339, तहसीलदार सनावद द्वारा 222, नायब तहसीलदार बलकवाड़ा द्वारा 75, तहसीलदार खरगोन द्वारा 80, नायब तहसीलदार झिरन्या द्वारा 75, नायब तहसीलदार वृत्त 1 बड़वाह द्वारा 273, तहसीलदार भगवानपुरा द्वारा 89, तहसीलदार सेगांव द्वारा 76, तहसीलदार बड़वाह द्वारा 201, तहसीलदार भीकनगांव द्वारा 286, नायब तहसीलदार भीकनगांव द्वारा 148, नायब तहसीलदार वृत्त कानापुर द्वारा 108, नायब तहसीलदार वृत्त बेड़िया द्वारा 85, अपर तहसीलदार खरगोन द्वारा 71, तहसीलदार गोगावां द्वारा 187, नायब तहसीलदार बिस्टान द्वारा 82 एवं नायब तहसीलदार मंडलेश्वर द्वारा 116 प्रकरणों का निराकरण किया गया है।उल्लेखनीय है कि राजस्व प्रकरणों की निराकरण में सुगमता लाने के लिए साइबर तहसील की अवधारणा एमपीएसईडीसी द्वारा बनायी गई है। प्रदेश में राजस्व प्रकरणों के निराकरण को सुविधाजनक और पारदर्शी बनाने के लिए प्रदेश सरकार 01 अप्रैल 2024 से साइबर तहसील योजना प्रारंभ की गई है।साइबर तहसील की प्रक्रिया में रजिस्ट्री होने के बाद क्रेता के नाम से तहसीलदार लॉगिन में आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज हो जाता है। तहसीलदार लॉगिन से पटवारी रिपोर्ट के लिए ऑनलाइन ही जानकारी भेज दी जाती है। इसमें यह फायदा है कि पटवारी यदि निश्चित समय पर रिपोर्ट पेश नहीं करता है, तो साइबर तहसीलदार विधिवत आदेश पारित कर देता है तथा आदेश का अमल भी साइबर तहसीलदार करता है, अमल करने में पटवारी की आवश्यकता नहीं होती है।

# उज्जैन की बिटिया ने जीता गोल्ड, मार्शल आर्ट में जबलपुर में मारी बाजी

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

उज्जैन की बिटिया पूजाचौहान ने ड्रैगन मार्शल आर्ट मध्य प्रदेश के अंतर्गत जबलपुर में मारी बाजी नवीन विशवकर्मा (अध्यक्ष- डैगन मार्शल आर्ट्स मध्यप्रदेश के सान्निध्य में जबलपुर में नर्मदा ओपन कराटे चैम्पियनशिप का आयोजन सिंधी धर्मशाला घंटाघर मे संस्कारधानी जबलपुर के कराटे चैम्पियंस को टूर्नामेंट के माध्यम से अपने हुनर को निखारने में मदद करने की कोशिश कर रहे है, और उज्जैन की बिटिया पूजा चौहान (फस्ट डिग्री ब्लैक बेल्ट ने नर्मदा ओपन कराटे टूर्नामेंट में उज्जैन से अपनी बच्चों के साथ हिस्सा लिया, उज्जैन से विजय श्रीपाल ने गोल्ड एवं ब्राउज़, आयुष श्रीपाल ने दो ब्राऊज, मंयक श्रीपाल ने सिल्वर एवं ब्राऊज,भोजराज श्रीपाल सिल्वर एवं ब्राऊज, हर्षित सोंलकी ने गोल्ड एवं सिल्वर विभान गुप्ता ने दो गोल्ड जीते। पूजा चौहान मैम ने गोल्ड मेडल जीता (कता एवं



कुमिते मे 72-74 बेट कैटिगरी मे ) दो गोल्ड मेडल जीतकर उज्जैन शहर का नाम रोशन किए। नर्मदा ओपन कराटे टूर्नामेंट* का आगाज़ जुनियर कराटे किड्स के अभूतपूर्व करतबों से किया के. अनिरूद्धा (जुनियर ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डिग्री)ने टाईल्स ब्रैक करके विशिष्ट अतिथिगण का आशीर्वाद लिया,

नवीन विशवकर्मा ने आज बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया, और कहा, सोचना नहीं चाहिए, शुरुआत करनी चाहिए, मुकाबला नहीं करना, अपने को साबित करना, बताना नहीं, करके दिखाने की कोशिश करते रहना चाहिए। इसी हौसले ऑन के साथ सभी ने भाग लिया वह गोल्ड मेडल जीतकर उज्जैन का नाम रोशन किया पूजा चौहान ने पहले भी जबलपुर में बाजी मारी थी और उज्जैन में भी कई बार अपने स्कूल उज्जैन का नाम रोशन किया

## भोपाल में अन्नु कपूर और कुमार के साथ लाइव अंताक्षरी

**भोपाल।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता अन्नु कपूर और प्रसिद्ध गीतकार और आईआईटी के पूर्व छात्र कुमार की मेजबानी में भोपाल में शुक्रवार को लाइव अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता रवींद्र भवन में हुआ। इस दौरान कुमार ने कहा कि, भोपाल संगीत और संस्कृति का शहर है और हम इस अंताक्षरी के माध्यम से इसकी विरासत को फिर से जीवंत कर रहे हैं। यह आयोजन शहर की प्रतिभाओं को एक नया मंच देगा और संगीत के साथ सांस्कृतिक मूल्यों को भी बढ़ावा देगा। ऑर्गेनाइजर कमेटी ने बताया कि, यहां पर हर प्रतिभागी को हर एक गाने पर प्राइस दिया गया।

# पाण्डव सेना ने सरपंच व सचिव पर कार्यवाही को लेकर ज्ञापन दिया

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

**महिदपुर।** ग्राम सगवाली में सरपंच सचिव द्वारा समाज के धारासिंह पिता मांगीलाल (बागरी समाज) का अवैध तरीके से मकान तोड़ने पर कार्यवाही को लेकर पाण्डव सेना विरोध प्रदर्शन के साथ ज्ञापन दिया। महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम तहसीदार महिदपुर को दिए ज्ञापन में बताया कि ग्राम सगवाली तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के सचिव एवं सरपंच द्वारा बागरी समाज के धारासिंह पिता मांगीलालजी का मकान अवैध तरीके से तोड़ा गया एवं सचिव



एवं सरपंच की प्रताड़ना से परेशान होकर धारासिंहजी की बालिका ने कीटनाशक की दवा पीकर आत्महत्या का प्रयास किया गया। सरपंच सचिव द्वारा आये दिन ग्रामवासीयों को प्रताड़ित करते आ रहे है आज दिनांक तक महिदपुर रोड़ पुलिस थाना, जनपद पंचायत सी.ई.ओ. एवं एस.डी.एम. महिदपुर द्वारा इनके प्रति कोई भी कार्यवाही नही की गई। ज्ञापन पाण्ड़व सेना महिदपुर, उज्जैन, मध्यप्रदेश (बागरी समाज) प्रदेश अध्यक्ष परशुराम सिसौदिया एवं अमृतलाल परमार के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष गोकुल बोड़ाना एवं समाजजनों के नेतृत्व में देकर सरपंच सचिव पर पुलिस एफ.आई.आर. दर्ज करने एवं सचिव को पद से निलम्बित करने, व पीड़ित परिवार को उचित सहायता देने की मांग की गई।

# ओ पी एम प्लांट के अंदर प्लांट के कर्मचारी ने शौचालय के अंदर लगाई फांसी

**अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट केसरिया हिंदुस्तान**

**शहडोल।** ओरियंट पेपर मिल, कागज कारखाने में कार्यरत स्थाई श्रमिक राजेश तिवारी ने अज्ञात कारणों से प्लांट के अंदर स्थिति शौचालय में फांसी लगा ली है, घटना अभी से कुछ देर पद्धहले की बताई गई है, सूचना के बाद अमलाई पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस की मौजूदगी में शौचालय का दरवाजा खुलवाया गया, मिल प्रबंधन की ओर से यह बताया गया कि स्थाई कर्मचारी संभवतः कैंसर की बीमारी से पीड़ित था और संभवतः इसी परेशानी से उसने आत्मघाती कदम उठाया है। घटना स्थल के छायाचित्र सोशल मीडिया में सामने आये हैं, जिसके बाद मृतक के फांसी के फंदे में झूलने के दौरान फंदे की स्थिति और घुटने के बल लगभग बैठने की मुद्रा को लेकर यह चर्चाएं हो रही है कि मृतक ने फांसी लगाई या फिर मामला कुछ और है।

# अपर कलेक्टर श्री शर्मा की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित

## आमजन से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभागार में आज जनसुनवाई आयोजित की गई। अपर कलेक्टर श्री एचबी शर्मा ने संबंधित अधिकारियों के साथ जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

**जनसुनवाई में 31 आवेदनों पर सुनवाई के दौरान अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश :-**

जनसुनवाई में आज आमजन से प्राप्त 31 आवेदनों पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान




आवेदक की जमीन पर अनाधिकृत रूप से कब्ज़ा किए जाने के संबंध में संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने क्षतिग्रस्त कुएं की मरम्मत के आवेदन पर मरम्मत कार्य के निर्देश दिए। साथ ही पेंशन, खाद्यान्न, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर एसडीएम निवाड़ी श्री अनुराग निंगवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री राजेन्द्र मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री विनीता जैन, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा जैन, जिला प्रबंधक लोकसेवा श्री नितेश जैन, जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री सरिता अग्रवाल एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# खड़े डंफर से टकराई यात्री बस 9 यात्री घायल




**तेंदूखेड़ा मंगलवार को दोपहर लगभग तीन बजे के लगभग**

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

**तेंदूखेड़ा।** गाडरवारा सड़क मार्ग पर ग्वारी के समीप खड़े डंपर में एक यात्री बस क्रमांक एमपी 19 पी 1669 टकरा गई जिसमें लगभग दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं बाकी 7 यात्रियों को छुट पुट चोटें आई हैं जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया गया।बस चालक मौके से फरार हो गया है।हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा से गाडरवारा के लिए जा रही एक यात्री बस ग्वारी के समीप पिछले दो दिनों से बिगड़ी हालत में खड़े एक डंफर से भिड़ गई । जिसमें अंकित पटेल पिता संतोष पटेल 20 साल मनकापुर निवासी तथा देवरी जिला सागर पंचम जोगी पिता शंकर जोगी 45 साल को गंभीर चोटें आई हैं। अन्य घायलों में स्कूली छात्राएं भी शामिल हैं जो स्कूल से अपने घर वापस जा रही थी। घायलों में निकिता बाई पिता मोहन केवट उम्र 17 साल पहले ग्राम भामा भाग्यवती श्रीवास पति इन्द्रजीत श्रीवास उम्र 48 ग्राम भामा गुडडीबाई पति संजू धानक उम्र 35 ग्राम बरमान जयश्री पिता राजकुमार लोधी उम्र 17 वर्ष ग्राम बरियाघाट संजू धानक पिता हल्के धानक उम्र 40 वर्ष ग्राम बरियाघाट गब्बर उई?के पिता वाली सिंह उईके उम्र 21 वर्ष ग्राम करौंदी राजकुमार पिता गौरेलाल पटेल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्वारी प्रमुख रुप से शामिल हैं ।

# जो संयम में खडा है वही सबसे बडा है : मुनि आस्तिक्य सागर

**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा आज मनुष्य साधनों की रंगीन दुनिया मे इतना रम गया है कि साधना को भूला गया है भौतिक सुख सविधाओ के साधन जुटाने में सारी उमर निकली जा रही है संयम साधना से कोसों दूर है। वालों में तो सफेदी आ गयी है परन्तु वस्त्रों में सफेदी नहीं आई है संयम साधना विहीन जीवन दीमक लगे वृक्ष के समान होता है कब धराशायी हो जाये इसका कोई भरोसा नहीं है। यह मानव रुपया पैसा धन दौलत कोठी बंगलों इज्जत शोहरत से अपने को बडा मानता है परंतु सत्य तो यह है कि जो संयम में खडा है वही सबसे वडा है। उक्ताशय के उद्गार चर्या शिरोमणि आचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि आस्तिक्य सागर जी महाराज ने दिगम्बर जैन मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुये धर्मसभा में व्यक्त किये। संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के ईसवी सन् के अनुसार 18 फरवरी को प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर अपनी भावांजलि व्यक्त करते हुये




संघस्थ मुनि प्रणीत सागर जी महाराज ने कहा कि साधु जीवन के छह सोपान हुआ करते हैं दीक्षा काल शिक्षाकाल गणपोषणकाल आत्मसाधना काल सल्लेखना काल और उत्तमार्थकाल आचार्य विद्यासागर जी महाराज का जीवन इन छहों सोपानों की कसौटी पर खरा रहा है आज आवश्यकता है आचार्य श्री के कृतित्व को विश्व के कौने कौने तक प्रसारित करने की तभी हम आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सच्चे भक्त, कहला सकते हैं। एक वार आचार्य श्री के दर्शन किये थे जिसका महान फल मुझे ये मिला की मेरे हाथों में भी पिच्छी कमंडल आ गया में भी विद्यासागर जैसा दिगंबर वन गया। इसके पूर्व सुबह 8 वजे तेंदूखेडा नगर में द्वय युगल मुनियों (गृहस्थावस्था के सगे जुडवा भाई ) 108 मुनि श्री प्रणीत सागर महाराज एवं 108 मुनि आस्तिक्य सागर जी महाराज का शुभागमन हुआ सकल जैन समाज जनों ने भव्य मंगल आगवानी की ब्रम्हचारी विजय भैया का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ भैयाजी ने भी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रति अपनी भावांजलि व्यक्त की कार्यक्रम का संचालन पं कमल कुमार शास्त्री एवं महीष मोदी ने किया। संध्या वेला में 1008 दीप प्रज्ज्वलित करके महाआरती की गई।

# जनसुनवाई में आए कुल 91 आवेदन



**धार से केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन**

**धारा।** अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर जगदीश मेहरा और एसडीएम रोशनी पाटीदार ने भी आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस जनसुनवाई में कुल 91 आवेदन प्राप्त हुए। इस जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, अतिक्रमण हटाने, अवैध कब्जा हटवाने ,भूखंड का पट्टा दिलवाने, अतिक्रमण हटाने, वन अधिकार पट्टा दिलवाने, बीमारी के लिए आर्थिक सहायता दिलवाने, एरिया राशि का भुगतान करवाने इत्यादि संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

# भव्य शिव बारात की तैयारियां तेज,आठ राज्यों के कलाकार देंगे प्रस्तुति

## दर्शनीय एवं ऐतिहासिक होगा नगर में भगवान भोलेनाथ की बारात का आयोजन-राजीव गुजराती

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सीहोर/शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर शिवरात्रि उत्सव समिति सीहोर के तत्वाधान में भव्य अलौकिक और दर्शनीय शिव बारात की युद्ध स्तर पर पर तैयारीया की जा रही है। चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि नगर के शिव बारात चल समारोह मे भगवान भोले नाथ की बारात 26 फ़रवरी को शाम 4ः00 बजे श्री बटेश्वर महादेव इंदौर नाके से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री काशीपति विश्वनाथ मंदिर हनुमान फाटक कस्बे में भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ संपन्न होगी। भव्य शिव बारात चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया की चल समारोह में कई अनूठे और दर्शनीय आयोजन किये जायेंगे वही बाबा महाकाल की अलौकिक झाकिया निकाली जाएगी। शिवरात्रि उत्सव से नगर में एक अलग ही आलौकिक माहौल रहता है इस दिन शिवालयों में पूजा अर्चना की जाती है वही नगर में एक भव्य चल समारोह महाशिवरात्रि उत्सव समिति सीहोर के तत्वाधान में निकाला जाता है। महाशिवरात्रि उत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव गुजरती एवं संस्थापक लोकेश सोनी ने बताया कि नगर के शिव बारात चल समारोह ने अपनी एक अलग प्रतिष्ठा स्थापित की है, हज़ारो की संख्या में शिव भक्त बाराती के रूप में शामिल होते है, इस वर्ष भी समिति द्वारा भगवान भोले नाथ की बारात तैयारी युद्व स्तर पर की जा रही है । भव्य शिवबारात चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती



ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक भव्य चल समारोह धर्ममय माहौल में निकाला जाएगा। इस चल समारोह में कई अनूठे और दर्शनीय आयोजन किये जायेंगे वही बाबा महाकाल की अलौकिक झाकिया निकाली जाएगी। शिव बारात चल समारोह में इस वर्ष भी इस वर्ष भी शिवरात्रि महोत्सव पर देश भर के कलाकार आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे, कार्यक्रम में बॉलीवुड फ़ेम रोहन रुद्राक्ष एण्ड ग्रुप दिल्ली, श्री हनुमंत ध्वज परहक, महाकाल कला समूह कोटा राजस्थान,नितिन गिल आर्ट ग्रुप पंजाब,कृष्णा जी म्यूजिक ग्रुप दिल्ली, महाकाल भक्त मण्डल बेरागढ़, इन्दौर, भोपाल, बैरसिया, की आकर्षक झाकियां, वृंदावन की रासलीला, राजस्थान का घुमर,12 ज्योर्तिलिंग के दर्शन बाबा महांकाल के दर्शन,वीर गुप्ता अघोरी ग्रुप हरियाणा की प्रस्तुति दी जाएगी,महाकाल आर्ट ग्रुप कोटा, वहीँ इंदौर के कलाकारों द्वारा बाबा महाकाल की झांकिया कार्यक्रम में सुंदरता अपने रंग बिखेरेंगी, स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई जा रही भगवान भोलेनाथ के आदि योगी स्वरूप की भव्य प्रतिमा के साथ भक्तो को 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन होंगे वही दूसरी रास लीला शिव तांडव की प्रस्तुति दी जाएगी। समिति के अध्यक्ष राजीव गुजराती एवं संस्थापक लोकेश सोनी ने बताया कि कलाकारों की प्रस्तुति हेतु चलसमरोह मार्ग पर आठ पॉइंट निर्धारित किये गए है कार्यक्रम की व्यापक तैयारी समिति द्वारा की जा रही है। समिति के अथक प्रयासों से कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# छ वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाला दुष्कर्मी 12 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार,भेजा जेल

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद के जैथरा थाना क्षेत्र में छः वर्षीय मासूम के साथ दरिंदगी करने वाला दुष्कर्मी जैथरा थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार ।जैथरा थाना पुलिस में बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी भीम सेन पुत्र राधेश्याम उम्र 43 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार जैथरा थाना क्षेत्र में बीते बुधवार घर के बाहर हिस्से में लेकर जाकर रिश्ते का मामा




लगने वाले आरोपी ने मासूम के साथ कुकर्म किया था डरे सहमे परिवार ने जैथरा कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करवाई थी।मासूम बच्ची के पिता की लिखित तहरीर पर जैथरा थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की कर दी।पुलिस ने मुखबिरों का जाल बिछाकर कर आरोपी को नगरिया बंबा मोड के समीप से गिरफ्तार कर लिया है ।आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म के साथ साथ पोस्को एक्ट के तहत कार्यवाही की है।गिरफ्तार करने वाले पुलिस कर्मियों में प्रभारी निरीक्षक जैथरा शम्भूनाथ,उप निरीक्षक संदीप राणा,हेड कांस्टेबल विजय कुमार,हेड कांस्टेबल अनिल कुमार,हेड कांस्टेबल धर्मवीर,कांस्टेबल मोहित भाटी शामिल रहे।

# बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा ने जनसुनवाई में समस्याओं का तत्परता से हो रहा समाधान

### सार्वजनिक समस्याओं का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता एसडीएम आशुतोष शर्मा

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854

**बैरसिया।** प्रत्येक मंगलवार को एसडीएम जन जनसुनवाई आयोजित की जाती है इसी के परिपालन में मंगलवार को एसडीएम आशुतोष शर्मा ने स्ठरू कार्यालय में जनसुनवाई की जिसमें कुल सात आवेदन प्राप्त हुए जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे और नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनी गईं। एसडीएम आशुतोष शर्मा ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए अधिकांश समस्याओं का निराकरण किया और शेष आवेदनों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए वही एसडीएम शर्मा ने

किसान की पीड़ा को समझा और समाधान का आश्वासन दिया इस जनसुनवाई में एक अनूठा दृश्य भी देखने को मिला जब एक किसान, अपनी पीएम सम्मान निधि नहीं मिलने की समस्या लेकर पहुँचा। किसान की परेशानी को देखते हुए एसडीएम आशुतोष शर्मा ने उसे अपने पास बुलाकर बैठाया और उसकी समस्या को गंभीरता से सुन समझकर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। एसडीएम की संवेदनशीलता और कार्यशैली के साथ साथ मधुर वाणी से प्रभावित किसान ने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि अगर सभी अधिकारी इसी तरह आमजन की पीड़ा को समझें, तो किसी को भी बार-बार परेशान



नहीं होना पड़ेगा।卐

सार्वजनिक समस्याओं का समाधान प्राथमिकता

एसडीएम आशुतोष शर्मा ने जनसुनवाई में स्पष्ट किया कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों का निपटारा शीघ्र और प्रभावी तरीके से किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

जनसुनवाई में नागरिकों की संतुष्टि और प्रशासन की तत्परता ने एक बार फिर यह साबित किया कि जब प्रशासनिक अधिकारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हैं, तो जनता को न केवल भरोसा मिलता है बल्कि प्रशासन के प्रति सम्मान भी बढ़ता है।

# कुपोषित बच्चों को उचित पोषण एवं स्वास्थ्य सुविधा मिले-कलेक्टर श्री कोचर

## शहरी क्षेत्र की आंगनवाड़ी का नाश्ता - भोजन का स्वाद लिया एवं आंगनवाड़ी का लिया जाएगा

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह** - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज दमोह शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केद्रों का प्रात: 10 से सिविल वार्ड नं.-1 केंद्र क्रमांक 82, राजेंद्र प्रसाद वार्ड 35 आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 97, गुरु गोविंद सिंह वार्ड 26 केंद्र क्रमांक 46 में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया । कलेक्टर श्री कोचर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण में कार्यकर्ताओं द्वारा लिए जा रहे शारीरिक माप वजन की गुणवत्ता और सटीकता की जांच का जायजा लिया। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 82 सिविल वार्ड-1 में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने स्व सहायता समूह द्वारा वितरित नाश्ता एवं भोजन की गुणवत्ता नियम अनुसार समय से वितरण की जानकारी भी वार्डवासियो से ली एवं स्वयं नाश्ता भोजन चखकर भी देखा। कलेक्टर श्री कोचर ने



आंगनबाड़ी केन्द्रों पर संधारित होने वाली विभिन्न पंजियों, टीकाकरण पंजी, वजन रजिस्टर आदि का अवलोकन किया एवं प्रविष्ट जानकारी का स्वयं समक्ष में वजन एवं ऊंचाई माप कर सत्यापन भी किया । साथ ही पोषण ट्रैकर एप में की गई प्रविष्टियां से भी मिलान किया।

कलेक्टर श्री कोचर द्वारा सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित होने वाले शारीरिक माप दिवसों की सघन निगरानी की जा रही है। शारीरिक माप दिवसों का एक अभियान के रूप में सभी केन्द्रों में आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें उचित पोषण एवं स्वास्थ्य सुविधा प्रदाय करना है। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शारीरिक माप दिवसों में सटीक वास्तविक गुणवत्तापूर्ण ऊंचाई/लंबाई एवं वजन लिए जाने हेतु निर्देशित किया गया ?

# 20 तारीख को होने वाले श्याम कीर्तन में आएंगे प्रख्यात भजन गायक

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** आगामी 20 तारीख को महाविद्या मैदान पर होने वाले श्रीखाटूश्याम सेवादार परिवार द्वारा आयोजित श्याम कीर्तन में प्रख्यात भजन गायक संजय मित्तल ,अंजली द्विवेदी, बंकू बहनें एवं ब्रज के भजन प्रवाहक अपनी स्वर लहरियों से बाबा श्याम को रिझाएंगे यह जानकारी खाटू श्याम सेवादार परिवार द्वारा मथुरा के प्राचीन नृसिंह मंदिर बगीची पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में सेवादार परिवार के प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा दी गई।

जानकारी देते हुए श्री खाटू



श्याम सेवादार परिवार के संरक्षक राजीव अग्रवाल ने बताया कि बाबा खाटूश्याम का यह चार दिवसीय फागुन महोत्सव 17 फरवरी से प्रारंभ हो चुका है जिसमें 20 फरवरी को महाविद्या मैदान पर एक सुनहरी शाम सांवरे के नाम से भव्य संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें वह सभी श्याम प्रेमियों को दर्शनों के लिए आमंत्रित करते है तथा बताया कि इस संकीर्तन में किसी प्रकार के कूपन की व्यवस्था नहीं की गई सभी श्याम प्रेमि इसमें आकर बाबा श्याम की ज्योत का पूजन कर सकते हैं सेवादार परिवार के अध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रवाल ने जिला प्रशासन से कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है वहीं सेवादार परिवार के सचिव आलोक जैन ने कहा कि निशान यात्रा को देखते हुए उन्हें लग रहा है कि आगामी श्याम संकीर्तन में 4 हजार से 5 हजार लोगों के आने का अनुमान है जिनकी प्रसादी की व्यवस्था श्री खाटूश्याम सेवादार परिवार द्वारा की जा रही है और वह प्रशाशन से अनुरोध करते है कि वह यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें तो कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि श्री खाटू श्याम बाबा का श्रृंगार मथुरा के ही गोयल डेकोरेटर्स द्वारा किया जा रहा है जिसके लिए वह पूरे भारत वर्ष में जाने जाते हैं प्रेस वार्ता में फागुन महोत्सव कमेटी से गिरधारी अग्रवाल , नीलू गोला, राहुल अग्रवाल , रोहित सैनी, मोहित मित्तल , आय व्यय निरीक्षक राजेश अग्रवाल , कुलदीप पाराशर , प्रचार मंत्री भूपेंद्र गर्ग उपाध्यक्ष प्रियांक मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

## टेलीग्राम ग्रुप्स से पेपर खरीदना पड़ सकता है भारी

# साइबर क्राइम ने जारी की चेतावनी, कहा; परीक्षा के समय साइबर फ्रॉड गैंग सक्रिय

**भोपाल।** आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए साइबर क्राइम ब्रांच ने एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। छात्रों और नागरिकों को टेलीग्राम ग्रुप्स पर बिकने वाले फर्जी पेपरों से बचने की चेतावनी दी गई है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि परीक्षा के समय साइबर फ्रॉड गैंग सक्रिय हो जाता है। टेलीग्राम ग्रुप्स के माध्यम से नकली प्रश्न पत्र बेचकर बड़ी रकम की ठगी करते हैं। इन ग्रुप्स में हजारों लोग जुड़े होते हैं, जिनमें कई छात्र भी शामिल होते हैं। साइबर क्राइम अधिकारियों का कहना है कि टेलीग्राम ग्रुप्स में जुड़कर पेपर खरीदना न केवल परीक्षा में फेल होने का खतरा बढ़ा सकता है, बल्कि छात्रों का करियर भी दांव पर लग सकता है। धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। भोपाल साइबर क्राइम के पास कई शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें टेलीग्राम ग्रुप्स के जरिए फर्जी पेपर बेचने की जानकारी सामने आई है। पिछले साल भी इस तरह की शिकायतों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। अब टेलीग्राम से संबंधित ग्रुप्स की जानकारी मांगी जा रही है, ताकि उन पर सख्त कार्रवाई की जा सके। साइबर टीम ने टेलीग्राम पर पांच एक्टिव ग्रुप्स के खिलाफ स्नढ्ढक्र भी दर्ज की है। साइबर क्राइम अधिकारियों ने छात्रों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें और किसी भी फर्जी टेलीग्राम ग्रुप से न जुड़ें। ऐसा करने से न केवल वे धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं, बल्कि उनके भविष्य पर भी खतरा मंडरा सकता है। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार होता है या ऐसे ग्रुप्स की जानकारी रखता है, तो उसे तुरंत साइबर क्राइम विभाग में शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

10वीं बोर्ड की परीक्षा के साथ टेलीग्राम पर इस बार फिर बच्चों के साथ ठगी का सिलसिला शुरू हो गया है। टेलीग्राम में कई ग्रुप पर दावा किया जा रहा है कि बोर्ड परीक्षा से पहले सुबह उन्हें ओरिजिनल पेपर दे दिया जाएगा, वहीं कई अन्य ग्रुप पर फीस देकर 80 प्रतिशत सवाल सही मिलने का दावा किया जा रहा है। एपमबी बोर्ड पेपर लीक ग्रुप पर पहले ग्रुप ज्वाइन करने के लिए 350 फीस ली जा रही है। हमने एक प्राइवेट ग्रुप बनाया है जिसमें कहा गया कि आप अपनी परीक्षा से संबंधित टॉप 35 प्रश्न देंगे और कुछ टॉप 50 प्रश्न देंगे, जिनमें से 70-80त्न आपके पेपर में आएंगे।

हमारे ग्रुप में शामिल होने की फीस 350 रुपए है। यदि आप हमारे समूह में शामिल होना चाहते हैं, तो आप हमें नीचे दिए गए उपयोग कर्ता नाम में संदेश भेज सकते हैं और हमें बता सकते हैं हम आपको क्यूआर या यूपीआई देंगे, भुगतान करने और हमें स्क्रीनशॉट्स देने के बाद, हम आपको इसमें जोड़ देंगे, जिसके बाद पर्सनली बात करने पर युवक ने असली पेपर देने का वादा 350 रुपए में किया।

# मछुआरों, मछली किसानों एवं विक्रेताओं के लिये पंजीयन प्रारंभ

## प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजनाः मत्स्य संपदा के संरक्षण और मत्स्य पालकों की समृद्धि के लिये एक सषक्त पहल

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह** - प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के अंतर्गत राष्टीय मत्स्य डिजीटल प्लेटफार्म (एन.एफ.डी.पी.) पर पंजीयन प्रारंभ हो गये हैं। सभी मछुआरे, मछली किसान, मछली विक्रेता, मछली पालन के अन्य हितधारक http:// pmssy .dof.gov.in °ß´ http:// nfdp.dof.gov.in उपयोग कर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीयन स्वयं के मोबाईल फोन अथवा किसी भी कियोस्क सेंटर, कम्प्यूटर सेवा केन्द्र से कराये जा सकते हैं। पंजीयन के लिये आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं स्वयं का मोबाईल नंबर जिस पर आधार लिंक हो की आवष्यकता होगी।सहायक संचालक मत्स्योद्योग दमोह द्वारा बताया गया कि उक्त पोर्टल से मछली पालन में बड़ा बदलाव




आयेगा। उक्त पोर्टल योजनाओं का लाभ देने बनाया गया है, जिसमें असंगठित क्षेत्र के मत्स्य पालन से जुडे सभी व्यक्तियों को एक ही प्लेटफार्म में लाकर उनका पंजीयन करना है, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ उन्हे सीधे मिल सके सहायक संचालक द्वारा जिले के सभी मत्स्य कृषकों से अनुरोध किया गया है कि वह अपना रजिस्ट्रेषन करायें एवं क्षेत्रीय अधिकारी के माध्यम से जानकारी कार्यालय को उपलब्ध करायें। पंजीयन का कार्य कार्यालय से भी लगातार कैंप का आयोजन कर करवाया जा रहा है, जिसमें मत्स्य कृषक कार्यालय में उपस्थित होकर भी पंजीयन करवा सकते हैं।

## डॉ पंकज जैन बने केंद्रीय मंत्री के विशेष सहायक

**भोपाल।** केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर जाने वाले अफसरों में एमपी के एक और अफसर का नाम तय हो गया है। वर्ष 2012 बैच के आईएएस अफसर और एमपी भवन कार्पोरेशन के एमडी पंकज जैन को केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी के स्टाफ में विशेष सहायक बनाया गया है। पंकज जैन के पहले एमपी कैडर के चार अधिकारी केंद्रीय मंत्रियों के यहां विशेष सहायक के रूप में काम कर रहे हैं। इसके पहले संकेत भोंडवे, नवनीत मोहन कोठारी, निकुंज श्रीवास्तव और विशेष गढ़पाले केंद्रीय मंत्रियों के यहां विशेष सहायक रह चुके हैं। उधर एमपी कैडर के वर्ष 2018 के आईएएस अफसर श्याम वीर इंटर कैडर डिपार्टमेंट के जरिए जम्मू कश्मीर गए हैं। वे 31 जनवरी 2025 से यहां सेवाएं देने लगे हैं। दूसरी ओर केंद्र की प्रतिनियुक्ति और स्टडी लीव से लौटे दो आईएएस अफसर आशीष भार्गव और रूही खान को मोहन सरकार की ओर से पोस्टिंग दिए जाने का इंतजार है।

# खिवनी अभयारण्य के जंगल में रोजाना हो रही पेड़ो की अवैध कटाई

ओमप्रकाश परमार,



**देवास।** खिवनी अभ्यारण्य के जंगल में पेड़ो की अवैध कटाई का सिलसिला नही थम रहा है। यहां पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से जंगल का अस्तित्व खतरे में है। जिसके चलते वन्यजीवों का जीवन भी दांव पर लगा है। जिम्मेदार अवैध कटाई पर नियंत्रण करने में नाकाम साबित हो रहे है। खिवनी अभ्यारण्य के जंगल में अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहानी चरितार्थ हो रही है। वरिष्ठ अधिकारियों की अनदेखी से जंगल मैदान में तब्दील होता जा रहा है। ऐसा ही एक मामला खिवनी अभ्यारणय स्थित कालीबाई के जंगल में अवैध कटाई का सामने आया है। जहाँ विभाग की लापरवाही से अनगिनत सागौन सहित अन्य प्रजाति के पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। वैसे तो खिवनी अभ्यारण्य के अधिकांश कक्षों के जंगल में हुई पेड़ों की कटाई से इंकार नहीं किया जा सकता। जंगल में कदम-कदम पर कटे पेड़ों के ठूंठ देखे जा सकते हैं। जंगल में कई जगह पर ठूंठ के पास लकड़ी के छिलके भी पड़े हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि माफियाओं ने जंगल में ही सिल्लियां बनाई है। यहाँ बड़ी संख्या में पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। जो वन विभाग की लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है। इसी प्रकार निवारदी के कक्ष क्रमांक 220 में भी सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। जिसमें बड़ी संख्या में जंगल से लकड़ी बरामद की गई थी। लकड़ी की अवैध कटाई पर वन विभाग के जिम्मेदार गंभीर नही है।

**पुरानी लकड़ी का नही हो रहा परिवहन :** कालीबाई के जंगल मे कई दिनों से पेड़ो की अवैध कटाई हो रही है। वन अमले ने कुछ ठूंठों पर नम्बर तो डाल दिये है। लेकिन ठूंठ के पास पड़ी हुई लकड़ी का अब तक परिवहन नही किया है। लकड़ी माफिया काम की लकड़ी ले जाते है बाकी हिस्से मौके पर आज भी पड़े हुए है। कई पेड़ कटाई के दौरान भीतर से खराब निकलते है तो उन्हें वैसा का वैसा छोड़कर दूसरा पेड़ काटकर ले जाते है।

**जंगल की सुरक्षा भगवान भरोसे :** ऐसे में जंगल की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है। खिवनी अभ्यारण्य अन्य जंगलो से बिल्कुल अलग है, यहां टाइगर, तेंदुआ, नील गाय, सियार, हिरण, बंदर, खरगोश, मोर सहित अन्य वन्यजीव रहते हैं। लेकिन लगातार जंगल से हो रही पेड़ों की अवैध कटाई से वन्यजीवों के उपर भी खतरा मंडरा रहा है।

**पर्यटन स्थल कैसे होगा विकसित:** एक तरफ सरकार करोड़ों रूपये खर्च कर खिवनी अभयारण्य को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर रही है, दूसरी ओर उसी जंगल की अवैध कटाई से जंगल का अस्तित्व दांव पर लगा है. अगर इसी तरह से पेड़ों की अवैध कटाई होती रही तो खिवनी अभ्यारण्य को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करना सपना बनकर रह जायेगा

**वन चौकियों में नही रहता स्टाफ :** वन विभाग द्वारा जंगल की सुरक्षा करने के लिए वनकर्मियों की चौकियां बनाई गई है। लेकिन इन वन चौकी पर हमेशा ताला लटका रहता है। जिम्मेदार वनकर्मी वन चौकी में न रहते हुए शहरों से आवागमन करते है। जिसके चलते भी जंगल की सुरक्षा में चूक हो रही है।

(अवैध कटाई का मामला संज्ञान में लेकर जांच करवाता हूँ। स्टाफ कम होने से कालीबाई चौकी पर कोई नही रहता है।

**विकास माहोरे, अधीक्षक खिवनी अभ्यारणय )**

## ग्राम सुखाखेड़ा को आबादी क्षेत्र घोषित करवाने के लिए ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



**आलोट-** ग्राम पंचायत कराड़िया के अंतर्गत आने वाले ग्राम सूखाखेड़ा के रह वासियों के द्वारा जिलाधीश के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सुनील कुमार जायसवाल को दिया गया ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम सूखाखेड़ा अब तक राजस्व रिकॉर्ड में आबादी क्षेत्र घोषित नहीं किया गया है । इसे जल्द से जल्द आबादी क्षेत्र घोषित किया जाए ताकि यहां पर शासन की योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि करण सिंह राठौड़ के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीण तहसील कार्यालय पर पहुंचे और वहां पर जमकर नारेबाजी की एवं एसडीएम कार्यालय के सामने बैठ गए उनका कहना है कि आजादी से पहले ही यह गांव बसा हुआ है और यहां पर लगभग 70 से 80 परिवार निवासरत हैं। यहां पर शासकीय स्कूल भी है नल जल योजना का लाभ भी यहां पर मिल रहा है परंतु इसे अब तक आबादी क्षेत्र घोषित नहीं किया गया है। जिसके कारण शासन की अन्य कई योजनाओं का लाभ यहां पर नहीं मिल पा रहा है इसी मांग को लेकर ग्रामीणों ने आज एसडीम के सामने प्रदर्शन किया और उन्हें ज्ञापन सोपा और चेतावनी दी कि अगर जल्द से जल्द सुखखेड़ा गांव को आबादी क्षेत्र घोषित नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## श्री कुबरेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा तुलसी विवाह के अंतर्गत आज भगवान द्वारकाधीश का हिंगलाज माता मंदिर पर तिलक बड़ी धूमधाम के साथ किया गया

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



हिंगलाज माता मंदिर द्वारा आज दिनांक 18 तारीख बड़ी धूमधाम के साथ उब्रेश्वर धाम मंदिर पहुंचकर तुलसी माता जी का श्री चीडी का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। जिसमें समिति द्वारा सभी का सहभोज भी किया गया समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे समिति द्वारा आगामी 21 फरवरी से 27 फरवरी तक सामूहिक विवाह के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें तुलसी विवाह का अंतर्गत आज के आयोजन किए गए जिसमें समिति के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ईको कार जा घुसी ट्रैक्टर ट्राली में एक की मौत आधा दर्जन लोग घायल



केसरिया हिन्दुस्तान
इसरार ब्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत**-बरखेड़ा। बारातियों से भरी ईको कार ट्राली में घुसी कार में बैठे चालक सहित 6 लोग घायल इलाज के दौरान एक की मौत। वही रामनगर जगतपुर से जिला पीलीभीत के गांव सिरसा जा रही वही सोमवार की बीती रात 8 बजे के करीब बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गाँव जारकलिया के निकट नहर रोड पर पीलीभीत की ओर से आ रही ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ंत हो गयी। जिससे कार बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गयी जिसमे कार में बैठे सभी बाराती आशु शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, नीतिन मौर्य, वेदप्रकाश शर्मा एवं चालक अनिल कुमार घायल हो गये ,जिन्हें सूचना पर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल इलाज के लिये ले जाया गया। जहां गम्भीर रूप से घायल नोखेलाल 70वर्ष पुत्र नत्थू लाल को बरेली हायर सेंटर रेफर कर दिया ,जहाँ इलाज के दौरान रात में मौत हो गयी मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया मृतक नोखेलाल अपनी पत्नी अपने दो पुत्रो के साथ रहते थे। दोनो पुत्र बाहर प्राइवेट फैक्ट्री काम करते है। सूचना पर स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये शव को जिला अस्पताल भेज दिया है। वही मौत की खबर सुनकर परिवार के लोगो का रो रोकर बुरा हाल है।

# पारधी समुदाय के निरक्षरों ने साक्षर बनने दी परीक्षा

**नव साक्षरों ने उत्साह से दिया इम्तिहान, उल्लास नवभारत साक्षर कार्यक्रम के तहत सोनाघाटी में परीक्षा आयोजित**

केसरिया हिंदुस्तान



**बैतूल।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एकीकृत माध्यमिक शाला सोना घाटी में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी श्रीमती शक्ति सक्सेना ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक उम्र के उन लोगों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है, जो किसी कारण से औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए थे। ऐसे 56 नवसाक्षर बड़े उत्साह और उमंग के साथ परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें पारधी समुदाय के लोग भी शामिल है। परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित हुई। निरीक्षण दल में शिक्षक नेमीचंद मालवीय, श्री राजेश महाले, सह समन्वयक नीलिमा शर्मा शामिल थे।

**परीक्षा केंद्र पर शिक्षकों ने नव साक्षरों का किया सम्मान :** नोडल अधिकारी श्रीमती सक्सेना ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर शिक्षकों ने नव साक्षरों को तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। परीक्षार्थियों ने कहा कि यह उनके लिए एक नया और सकारात्मक अनुभव था। उन्होंने यह भी कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती और जब भी अवसर मिले, सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि अक्षर मित्र कविता कवड़े और सोनम अतुलकर ने स्कूल में कक्षा लगाकर 6 महीने तक नवसाक्षरों को पढ़ाया। इन अक्षर मित्रों को ग्राम भारती प्रभारी अर्चना सलामे, नोडल अधिकारी शक्ति सक्सेना, जन शिक्षक श्री महाते, सह समन्वय नीलिमा शर्मा, नेमीचंद मालवीय, रामकली काटोलकर, दुर्गा झाड़े ने मार्गदर्शन दिया। हर 6-6 माह में उल्हास नवभारत साक्षरता परीक्षा आयोजित होती है और परीक्षार्थियों को अंक सूची भी दी जाती है, जिसका लाभ बहुत सी सरकारी योजनाओं में मिलेगा।

# संकल्प पत्र से मुकरी डबल इंजन की सरकार

**बीजेपी के राज्य में किसान ढागा महसूस कर रहा है**



मारुति लाल विश्वकर्मा

छिंदवाड़ा/ छिंदवाड़ा मे 18/02/2025 आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंप कर बीजेपी सरकार को घेरा कि भाजपा सरकार ने किसानों को ठगा है और संकल्प पत्र में किसान को समर्थन मूल्य और बोनस मिलाकर गेहूं 2700 और धान की 3100 फसल के लिए देने का वादा किया था जो डबल इंजन की सरकार ने अभी तक पूरा नहीं किया और न देने की मंशा लगती है जिससे किसान ठगा हुआ महसूस कर रहा है और आगे कोई उम्मीद नजर आती नहीं दिख रही हैं जिससे किसान के साथ धोखा हुआ है और आज महंगाई के दौर में जो मध्य प्रदेश की सरकार दे रही है वह काफी नहीं है। कि किसी किसान का भला हो इस कारण से छिंदवाड़ा आम आदमी पार्टी की इकाई ने पुर जोश के साथ ज्ञापन सौंपा है। उपस्थित पदाधिकारी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र विश्वकर्मा राजू पांडे सूरज मौर्य विजय मौर्य प्रग्यांशु अमरवंशी शुभम चौकसे दीपक पवार राहुल चांदूरिया हरिप्रसाद बेलवंशी अमल विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# एंजल्स पैराडाइज़ कार्निवल 2025 - प्रतिभा और उल्लास का भव्य उत्सव

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब




एंजल्स पैराडाइज़ कार्निवल का आयोजन एंजल्स पैराडाइज़ प्राइमरी स्कूल, गार्डन एंक्लेव, अमृतसर में धूमधाम से किया गया। इस रंगारंग उत्सव में बच्चों और उनके परिवारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक यादगार दिन का आनंद उठाया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10ः00 बजे हुई, जिसमें ग्रैंड बेबी शो मुख्य आकर्षण रहा। यह शो विशेष रूप से 6 महीने से 3 वर्ष तक के नन्हे बच्चों के लिए आयोजित किया गया था। छोटे-छोटे बच्चों की मासूमियत और मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही, ग्रैंड कार्निवल में विभिन्न इंटरैक्टिव गेम्स, क्रिएटिव स्टॉल और रोचक वर्कशॉप्स का आयोजन किया गया, जिससे हर आगंतुक ने कुछ नया सीखा और अनुभव किया। इस आयोजन में मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों की रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर आयोजित एंजल्स पैराडाइज़ टैलेंट कॉन्टेस्ट भी खास आकर्षण रहा, जिसमें 3 से 10 वर्ष तक के बच्चों ने नृत्य, संगीत, चित्रकला, वक्तृत्व कला और फैशन शो जैसी विभिन्न श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया और उनकी आत्मविश्वासपूर्ण प्रतिभा को सराहा गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन करने के लिए ईशान मीडिया हाउस की ओनर मैडम अर्चना ठाकुर, फैशन आइकन श्रीमती पंजाब वाइवेसियस मैडम हनी चुग और एक्टर व डायरेक्टर श्री साजन को जज के रूप में आमंत्रित किया गया था। उनकी निष्पक्ष समीक्षा और मार्गदर्शन ने इस प्रतियोगिता को और भी रोचक और ज्ञानवर्धक बना दिया।

सीएमडी विक्रांत कपूर का संदेश: एंजल्स पैराडाइज़ कार्निवल न केवल मनोरंजन का एक माध्यम है, बल्कि यह बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक बेहतरीन मंच भी है। हमें गर्व है कि यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने इसे भरपूर आनंद के साथ मनाया। हम सभी बच्चों और उनके माता-पिता को इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं।

# रोजगार के नाम पर युवाओं को झुनझुना पकड़ा रही सरकार- प्रज्ञान चतुर्वेदी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो
सिंगरौली अनुरोध शुक्ला



**सिंगरौली/देवसर-** यूथ कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष प्रज्ञान चतुर्वेदी ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में शिक्षित युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं,किसान एवं मध्यम वर्ग के परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए पूरी जमा पूंजी खर्च कर देते है,तो वहीं शिक्षा हासिल करके युवा आज रोजगार के लिए दर दर भटक रहे हैं।पिछले कई वर्षों से मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से आयोजित की जाने वाली भर्ती कम पदों के लिए आयोजित हो रही है,जबकि वर्तमान समय में कर्मचारियों अधिकारियों की कमी है।अगर बात की जाए एमपीपीएससी की तो वर्ष 2019 में 571 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी तो वहीं लगातार हर वर्ष पदों की संख्या कम होती गई जबकि इस वर्ष 2025 में महज 158 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित कराई गई है जबकि इंदौर में पद वृद्धि के लिए धरने पर बैठे छात्रों को मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया था कि पदों की वृद्धि होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।वर्तमान सरकार युवाओं को सिर्फ आश्वासन देने एवं सरकारी नौकरी के नाम पर झुनझुना पकड़ाने का कार्य कर रही है।

# कन्नौद पुलिस ने शिविर लगाकर सायबर अपराध से बचने के उपाय बताये

ओमप्रकाश परमार,



**देवास।** जिले के कन्नौद थाना पुलिस ने सोमवार को कुसमानिया साप्ताहिक हाट में पहुचंकर ग्रामीणों एवं दुकानदारों से चर्चा की। और मोबाइल इंटरनेट पर होने वाली धोखाधड़ी के बारे में बताया। कन्नौद थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि डीजीपी द्वारा चलाये जा रहे सायबर सुरक्षा अभियान इंटरनेट सेफ क्लीक अभियान में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एन.एच. बाथम को पुलिस को आमजन के बीच, हाट बाजार, स्कुलों. कॉलेजो, सार्वजनिक स्थान एवं अन्य शासकीय संस्थानों में जाकर सेफ क्लीक अभियान के संबंध में दिये गये। निर्देशानुसार थाना कन्नौद क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी कन्नौद तहजीब काजी द्वारा स्टॉफ के ग्राम कुसमानिया हाट बाजार अंतर्गत ग्राम कुस्मानिया व उसके आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रो से आने वाले दुकान व्यापारियों एवं आमजनों को सेफ क्लीक अभियान के अंतर्गत सायबर अपराध से बचने के उपाय तथा सायबर अपराध हो जाने पर पुलिस सायबर मित्र की सहायता से ठगी राशि को होल्ड करवाने की प्रिक्रिया को बताया गया साथ ही कुसमानिया बाजार में शिविर लगाकर ग्रामीण क्षेत्र का एक ग्रामीण युवा को गलत वेब सीरीज देखने के संबंध कॉल कर गलत वेब सीरीज देखने की बात बताकर धमकाया जा रहा था पुलिस द्वारा तत्काल वैधानिक तरीके से उसे खाते में पैसे डालने से रोका ओर अपराध करने वालो से बचाकर तनाव मुक्त कराया गया। इस दौरान थाना प्रभारी कन्नौद निरीक्षक तहजीब काजी, बीट प्रभारी सउनि गणेश विश्नोई, सायबर मित्र आर. निकेतन परमार, राजेन्द्र परमार, गोरव पटेल, महिला आरक्षक मुस्कान चौहान द्वारा जानकारी दी गई।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर बुधवार 19 फरवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेहिचक



# क्षेत्रवाद की राजनीति ने बरबसपुर के विकास को रखा ठप्प, अब जि. पं. क्षेत्र से जुड़ा नाम तो गुलाब कमरो बन रहे ग्रहण

## क्षेत्र के विकास को समर्पित क्षेत्रवासियों ने विकास विरोधी दलगत राजनीति के खिलाफ खोला मोर्चा

देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

**बरबसपुर।** नवगठित एम सी बी जिले का जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 07 बरबसपुर के नाम पर वजूद में आए बरबसपुर ग्राम पंचायत जो की कोरिया जिले के दो ग्राम पंचायत जगतपुर और भरहीडीह सहित एम सी बी जिले के महाराजपुर, लोहारी, उजियारपुर, सोनवर्षा, राधारमन नगर ग्राम पंचायत के लिए काफी अहम भूमिका निभाता रहा है। यह भी कह सकते हैं की व्यापारिक दृष्टिकोण से भी उक्त सभी ग्राम पंचायत आज भी बरबसपुर पर निर्भर हैं। उक्त सभी ग्राम पंचायत बरबसपुर क्षेत्र अंतर्गत दर्रीटोला जंक्शन रेलवे स्टेशन से रेल यात्रा के लिए सीधे तौर पर जुड़े रहे हैं। दर्रीटोला जंक्शन शुरुआती रेल सेवा से ही अपने अलग पहचान के लिए जाना जाता था। मुख्य धारा से जुड़े पत्रकार इस क्षेत्र से रहे । उस बरबसपुर की वर्तमान दुर्दशा आश्चर्यचकित वाक्या से कम नहीं।

कुछ जिले से खुश तो कुछ उप तहसील से गदगद,,भरतपुर की तरह बरबसपुर सिमटा कोने में ग्राम वासियों ने कहा की हमें किसी क्षेत्र के विकास से जलन या ईर्ष्या नहीं है।पर जिन उपलब्धियों के लिए बरबसपुर नामचीन था। क्या उसे सहेजने के लिए या फिर विकास की मुख्यधारा से जोड़कर रखने में नेता और जनप्रतिनिधियों




की जिम्मेदारी नहीं थी।पर सभी दलों के नेताओं ने भर भरकर सिर्फ वोट लिया और क्षेत्र के लिए किसी ने कुछ नहीं किया । दशकों पहले हाई स्कूल,शासकीय कृषि फार्म,पुलिस चौकी,सहकारी समिति,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूर्व से ही बरबसपुर के नाम थे जो कागजों में रह गए। आज भी क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के लिए तो क्षेत्र वासियों को स्वास्थ और रेल सेवाओं सहित तमाम मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा। बल्कि नागपुर की गुलामी करने के लिए बरबसपुर जिला पंचायत क्षेत्र पर नागपुर शब्द थोप रहे हैं। जो बरबसपुर के लोगों को कतई बर्दास्त नहीं है और जिसका क्षेत्र वासियों ने विरोध किया है।

बरबसपुर के राजनीतिक मंच पर नागपुर करता रहा कब्जा,,अब क्षेत्र का नेतृत्व बरबसपुर के युवाओं के हाथ

एक जमाने में जहां भाजपा या कांग्रेस सभी दलों के लिए बरबसपुर 20,,25 पंचायत क्षेत्र के चुनावी समीकरण साधने का बड़ा केंद्र था और दोनों मुख्य राजनीतिक दलों के कद्दावर नेता बरबसपुर से अलग अलग क्षेत्रों में कूच किया करते थे। परंतु गुजरे वर्षों में यह उपलब्धि और क्षमता को भी धीरे धीरे इन दलों के नेताओं द्वारा बरबसपुर से छीना है। जिससे बरबसपुर का वर्चस्व भी अपनी मजबूत पहचान खो चुका, जिससे बरबसपुर के युवाओं में नाराजगी तो है ही साथ ही यहां के युवाओं की उपेक्षा भी अब क्षेत्र वासियों को बर्दास्त नहीं हो रहा है। जिस कारण क्षेत्रवासी एकजुट हैं और स्थानीय युवाओं को आगामी सभी चुनाव में समर्थन देने की बात कह रहे हैं।

# पुरानी रंजिश को लेकर विवाद: 5 लोगों ने घर में घुसकर 6 को लाठी-डंडों से पीटा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान  जिला ब्यूरो/मनोज सिंह



टीकमगढ़ में सोमवार रात 5 लोगों ने एक परिवार के घर में घुसकर 6 सदस्यों को लाठी-डंडों से पीटा है। आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की है। गंभीर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना दिगौड़ा थाना क्षेत्र के खरोई गांव की है। पीड़ित मुरारी की शिकायत पर पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दरअसल, पीड़ित मुरारी लाल द्विवेदी ने बताया कि उनके पड़ोसी चंद्रभान घोष ने अपने चार साथियों पप्पू घोष, अशोक घोष, महेंद्र घोष और करण घोष के साथ मिलकर सोमवार रात उनके घर पर हमला कर दिया। हमले में परिवार के 6 लोग मुरारी लाल के अलावा मनोहर द्विवेदी, हरि किशोर द्विवेदी, केपी द्विवेदी, कमला द्विवेदी और माला द्विवेदी को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। जिसे लेकर पीड़ित मुरानी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी नीरज लोधी के अनुसार, सभी पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दो आंगनबाडी कार्यकर्ताओ को नोटिस जारी

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001




कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों पर शून्य से 6 वर्ष तक के सभी बच्चों को दर्ज किये जाने, पोषण ट्रेकर एप के माध्यम से निगरानी रखे जाने तथा आंगनबाडी केन्द्रों पर पूरक पोषण आहार एवं टीएचआर वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में दिये गये निर्देशो के क्रम में आंगनबाडी केन्द्रों का सतत् रूप से भ्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज आदिवासी विकासखण्ड कराहल अंतर्गत सेक्टर बरगवा एवं बुढेरा के आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण संबंधित सुपरवाईजर्स द्वारा किया गया। इस दौरान दो केन्द्रों पर कार्यकर्ताओ के अनुपस्थित पाये जाने के चलते उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। सुपरवाईजर श्रीमती सुषमा सोनी और श्रीमती ज्योति शाक्य द्वारा ग्राम पाली, गढला, बगरवा, डूडीखेडा, भीका का सहराना में आंगनबाडी केन्द्रों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान आंगनबाडी केन्द्र पाली की कार्यकर्ता श्रीमती रेखा आदिवासी तथा डूडीखेडा की कार्यकर्ता श्रीमती अनुश्री अनुपस्थित पाई गई, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में आंगनबाडी केन्द्रों पर वजन अभियान आयोजित कर बच्चों का वजन लिया जा रहा है।

# सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का सकारात्मक निराकरण करें-सीईओ




नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरीया हिंदुस्तान मो. 9977365001

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में प्रास शिकायतों का निराकरण सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ किया जायें। सभी विभागीय अधिकारी अपनी विभागीय ग्रेडिंग में ए-ग्रेड का लक्ष्य पूर्ण करें। सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में श्योपुर जिले की रैकिंग टॉप-10 में रहें, इसके लिए विभागीय अधिकारी शिकायतों का त्वरित रूप से निराकरण करें तथा शिकायत प्रास होने पर तत्काल एल-1 स्तर पर उचित जवाब भरें। उन्होने निर्देश दिये कि 50 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जायें। विभागीय अधिकारी कोर्ट प्रकरणों में जवाब दावे समय सीमा में प्रस्तुत करें तथा उसकी प्रति संबंधित शाखा को उपलब्ध कराई जायें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, श्री वायएस तोमर सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

# जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं : कैलाश बाई और ग्यारसीराम को मिली दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ - जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस?याओं का निराकरण किया जाता है। कलेक?टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में वार्ड नं.02 शिव नगर सारंगपुर निवासी कैलाश बाई ने बताया कि आवेदिका की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। साथ ही परिवार के पालन पोषण में परेशानी का समाना करना पड रहा है। जिस कलेक?टर द्वारा रेडक्रॉस से 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई में ग्राम जमशेरपुरा निवासी ग?यारसीराम ने बताया कि आवेदक के सीने के वाल?व बदलाया गया है। जिस पर कुल खर्च 50 हजार हो चुका है। साथ ही परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जिस पर कलेक?टर द्वारा द्वारा रेडक्रॉस से 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान आवेदकों से 61 आवेदन प्राप?त हुए। समस?त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया गया।

# भूमि अधिग्रहण के विरोध में भाकिसं ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

ओमप्रकाश परमार,

**देवास।** आवश्यकता विहीन अनियंत्रित भूमि अधिग्रहण के विरोध में भारतीय किसान संघ तहसील इकाई कन्नौद ने सोमवार को तहसीलदार अंजली गुप्ता को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। और कहा कि भारतीय किसान संघ विकास विरोधी नही है। परंतु खेती किसानी का विनाश करने वाले विकास का समर्थन भी नही करता है। अत: सरकार से यह बात स्पष्ट कहना चाहता है कि इन्दौर में आउटर रिंग रोड के लिये किसानों की सहमति के बिना ज्यांइट सर्वे प्रारंभ किया गया है उसे रोका जाए। विगत 12 वर्षो से गाइड लाईन नही बढाई गई अत: प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत के हिसाब से गाइड लाईन बढाई जाए। नई गाइड लाईन अनुसार उसका 4 गुना मुआवजा दिया जाए।

प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों को भंग किया जाए। यह अपने गठन के उद्देश्य से भटक कर भू माफिया की तरह काम कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा



सात सूत्रीय गाइड लाईन का पालन वर्तमान राजपत्र मे नहीं किये जाने से इसे निरस्त किया जाये। किसानों की आपत्ति का निराकरण कर संबंधित दर्ज प्रकरण में पारित निर्णय की प्रति किसानो को प्रदान की जाये। जनहित आवश्यकता विहीन अनियंत्रित भूमि अधिग्रहण को नियंत्रित किया जाकर जितनी भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है उतनी ही भूमि पर पटवारी हल्के में दिया जाये। भूमि ग्रहण की प्रक्रिया अधिनियम 2013 के मूल स्वरूप अनुसार की जाये। उपरोक्त न्यायोचित बिन्दुओं पर सरकार गंभीरता से निर्णय नहीं लेती है तो भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत प्रत्येक तहसील स्तर पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान जिला मंत्री गोरेलाल गुर्जर रामनिवास परमार ओम प्रकाश परमार माखन परमार हरिओम मंडलोई संजय पटेल रवि पड़ोलिया मंथन मीणा कमल मीणा दीपक जोनवाल योगेश पटेल पवन सीरा गोविंद बारवाल गबरू मैहर भूरा पठान इस दौरान बड़ी संख्या मे किसान मौजूद थे

# पति की मौत के बाद रिश्तेदारों ने हड़प ली संपत्ति: जेवरात और दस्तावेज भी ले गए, टीकमगढ़ में महिला ने एसपी से मांगी मदद

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जिला ब्यूरो/मनोज सिंह

टीकमगढ़ में एक महिला ने अपने पति के रिश्तेदारों पर संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। महिला ने मंगलवार शाम करीब 5 बजे एसपी दफ्तर पहुंचकर एसपी से न्याय की मांग की है। अनंतपुरा निवासी सरस्वती यादव ने बताया कि पति मुन्नालाल यादव की 27 जनवरी को सुबह 6:30 बजे टीकमगढ़ के झांसी रोड पर अपूर्व होटल के पास सड़क दुर्घटना हुई थी। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया। वहां 31 जनवरी को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**मायके में रह रही थी महिला:** महिला ने बताया कि कुछ समय से पति के साथ संबंध तनावपूर्ण थे। इस वजह से मैं मायके में रह रही थी। पति ने कुछ समय पहले संबंध सुधारने का आश्वासन दिया था, लेकिन दुर्घटना में उनकी मौत हो



गई। महिला का आरोप है कि पति के रिश्तेदार सुखदयाल, कुसुम यादव और राजेंद्र यादव ने अनंतपुरा के मकान से सारा सामान ले लिया। इसमें महिला के स्त्री धन के जेवर, तीन लाख रुपए नकद और करीब 5 लाख रुपए के घरेलू सामान शामिल हैं।

रिश्तेदारों ने मृतक के आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, बैंक पासबुक और जमीन की रजिस्ट्रियां भी ले गए हैं। इसके अलावा बानपुर की कृषि भूमि के कागजात, बाइक और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी ले गए।

**उधार के पैसे भी नहीं लौटा रहा रिश्तेदार :** महिला ने बताया कि तीन महीने पहले सुखदयाल ने मकान बनवाने के लिए उनके पति से 5 लाख रुपए उधार लिए थे। इससे जुड़े दस्तावेज भी मकान में रखे थे, जिन्हें रिश्तेदार ले गए हैं। अब सुखदयाल उधार की राशि लौटाना नहीं चाहता है।

# हर हर गंगे-हर घर गंगे, 20 को निकाली जाएगी मां गंगे कलश यात्रा

नितिन जोहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सीहोर। प्रयागराज महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हमारे क्षेत्र ही नहीं देश और विदेश के करोड़ों लोगों के साथ साधु-संतों ने आस्था के साथ स्नान किया है। नगर पालिका के द्वारा आगामी 20 फरवरी को हर-हर गंगे-हर घर गंगे मां गंगे कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने क्षेत्रवासियों को अपने संदेश में कहा कि आगामी 20 फरवरी को सुबह दस बजे शहर के मनकामेश्वर महादेव मंदिर से प्रयाग राज से आने वाले कलशों को द्वारा पूर्ण विधि-विधान से बैंड बाजे के साथ यात्रा निकालेंगे। इसके पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के अलावा शहर के सभी साधु, संतों और विप्रजनों के द्वारा शहरवासियों की जीवनदायनी सीवन नदी के अलावा महाकुंभ के पानी को वाहनों के द्वारा काहरी डेम, जमोनिया जलाशय के अलावा भगवानपुरा जलाशय में आस्था के साथ समर्पित किया जाएगा। इसको लेकर नगर पालिका के सभाकक्ष में बड़ी संख्या में पार्षदों और क्षेत्रवासियों ने बैठक कर निर्णय लिया है। इस निर्णय के आधार पर इस पुनित कार्य को किया जाएगा। बड़ी संख्या



में महाकुंभ से विशेष वाहनों से इन कलशों को लाया जा रहा है। जलाशयों के अलावा हर वार्ड के बावडी अन्य जल स्त्रोतों में समर्पित किया जाएगा।

इस संबंध में सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने बताया कि महाकुंभ के शुभ अवसर पर तीर्थराज प्रयाग से त्रिवेणी संगम के जल का कलश में आगमन हमारें नगर में हाने जा रहा है इस शुभ अवसर पर सिद्धपुर के राजा मनकामेश्वर मंदिर में त्रिवेणी जल (गंगा जल) से अभिषेक उपरांत पावन कलश (गंगा जल) का जल नगर के जल स्त्रोत सीवन नदी, जमोनिया जलाशय, काहरी डेम, भगवानपुरा जलाशय एवं नगर के मुख्य जल स्त्रोत में मानव कल्याण हेतु प्रवाह किया जाएगा।

# नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया-गोविन्द नेत्रालय द्वारा लगाए गए नेत्र शिविर में जांची 200 लोगों की आंखें

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर।** गोंविद नेत्रालय एवं गोंविद फर्टिलिटी सेंटर की टीम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में नेत्र शिविर का आयोजन किया। नेत्र शिविर में टीम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। शिविर में 200 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित शेरपुरा में इस मौके पर गोविन्द नेत्रायल की ओर से यहां पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर के दौरान यहां पर 60 लोगों ने अपने नेत्रों की जांच कराई। जिसमें चालीस लोगों को नेत्र रोग संबंधित बीमारी के अलावा दो बुजुर्ग महिलाओं मोतियाबिंद बताया गया। जिसका इलाज नेत्रालय में किया जाएगा।

शिविर में शामिल लोगों को



संबोधित करते हुए नेत्र सर्जन एवं नेत्र विशेषज्ञ वरिष्ठ डॉ.जितेन्द्र मंघानी ने कहा कि समय रहते आंखों का इलाज कराने से आपकी आंखों को कोई बड़ा नुकसान नहीं हो सकता है, आपकी आंखें सुरक्षित हो जाती है। जीवन में सेवा भाव के कारण ही हम गरीब, जरूरतमंद एवं निशक्तजनों की भलाई का काम कर सकते है। हम अपने जीवन में अच्छाइयों को भरते जाएंगे तो बुराइयां अपने आप ही बाहर निकल जाएंगी। रोगियों को अपनी बीमारी का धैर्य पूर्वक इलाज कराना चाहिए। सभी को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मन को भी मानसिक रूप से मजबूत बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि नेत्रालय के द्वारा सीहोर जिला ही नहीं अन्य जिलों के मरीजों के लिए भी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा गोंविद फर्टिलिटी सेंटर की टीम के द्वारा भी जागरूकता शिविर लगाए जा रहा है। गोविन्द नेत्रालय स्थित गोविन्द फर्टिलिटी सेन्टर क्लीनिक में आईवीएफ इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ डॉ. अमरजीत मंधानी की टीम मरीजों को जानकारी दे रही है।

# नये जनसेवा केंद्र पहुंच राज्य मंत्री ने आमजन की सुनी समस्याएं

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ -पचोर नगर में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल सोमवार को नागरिकों की समस्याएं समाधान के लिए अभी हाल ही में पचोर नगर में बने जन सेवा केंद्र पर पहली बार पहुंच कर मंत्री टेटवाल ने आमजनों के आवेदन पर संबंधित विभाग अधिकारियों से बात कर मौके पर निराकरण करवाया मंत्री टेटवाल ने नागरिकों की समस्याएं सुनने के बाद उपस्थित स्थानीय भाजपा नेताओं से रूबरू हुए। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया भाजपा नेता कमल सक्सेना दीपक चौहान ने पचोर में विद्युत मंडल की रोजाना दर्जनों बार बिजली गुल होने के बारे में अवगत कराया। राज्य मंत्री ने कारण पूछा तो बताया कि पचोर की आबादी दिनों दिन बढ़ती जा रही है तथा बिजली खपत के उपकरण और संसाधन भी बढ़ते जा रहे हैं लेकिन पचोर विद्युत मंडल में जो ट्रांसफार्मर रखा हुआ है वह 3.15 रूङ्क, का है जबकि यहां पर जरूरत 5 एम व्ही ए (मेगा वॉट एम्पीयर ) के ट्रांसफार्मर की है, कम मेगावाट का ट्रांसफार्मर होने से लोड बढ़ जाता है और लाइन



वर वधु को घर जाकर दिया आशीर्वाद

हर घंटे 2 घंटे में किसी भी क्षेत्र की फाल्ट हो जाती है

**समस्या का हाल हो सकता है :** उपस्थित नगर वासियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर 5 एम व्ही ए का रखा जाना नितांत आवश्यक है अन्यथा आने वाले समय में पचोर की विद्युत व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो सकती है। मंत्री टेटवाल ने ट्रांसफार्मर को लेकर जल्द समस्या का निराकरण की बात कही नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया ने मंत्री गौतम टेटवाल को पानी की समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि नदी में मात्र फरवरी माह का ही पानी बचा है इसलिए जल निगम एवं मोहनपुरा डैम के अधिकारियों व कलेक्टर महोदय से बात कर मार्च में नेवज नदी में मोहनपुरा डैम की नहर का पानी छोड़े जाने का आग्रह किया जिस पर मंत्री टेटवाल ने तुरंत ही कलेक्टर से बात कर उक्त जनहित की समस्या के निराकरण की बात कही। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री निर्मल जैन नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया उपाध्यक्ष राम भरोसे यादव भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कमल सक्सेना आजीवन सहयोग सदस्यता प्रभारी राधेश्याम गुर्जर पूर्व जिला महामंत्री मनीष सक्सेना भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य मनीष मन्नू यादव रवि शर्मा सन्देश राजोरे दीपक चौहान सुदर्शन सोनी अमित गोस्वामी संजय तिवारी मोंटी कुशवाहा पत्रकार राधेश्याम नागर आदि उपस्थित रहे।

# फर्जी तलाक नामा लगाकर आय से अधिक जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले पर चला न्यायालय का चाबुक

## राज्य सरकार के खाते में 15 बीघा जमीन दर्ज करने का न्यायालय ने दिया आदेश

**गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ - कौशाम्बी केसरिया हिंदुस्तान**

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के रक्सवारा गांव के रहने वाले अहमद कासिम पुत्र जमीर कासिम ने 8 अक्टूबर 2024 को अधिवक्ता हैदर जमीर रिज़्वी के माध्यम से उप जिलाधिकारी न्यायालय मंझनपुर में गांव के ही रहने वाले नरजिस कासिम पत्नी सैयद हुसैन कासिम के विरुद्ध वाद दाखिल किया था।न्यायालय में वाद अपीलकर्ता के अधिवक्ता ने बताया कि नर्जिस कासिम पत्नी सैयद हुसैन कासिम के पास ग्राम सभा रक्सवारा में पूर्व से ही 6.579 हेक्टेयर कृषि भूमि है।इसके बाद भी तलाकनामा का फर्जी कागज लगाकर 15 बीघा जमीन रजिस्ट्री करवा लिया ।उपजिलाधिकारी न्यायिक मंझनपुर, एस.पी. वर्मा ने विद्वान अधिवक्ता हैदर जमीर रिज़्वी द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों के आधार पर 15 बीघे जमीन की रजिस्ट्री निरस्त करते हुए राज्य सरकार के नाम रजिस्ट्री करने का आदेश दे दिया है। यह फैसला आते ही चहुओर अधिवक्ता जमीर हैदर रिजवी की प्रशंसा हो रही है।

अपीलकर्ता के विद्वान अधिवक्ता जमीर हैदर रिजवी द्वारा अपनी लिखित बहस मे न्यायालय का ध्यान आकृष्ट करते हुए अपने तर्को में स्पष्ट किया है कि अवर न्यायालय/नायब तहसीलदार करारी द्वारा पारित आदेष दिनाक 02.08.2021, 12.09.2024 विधि, तथ्यों, साक्ष्यों एवं न्यायिक दृष्टांतों के विरूद्ध है। क्रेती के पति के पास 6.579 हे0 कृषि भूमि पूर्व से अर्जित है। हिस्सा प्रमाण पत्र मूल पत्रावली में संलग्न है। दिनांक 29.08.2019 विक्रय विलेखों की कुल भूमि 3.0155 हे0 धारा 89 (2) व 4 (10) से बाधित होने के कारण अवर न्यायालय द्वारा किसी भी प्रकार के न्यायिक दायित्वों का निर्वाहन नही किया गया है तथा धारा 104/105 को नही पढ़ा गया तथा मनमाने ढंग से आदेष पारित कर दिया गया है। विपक्षी नरजिस कासिम द्वारा नामान्तरण से सम्बन्धित सभी आराजियात का बैनामा सैयद हुसैन कासिम की पत्नी के नाम से कराया है तथा हुसैन कासिम सभी बैनामों के गवाह के रूप में पंजीकृत है तथा नरजिष कासिम व हुसैन कासिम का सभी बैनामों में निवास भी संलग्न है।धारा 89 की कार्यवाही से बचने के लिए अवर न्यायालय में फर्जी तलाकनामा 14.06.2018 विपक्षी/प्रतिवादी नरजिस कासिम द्वारा अपने पुत्र अब्बास कासिम व भांजा अम्मार कासिम के साथ मिलकर जालसाजी व षडयंत्र करते हुए दाखिल किया गया है। उसपर पुत्र व भांजे दामाद द्वारा गवाह के



रूप में हस्ताक्षर बनाये गये है। आदेष दिनांक 18.09.2024 में राज्य सरकार के पक्ष का अवलोकन न करना एवं दाण्डिक न्यायालय की निगरानी सं0 94/2021 का गलत अर्थान्वयन करके बैनामा दिनांक 29.08.2019 में नरजिस कासिम पत्नी सैयद हुसैन कासिम (विक्रय विलेख से इतर) के स्थान पर पुत्री मसूद अकबर के नाम से नामान्तरण आदेष पारित किया है जो कि पूर्णतया विधि विरूद्ध है। उपरोक्त तर्कों के आधार पर प्रष्नगत आदेष दिनांक 02.08.2021 व 12.09.2024 निरस्त कर आराजी उपरोक्त कों राज्य सरकार के हित में दर्ज करने का निवेदन किया है।

अधिवक्ता हैदर जमीर रिज़्वी ने बताया कि इस सम्बन्ध मे मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा रिट-सी सं0 4340/2021 मौलाना मो0 अली जौहर ट्रस्ट बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में यह मत प्रतिपादित किया है कि उ0प्र0रा0 संहिता की धारा 89 (2) का उल्लंघन करने पर धारा 104/105 के अन्तर्गत किसी भूमिधर द्वार। विधि के विरूद्ध अंतरित भूमि को समस्त भारों से मुक्त होकर राज्य सरकार में निहित हो जायेगी। उक्त की दषा में अवर न्यायालय द्वारा पारित आदेष दिनांक 02.08.2021 व 12.09.2024 विधि विरूद्ध होने के कारण निरस्त किये जाने योग्य है तथा अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील दिनांक 08.10.2024 स्वीकार किये जाने योग्य पाया जाता है तथा उ0प्र0 सरकार के पक्ष में धारा 89 (2) का जानबूझकर उल्लंघन करने के कारण प्रतिवादिनी का अंतरण विधि विरूद्ध होने के कारण प्रारम्भतः शून्य (टवपकम इ पदपजपव) घोषित किया जाता है। तत्पष्चात् उ0प्र0रा0 संहिता की धारा 104/105 की सपठित धारा 105 (1क), 105 (1ख), 105 (1ग), 105 (1घ) तथा 105 (2) में प्रदत्त व्यवस्था के अन्तर्गत प्रतिवादिनी का विक्रय विलेख दिनांक 29.08.2019 में आ0सं0 567/1.221 हे0 में से 0.537 हे0 व 1207/0.982 हे0 का 1/2 भाग यानि 0.491 हे0 किता 2 रक्बा 1.028 हे0 सम्पूर्ण सभी भारों से मुक्त होकर विक्रेता धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र महराज किषोर बादहू क्रेती नार्जिस कासिम पुत्री सैयद मसूद अकबर व पत्नी सैयद हुसैन कासिम (बैनामा में अंकित) का नाम निरस्त करते हुए राज्य सरकार में निहित किये जाने योग्य है।

उप जिलाधिकारी न्यायालय मंझनपुर एस पी वर्मा ने आदेश दिया कि प्रस्तुत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील दिनांक 08.10.2024 स्वीकार करते हुए अवर न्यायालय द्वारा पारित आदेष दिनांक 02.08.2021 व 12.09.2024 निरस्त किया जाता है। न्यायालय द्वारा पारित इस आदेष के क्रम में वादग्रस्त आ0सं0 567/1.221 हे0 में से 0.537 हे0 व 1207/0.982 हे0 का 1/2 भाग यानि 0.491 हे0 किता 2 रक्बा 1.028 हे0 सम्पूर्ण सभी भारों से मुक्त होकर विक्रेता धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र महराज किषोर बादहू क्रेती नार्जिस कासिम पुत्री सैयद मसूद अकबर व पत्नी सैयद हुसैन कासिम (बैनामा में अंकित) का नाम निरस्त करते हुए राज्य सरकार में निहित की जाती है। परवाना अमलदरामद जारी हो। कोई स्थगन हो तो उसे वापस लिया जाता है। बाद आवष्यक कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

# आखिर कैसे गायब हो गया पीडीएस का 274 क्विंटल चावल, मामले की जांच कर रहा प्रशासन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली**

**मध्यप्रदेश** श्रमजीवी पत्रकार संघ की शिकायत पर प्रशासन ने बनाया जांच दल, दल ने किया वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के गोदाम का निरीक्षण, बनाया पंचनामा

सुसनेर। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड धारी में बांटे जाने वाला 274 ओरिएंटल चावल वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के गोदाम से गायब हो गया। इसकी शिकायत जब मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के द्वारा स्थानीय प्रशासन से की गई तो मामला सामने आया। इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए सुसनेर के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सर्वेश यादव ने जांच दल का गठन कर जांच प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। उसके बाद सोमवार की शाम को स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में संचालित मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कारपोरेशन के गोदाम प्रशासन के जांच ने निरीक्षण कर जांच की और



चावल तथा गेंहू के सेम्पल लिए है। जांच दल में शामिल कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुरेश गुर्जर व नायब तहसीलदार रामेश्वर दांगी ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की है। जहां राशन का भौतिक सत्यापन किया गया व रिकॉर्ड की जांच की गई तो रिकॉर्ड में ही 274 क्विंटल चावल शॉर्ट होना बताया गया है। आशंका है कि अधिकारीयो ने मिली भगत करके यह चावल बाजार में बेचा दिया है। प्रशासन की जांच टीम पूरे मामले का खुलासा करने में जुटी है तो वही नागरिक आपूर्ति निगम और वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन की जिम्मेदार मामले को दबाने में जुटे हुए हैं।

**जिम्मेदारो की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल :** इस पूरे मामले में वरिष्ठ अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे है। क्योंकि नियमानुसार समय-समय पर इस सरकारी वेयरहाउस की जांच की जाना थी और अगर जांच की गई है तो यह अनियमितता पहले क्यों नहीं पाई गई इतनी बड़ी मात्रा में गरीबों का राशन कम होना और अधिकारियों की जानकारी में यह मामला नहीं आना कई तरह के सवालों को ।जन्म दे रहा है।

**लाखो रुपये की कीमत का राशन बाजार में बेचने की आशंका :** शिकायतकर्ताओं के द्वारा बताया गया है कि इस पूरी गड़बड़ी में जिस राशन की शॉर्टेज अधिकारीयो द्वारा गोदाम में होना बताया जा रहे हैं उस राशन को अधिकारियों ने मिली भगत से बाजार में भेज दिया है इस बात की आशंका है। उन्होंने सुसनेर एसडीम सर्वेश यादव से इसकी भी जांच कराए जाने की मांग की है।

मुझे मध्य प्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ के द्वारा लिखित शिकायत की गई थी उसके बाद मेरे द्वारा तत्काल जांच दल का गठन करके सरकारी वेयरहाउस का निरीक्षण करवा करके जांच करवाई जा रही है। जांच प्रतिवेदन आने के बाद यदि कोई दोषी पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**सर्वेश यादव**
**एसडीएम, सुसनेर।**

रिकॉर्ड में 274 क्विंटल चावल की शॉर्टेज दर्ज है। सम्बधितो से राशि की वसुली की जाएगी।

**एम के चौधरी**
**प्रभारी डीएम नागरिक आपूर्ति निगम, आगर।**

# महाकालेश्वर धाम मैं अग्रवाल सभा के द्वारा किया गया रुद्राभिषेक



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद**

नया मुरादाबाद में किया गया रुद्राभिषेक एवं सभा का आयोजन जिसके संयोजक शरद अग्रवाल जी, गौरव मित्तल जी व आशीष बंसल जी रहे। सभा में सभी सदस्यों ने बड़े प्रेम भाव से शिव भगवान का रुद्राभिषेक कर शिव भगवान का आशीर्वाद लिया। इसी सभा में महिला दिवस के अवसर पर चार अग्र महिलाएं जिसमें डॉक्टर पूनम बंसल ( कवियत्री व काउंसलर-नारी उत्थान केंद्र ) ,आर्किटेक्ट श्रीमती वर्षा गर्ग , श्रीमती प्रियांशी अग्रवाल रूञ्चद्गष्द्ध , श्रीमती रुचि अग्रवाल (जूडो खिलाड़ी व कोच ) का अग्रवाल सभा द्वारा सम्मान करा गया ।श्रीमती साध्वी गुप्ता द्वारा अपने भजनों की प्रस्तुति भी दी गई जिसे सदस्यों ने बहुत आनंद से सुना। सभा का संचालन सीए अजीत कुमार अग्रवाल मंत्री द्वारा करा गया व अध्यक्षता अध्यक्ष महेश अग्रवाल जी द्वारा करी गई। धन्यवाद कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल द्वारा दिया गया। सभा में अजय गुप्ता( संरक्षक), शरद अग्रवाल (संरक्षक) ,नीरज अग्रवाल( उपाध्यक्ष), सुरेश अग्रवाल (उपाध्यक्ष), मनोज कुमार अग्रवाल (उप मंत्री) रचित अग्रवाल ( सह कोषाध्यक्ष) संजय अग्रवाल (भंडारी), अन्य कार्यकारिणी सदस्य- अनिल अग्रवाल भट्टे वाले ,सीए प्रवीन अग्रवाल ,विजय अग्रवाल ,नलिन अग्रवाल ,सुधीर कंसल, अनुराग अग्रवाल गौरव मित्तल ,सौरभ अग्रवाल, डॉक्टर पंकज दर्पण, रतन अग्रवाल, सुधांशु अग्रवाल, विजय अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश सिंघल ,राजीव कुमार अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल ,मुकेश अग्रवाल ,अरविंद कुमार अग्रवाल, राजीव कुमार अग्रवाल, अरुण गोयल, अमरीश अग्रवाल ,शलभ अग्रवाल, रॉबिन अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल ,अमित गर्ग राकेश, जिंदलआदि मौजूद रहे।

# गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद**

आज गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा जी के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन ॐसड़क सुरक्षा अभियानॐ के रूप में मनाया गया ।सर्वप्रथम प्राचार्य जी के द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किए गए इसके बाद स्वयं सेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं राष्टीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया साथ ही स्वयं सेविकाओं के द्वारा योग अभ्यास भी किया गया।

इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने छोटी-छोटी टोली बनाकर बस्ती के लोगों को सड़क के नियमों से अवगत कराया और बताया कि यदि सड़क के नियमों का पालन न किया जाए तो सड़क दुर्घटना संभव है स्वयंसेविकाओं को एवं बस्ती के लोगों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा जी ने कहा कि भारत में हर साल लगभग हजारों लोग सड़क दुर्घटना में मारे जाते हैं जो पूरी दुनिया में होने वाली कल मृत्यु का 13त्न है अधिकांश दुर्घटनाओं में चालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है क्योंकि लोगों में सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी



है। सड़क सुरक्षा अभियान चलाने का उद्देश्य लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आज लोग सड़क पर आज सुरक्षित ड्राइविंग करते हैं वह इतनी तेज में गाड़ी चलाते हैं कि जब तक वह अपनी गाड़ी में ब्रेक लगाए दुर्घटना घट चुकी होती है। सड़क दुर्घटना में कई लोग मारे जाते हैं गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं या अपने शरीर के अंग हमेशा के लिए खो देते हैं। सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति ही नहीं खत्म होता बल्कि उसका परिवार भी बिखर जाता है इसीलिए आज स्वयंसेविकाए बस्ती के लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास कर रही है। उन्हें वाहन चलाते हुए हेलमेट पहने बेल्ट लगाने गाड़ी की स्पीड को तेज न करने के लिए प्रेरित किया।

तत्पश्चात ट्रैफिक पुलिस के द्वारा स्वयं सेविकाओ को ट्रैफिक के नियमों से अवगत कराया और कहां कि सड़क पर सावधानी से चलना हमारी जिम्मेदारी है हमारे सामने यदि कोई आ रहा है तो उसको ध्यान में रखते हुए गाड़ी को चलना चाहिए साथ हीजेब्रा क्रॉसिंग से ही पेड अल चले शराब पीकर गाड़ी ना चलाएं बीमार जटके हुए हैं तो गाड़ी ना चलाएं पहले ट्रैफिक लाइट को देखें यदि हरि लाइट है तो ही चले लाल लाइट पर रुक जाए। चौराहा पर गति धीरे कर ले ।दो गाड़ियों के बीच में थोड़ा गैप रखें गाड़ी चलाते वक्त फोन का इस्तेमाल न करें हेलमेट बेल्ट का प्रयोग करें यदि किसी साइलेंट जोन जैसी अस्पताल आदि पर जा रहे हैं तो फोन का इस्तेमाल न करें।

इसके बाद छात्रों से हम सेविकाओं के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को सड़क दुर्घटना से बचने के लिए इन नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया साथ ही लोगों को हेलमेट लगाने और गाड़ी तेज ना चलने ट्रैफिक लाइट्स पर ध्यान से देखकर गाड़ी को चलाने आदि के लिए भी प्रेरित किया ।

शिविर के दूसरे सत्र में कौशल विकास के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं को पिको करना मशीन के द्वारा एंब्रायडरी करना सिखाया गया ।साथ ही सलाद डेकोरेशन की प्रतियोगिता कराई गई जिसमें प्रथम पढ़ कर देता हूं लाइबा द्वितीय क्या नाम गुलरोज तृतीय इकरा रही। निर्णायक मंडल में इंग्लिश डिपार्टमेंट की प्रोफेसर अनुराधा सिंह जी रही। महाविद्यालय की उप प्राचार्य प्रोफेसर अंजना दास जी ने भी स्वयं सेविकाओं को बधाइयां दी और कहा हमारा और आपका जीवन का दिया एक वरदान है जिसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है इसीलिए सड़क सुरक्षा की नियमों का पालन करना चाहिए मुख्य अनुशासिका प्रोफेसर कविता भटनागर जी ने भी स्वयंसेविकाओं को बधाइयां दी ।शिविर में महाविद्यालय की बी, एड डिपार्मेंट की प्रभाती प्रोफेसर अंशु सरीन ने स्वयं सेविकाओं को और बस्ती के लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में प्राप्त होने वाले रोजगारों के बारे में परामर्श दिया। प्रोफेसर किरण साहू प्रोफेसर पुनीता शर्मा प्रोफेसर सीमा अग्रवाल प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा प्रोफेसर सुदेश प्रोफेसर करुणा आनद डॉ इंदू सिंह राजपूत डॉरूपाली आदि प्रवक्ताएं मौजूद रही ।शिविर का संचालन और आयोजन डॉक्टर शेफाली अग्रवाल द्वारा किया गया ।शिविर की में सभी स्वयं सेविकाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

# उन्नाव बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रत्याशियों ने दाखिल किए पर्चे,अधिवक्ताओं ने दल बल के साथ कराया अपना नामांकन,24 फरवरी को होंगे चुनाव

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**अश्वनी शेखर(ब्यूरो उन्नाव)**

उन्नाव/जनपद उन्नाव के बार एसोसिएशन चुनाव की तिथि का आगाज हो चुका है।अध्यक्ष पद से लेकर कार्यकारणी सदस्य के विभिन्न पदों पर चुनाव लड़ रहे कई अधिवक्ता प्रत्याशियों ने मंगलवार को भारी संख्या में साथी अधिवक्ताओं के साथ मिलकर बड़े जोर शोर से अपना नामांकन कराया वहीं उन्नाव बार एसोसिएशन चुनाव में संयुक्त मंत्री प्रशासनिक पद पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी एडवोकेट सूरज बाजपेई ने अपने सैकड़ों अधिवक्ता साथियों के साथ अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया साथ ही सतीश भदौरिया कनिष्ठ सदस्य पद प्रत्याशी ने भी अपने अधिवक्ता साथियों के साथ मिलकर बार एसोसिएशन में अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया,अब देखना यह है कि 24 फरवरी 2025 को उन्नाव बार एसोसिएशन के होने वाले वार्षिक चुनाव में किस अधिवक्ता के सर माथे तिलक और ताज सजेगा,बीते मंगलवार को बार एसोसिएशन में प्रत्याशियों के हुए नामांकन में एडवोकेट ओपी पांडेय, एडवोकेट प्रवीण दुबे,दिनेश यादव,



अमित सिंह, एडवोकेट अमरेंद्र वर्मा, रामसिंह यादव, हरिओम गुप्ता, दिनेश यादव आदि अधिवक्तागण शामिल हुए।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# सीएम की महत्वाकांक्षी योजनाओं को कुछ भ्रष्ट अधिकारी लगा रहे पलीता - सुनील राजवंशी

## सुहेल देव भारतीय समाजपार्टी का दूसरे दिन भी जारी रहा धरना



**सीतापुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाअध्यक्ष सुनील राजवंशी के नेतृत्त में दूसरे दिन भी धरना स्थल पर जारी रहा धरना। श्री राजंवशी ने बताया कि सूबे के मुख्यमंत्री के द्वारा प्रदेश में चहुमुखी विकास के लिये हर संभव प्रयास किया जा रहा है जिससे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में व शहरी क्षेत्रों में विकास कार्य हो सके व आम जन मानस को जारी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही जारी योजनाएं भ्रष्टाचार मुक्त हो सके जिससे शत प्रतिशत आवंटित धनराशि विकास कार्यो में लगाई जा सके। मुख्यमंत्री के जारी आदेशों को अधिक गति देने के लिये सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जो कि भारतीय जनता पार्टी की समर्थित पार्टी है के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पंचायत राज विभाग में मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। जिससे विकास कार्यो भ्रष्टाचार मुक्त हो सके शासन के हर प्रयास बाद भी जनपद सीतापुर में कुछ भ्रष्टाचारी अधिकारियों की वजह से भ्रष्टाचार खत्म हो का नाम ही नही ले रहा है। यहां तक शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई मजबूत कार्यवाही नही की जाती है जिससे भ्रष्टाचारी फल फूल रहे है। जिला प्रशासन को पार्टी पदाधिकारियों के साथ जनपद के विभिन्न विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार से लगातार अवगत कराया जा रहा है उसके बावजूद भी संरक्षण दे रहे भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही नही की जा रही है। जो कि बहुत ही निन्दनीय व चिन्ता का विषय है। जब समर्थित दलों की शिकायतों पर जिम्मेदारों द्वारा कार्यवाही नही की जाती है तो आम जनता की शिकायतों पर क्या कार्यवाही होगी यह तो कह पाना बड़ा ही मुश्किल है। उदाहरण के तौर पर जनपद के विकास खण्ड लहरपुर में तैनात सचिव अमित वर्मा ने अपनी तैनाती वाली कई ग्रामपंचायतों में सोमपाल नामक व्यक्ति के नाम जारी आदेशों को दरकिनार कर लाखो रूपये का भुगतान किया है। वहीं सचिव सतेन्द्र कुमार के द्वारा भी प्रधान परिजनों के नाम जमकर भुगतान किये गये। ग्राम पंचायत ताहपुर में प्रधान जितेन्द्र के द्वारा अपने पिता श्रवण कुमार चाची लीलावती व स्वयं अपने नाम जारी आदेशों को दरकिनार करते हुए पन्द्रहवे व पंचम वित्त की धनराशि का भुगतान कर बंदरबांट किया है। इसी प्रकार विकास खण्ड ऐलिया में तत्कालीन सचिव शलिनी राजवंशी के द्वारा ग्राम पंचायत सहादतनगर में सत्यम नामक व्यक्ति के नाम एक ही वित्तीय वर्ष में लगभग चार लाख रूपये का भुगतान किया गया है। जिस सम्बन्ध में जिम्मेदारों को शिकायत दी गई उसके बाद भी कार्यवाही लम्बित है। मुख्यमंत्री के द्वारा प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास गति को तीव्र करने के लिये वर्ष 2022 में विकास खण्डों में सीई का चयन किया गया जिससे एसएलडब्लू योजना के साथ अन्य योजनाओं को तीव्र गति मिल सके लेकिन विडम्बना यह है कि यह सीई भी जनपद में निजी लाभ के चलते बंदरबांटों में मिल गये। जिससे जहां एक तरफ योजनाओं का निर्माण हो रहा है वही दूसरी तरफ योजनाएं ध्वस्थ होती नजर आ रही है। जनपद के भ्रष्टअधिकारियों की वजह से मुख्यमंत्री द्वारा संचालित योजनाओं को लगातार पलीता लगाया जा रहा है। जबकि जनपद में जिलाधिकारी के द्वारा भी लगातार विकास कार्यो को भ्रष्टाचार मुक्त किये जाने के लिये बैठके भी की जा रही है व सम्बन्धित को निर्देश भी दिये जा रहे है उसके बाद भी संरक्षण दे रहे अधिकारियों की वजह से भ्रष्टाचारियों पर कोई भी प्रभाव नही पड़ रहा है। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष कुलदीप रावत, जिलाध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा नूर हसन, जिला सचिव संजय सिंह राठी, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र यादव, जिला महासचिव नरेन्द्र राजवंशी राम लखन राठौर, आशाराम मौर्य आदि भारी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम के सख्त निर्देश पुराने वादों के निस्तार में अधिकारी लाये तेजी



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने भू राजस्व, परिवहन, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, नगर निकाय, वाणिज्य कर, मंडी, विद्युत सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से उनके निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा की। विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाले राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने विशेष रूप से वाणिज्य कर, विद्युत और आबकारी विभाग के अधिकारियों को राजस्व वसूली के प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष कम होने पर, प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। स्टांप में प्रभावी कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने खनन और परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि वे सक्रिय रहते हुए प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाएं। अवैध परिवहन, बिना रॉयल्टी के चलने वाले वाहन, बिना नंबर प्लेट के वाहन और ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही की योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और अभियान चलाकर लोकेशन माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर जेल भेजा जाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को 5 वर्ष और 3 वर्ष पुराने राजस्व वादों व अन्य वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह, सरकारी संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा अभियान चलाने का निर्देश दिए। अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई की जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने और शासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभाग अपने कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता दिखाएं। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि हैसियत संबंधी जो भी प्रमाण-पत्र प्राप्त हों, उसको जल्द से जल्द जारी किया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बराबरी पर समाप्त हुआ गोरखपुर बनाम अयोध्या टीम का मैच




**सीतापुर ।** जिला खेल कार्यालय, सीतापुर द्वारा खेल निदेशालय के तत्वाधान में राज्य स्तरीय आमन्त्रण कबड्डी (महिला सीनियर वर्ग) प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें 10 टीमों क्रमशः सीतापुर, वाराणसी, आगरा हास्टल, लखनऊ, गाजीपुर, अयोध्या, कानपुर, गोरखपुर, महाराजगंज एवं जौनपुर ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनके मनोबल को बढ़ाया तथा कहा कि खेल पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ खेला जाये। हार जीत सिर्फ खेल का एक अंग है। जिलाधिकारी ने सीतापुर एवं जौनपुर के बीच हुयी कबड्डी प्रतियोगिता को भी देखा। जिलाधिकारी द्वारा दूसरे जनपद में आयोजित हुयी ओपेन स्टेट फुटबाल प्रतियोगिता में जनपद सीतापुर की टीम के विजय होने पर उनको सम्मानित करते हुये बधाई भी दी।इस मौके पर खेल निदेशालय के नियुक्त प्रतियोगिता प्रवेक्षक सुनील भारती, उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के चेयर मैन विनोद कुमार यादव एवं समस्त निर्णायक, आशीष सिंघानियां प्रबन्धक सिघांनिया एजूकेशनल इस्टीटयूट् सीतापुर, राज शर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक, जिला खेल कार्यालय, सीतापुर के खेल प्रशिक्षक सुरेन्द्र कुमार लाल, विवेक सिंह, अरूण गौतम, मंयक आनंद, देवेन्द्र कुमार व खेल कार्यालय महमूदाबाद के प्रशिक्षक जय शंकर एवं समस्त स्टाफ व खिलाड़ीगण आदि उपस्थिति रहे।सर्वप्रथम प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर संमानित किया गया। तत्पश्चात जिला अधिकारी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया एवं गुब्बारे छोड़कर कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इसके उपरान्त प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी के द्वारा अपने संबोधन में जिलाधिकारी, को प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुये सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बराई खेड़ा के पांच गांव जलकर राख

**सिधौली-सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के गांव बराई खेड़ा में गत दिनों अज्ञात कारणों से आग लगने से पांच घर पूरी तरह जलकर खाक हुए थे जिसमें नगदी सहित लाखों का गृहस्थी का सामना जलकर राख हो गया था सूचना पाकर पहुंचे स्थानीय भाजपा विधायक मनीष रावत ने अग्निकांड पीड़ितों से मिलकर उनका दर्द साझा करते हुए जले में मरहम लगाने का काम किया। रामपुर कलां थाना क्षेत्र के बरईखेरा गांव में दो दिनों पूर्व अज्ञात कारणों से लगी आग में पांच घर जलकर राख हो गए थे।सोमवार को सूचना पाकर पहुंचे भाजपा विधायक मनीष रावत ने गांव पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात की और श्री रावत ने पीड़ितों को बर्तन,अनाज , कपड़ों के साथ आर्थिक सहयोग किया और पीड़ितों को सरकारी सहायता दिलाए जाने का वायदा किया।

# ई रिक्शा की नम्बर प्लेट हटाकर की गई थी लूट

## इमलिया पुलिस ने पकड़े आधा दर्जर शातिर लुटेरे




**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद सीतापुर में लूट,चोरी, नकबजनी जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् विधिक कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। निर्देशो के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन के निकट पर्यवेक्षण में थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस एवम् स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा लूट की घटना में प्रकाश में आये कुल 06 शातिर अभियुक्तों अर्पित पुत्र जयशंकर प्रसाद निवासी चठिया थाना महोली जनपद सीतापुर -भोगराज उर्फ भोगनाथ पुत्र संतलाल शिवचरन त्रिवेदी पुत्र सतीश त्रिवेदी नि.गण ग्राम चतुरईया थाना महोली जनपद सीतापुर -नितिन वर्मा पुत्र गौरी शंकर वर्मा निवासी बिराहिमबाद थाना कोतवली देहात जनपद सीतापुर -उमेश कुमार पुत्र गोपी नाथ निवासी मल्लापुर थाना हरगांव जनपद सीतापुर महेन्द्र कुमार ओझा पुत्र विरेन्द्र शुक्ला निवासी चतुरईया थाना महोली जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। 'जिनसे मौके व निशानदेही से एक अदद ई-रिक्शा उप 34 बीटी 1472, घटना में प्रयुक्त एक अदद स्वीफ्ट डिजायर कार यूके 07 डीजे-9230 बरामद' हुई है। इसके अतरिक्त अभियुक्त महेन्द्र उर्फ ओझा तथा शिवचरन त्रिवेदी उपरोक्त के कब्जे से एक-एक अदद चाकू भी बरामद हुआ है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 08.02.2025 को शाम एक ई-रिक्शा को चालक से फरकपुर चैराहे से बुक करके नवादा गांव के आगे पहुँचने पर चालक को हाथ पैर बाँध कर एक गन्ने के खेत मे धकेल दिये और ई-रिक्शा की निकालकर फेंक कर ई-रिक्शा लूट लिया था। प्रकरण में थाना इमलिया सुल्तानपुर पर मु0अ0सं0- 22/2025 धारा 310(2),127(2) बीएनएस पंजीकृत है। पंजीकृत अभियोग में नियमानुसार धारा बढ़ोत्तरी कर अभियुक्तों उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

# बाघ ने किया झुण्ड पर हमला आधा दर्जन बकरियां मरी

**कमलापुर ( सीतापुर )।** जनपद के कमलापुर थाना क्षेत्र में बाघ ने बकरियों के झुंड पर हमला कर दिया। इस दौरान उसने छः बकरियों को मार डाला और एक को जंगल में उठा ले गया। बाघ को देखकर चरवाहे शोर मचाते हुए गांव की ओर भाग खड़े हुए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल की और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी।इलाके में बाघ की चहलकदमी करीब एक माह से जारी है। बाघ सरायन और गोन नदी के कछार में लगातार ठिकाना बदल रहा है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार विगत शाम करीब पांच बजे चंदोखा गांव के पास सितारा देवी व अन्य महिलाएं बकरी चरा रही थीं। अचानक बाघ ने बकरियों के झुंड पर हमला कर दिया। बाघ को देख महिलाएं चीख पुकार मचाती हुईं गांव की ओर भागीं। शोर सुनकर ग्रामीण एकत्र हुए और लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे तो पांच बकरियां मरी हुई मिलीं, जबकि एक को बाघ जंगल में उठा ले गया था। चंदोखा के राम गोपाल ने बताया कि बाघ के हमले में बाघ के हमले में भगवानी की तीन, हीरालाल व शिवबालक की एक-एक बकरी मर गई। भगवानी की एक बकरी गायब है। बाघ के हमले से ग्रामीण दहशत में हैं। वन विभाग को सूचना दी गई तो टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। सिधौली वन क्षेत्राधिकारी रोहित निगम ने बताया कि वह मौके पर गए थे। गांव वालों को सतर्क रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

# सपा मुखिया के निर्देश पर पीडीए ने किया महा पंचायत का आयोजन

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत गांव रामपुर मजरा बहरीमऊ में मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के सांसद आर के चैधरी की मौजूदगी में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए महापंचायत का आयोजन कर मौजूदा भाजपा सरकार में पिछड़ा, दलित, किसानों, नवजवानों, छात्रा -छात्राओं के हक मारे जाने के साथ संविधान बचाए जाने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी के पिडीए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहल्ला गंज संसदीय क्षेत्र के सांसद आर के चैधरी ने अपने संबोधन में कहा कि हरसंभव दलित, किसानों,पिछड़ो छात्र -छात्राओं के हक के साथ संविधान बचाने के लिए हम संघर्ष करते रहे गे। वहीं पूर्व विधायक डा0हरगोविंद भार्गव ने कहा कि सरकार पर तंज कस्ते हुए कहा कि जहां आज दलित, किसानों, पिछड़ो आदि का हक मारा जा रहा है वहीं संविधान भी खतरे में है। महापंचायत को रमेश यादव,त्रिभवन रावत, पप्पू यादव, दिनेश प्रताप सिंह आदि ने संबोधित किया इस अवसर पर इन्दु रावत, खुशी राम,सर्वेश, महेंद्र यादव, शिवलाल आदि प्रमुख लोगों के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 146 केन्द्रों पर परीक्षा देगें 92151 छात्र



**सीतापुर ।** यू0पी0 बोर्ड परीक्षा को सकुशल एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा ड्यूटी को लेकर भी गंभीरता बरतें, यह सुनिश्चित किया जाये। राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट समेत केंद्र व्यवस्थापक व वाहय केंद्र व्यवस्थापकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनपद सीतापुर मे हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2025 में कुल 146 परीक्षा केन्द्र निर्धारित है। कुल 146 परीक्षा केन्द्रों के सापेक्ष 19 राजकीय, 38 अशासकीय सहायता प्राप्त एवं 89 वित्तविहीन विद्यालय सम्मिलित है। बोर्ड परीक्षा-2025 में जनपद सीतापुर में कुल 92151 परीक्षार्थी पंजीकृत है, जिसमें हाईस्कूल के 47623 परीक्षार्थी एवं इण्टरमीडिएट के 44528 परीक्षार्थी सम्मिलित है। कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक, सीतापुर में जनपद स्तरीय कंट्रोल रूमध्मॉनिटरिंग सेल स्थापित किया गया है, जिससे समस्त 146 परीक्षा केन्द्रों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जायेगी। समस्त 146 परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापकों की तैनाती की जा चुकी है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह सहित सभी उपजिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मदरसा परीक्षा में 74 प्रतिशत छात्र दे रहे परीक्षा



**सीतापुर ।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष-2025 की परीक्षाएं जनपद सीतापुर के 16 परीक्षा केन्द्रों पर चल रही थी, जिसमें आज दिनांक 17.02.2025 को प्रथम पॉली में कुल 1757 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1292 (74 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित तथा अनुपस्थित 458 (26 प्रतिशत) थे। द्वितीय पॉली में कुल 360 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 291 (81 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित तथा अनुपस्थित 69 (19 प्रतिशत) हुए।

# एडीओ पंचायत के नेतृत्व में रवाना हुई पोंलिग टीम



**खैराबाद-सीतापुर।** विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत दहेलिया श्रीरंग में पंचायत राज विभाग का आज उप चुनाव होना शासन से निर्धारित किया गया है। जिस सम्बन्ध में विकास खण्ड खैराबाद सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पोंलिग टीम पोलिंग बूथ के लिये रवाना की गई। बताते चले कि विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत दहेलिया श्रीरंग में प्रधान की मृत्यु हो जाने के बाद प्रधान पद रिक्त था। जिसके चलते विकास कार्य बाधित हो रहे थे। जिस कारण जारी आदेशानुसार आज पुलिस की संख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। जिस सम्बन्ध में पोलिंग टीम रवाना की गई है।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय की कक्षा आठ की बालिकाओं ने किया लखनऊ भ्रमण




**सीतापुर ।** जनपद सीतापुर में लिंगानुपात में सुधार के दृष्टिगत संचालित बेबचाओ बेटी पढ़ाओध्मिशन शक्ति 0.5 आभियान के अन्तर गत जनपद के समस्त कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के कक्षा आठ की छात्राओं के बौद्धिक विकास के दृष्टिगत दिनांक 18 फरवरी से 23 फरवरी 2025 तक आंचलिक विज्ञान नगर जनपद लखनऊ का भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है, जिसके क्रम में दिनांक 18-02-2025 कों कस्तूरबा गांधी विद्यालय हरगांव, परसेण्डी, लहरपुर तथा खैराबाद जनपद सीतापुर कि समस्त छात्राओं को साइंस सिटी भ्रमण हेतु जिलाधिकारी महोदय के द्वारा 02 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस अवसर पर जिला प्रोबेशन आधिकारी प्रिया पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खेल क्रीड़ा अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी दीपिका नाग संरक्षण अधिकारी तथा डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर चाइल्ड लाइन उपस्थित रहीं।

# शिक्षामित्र केयर समिति द्वारा 154 बेटियों की शादी व 17 दिवंगत शिक्षामित्रों के आश्रितों का किया गया सहयोग

## शिक्षामित्रों के साथ सरकार द्वारा किया जा रहा है सौतेला व्यवहार, शिक्षामित्र आर्थिक तंगी से परेशान

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** शिक्षामित्र केयर समिति अंबेडकर नगर के जिला संयोजक व शिक्षामित्र शिक्षक संघ अम्बेडकर नगर के जिलाध्यक्ष राम चन्दर मौर्य ने कहा कि शिक्षामित्र केयर समिति द्वारा अब तक 154 शिक्षामित्रों की बेटियों के शादी में सहयोग किया गया है। वहीं 17 दिवंगत शिक्षामित्रों के आश्रितों को शिक्षामित्र केयर समिति द्वारा सहयोग प्रदान किया जा चुका है। जिलाध्यक्ष जिला संयोजक राम चन्दर मौर्य ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार द्वारा शिक्षामित्रों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। अल्प मानदेय में शिक्षामित्रों को अपना परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। शिक्षामित्रों द्वारा बेटियों के शादी के लिए सहयोग मांगना पड़ रहा है। सरकार द्वारा शिक्षामित्रों को लम्बे समय से मानदेय वृद्धि का झूठा आश्वासन दिया जाता रहा तथा समाधान के नाम पर दो कमेटियों का गठन किया गया अभी तक परिणाम शून्य ही रहा। फिर भी सरकार शिक्षामित्रों के साथ उदासीनता पूर्ण रवैया अपनाते हुए केवल झूठे आश्वासन देने का काम कर रही है।आठ वर्षों से शिक्षामित्रों के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं किया गया। जबकि शिक्षामित्र 24 वर्षों से बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा




संचालित विद्यालयों में कार्यरत हैं तथा शिक्षक की सभी योग्यता पूर्ण करते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षामित्र के मामले को लेकर पूरी तरह से फेल रही है। कम मानदेय आर्थिक तंगी के चलते 10000 दस हजार से अधिक शिक्षामित्रों की मौत की जिम्मेदार उत्तर प्रदेश सरकार की शिक्षामित्रों के प्रति अपनाई गई गलत नीतियां हैं। जनवरी माह में शिक्षामित्रों को सरकार द्वारा मात्र 5 हजार रुपए मानदेय दिया जा रहा है। जिससे शिक्षामित्रों को परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। सरकार द्वारा ऐसी स्थिति उत्पन्न कर शिक्षामित्रों को मरने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जिला संयोजक, जिलाध्यक्ष राम चन्दर मौर्य ने कहा कि शिक्षामित्र चुप नहीं बैठेंगे अपने अधिकार के लिए संघर्ष करेंगे। पूर्व की सरकार द्वारा शिक्षामित्रों को 40 हजार रुपए वेतन मिल रहा था। वर्तमान सरकार द्वारा जनवरी व जून माह में 5 हजार रुपए मानदेय दिए जा रहा है। शेष माह का 10000 दस हजार रुपए मासिक मानदेय सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं। वर्तमान महंगाई को देखते हुए जो बहुत ही कम है और वह भी जनपद के शिक्षामित्रों को समय से नहीं मिल पा रहा है। राम राज की परिकल्पना करने वाली व सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली सरकार का दावा शिक्षामित्रों के साथ भेदभाव पूर्ण नीति के चलते झूठा साबित होता हुआ दिखाई दे रहा है।

# मनमाने ढंग से जबरन करा दिया गया आबादी में नाली निर्माण

## नायब तहसीलदार पर पीड़ित ने विपक्षी से प्रभावित होने का लगाया गंभीर आरोप

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर ।** जनपद के तहसील आलापुर में तमाम शिकायतों के बावजूद भी तहसील एवं पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में आबादी की भूमि से जबरन नाली निर्माण कराए जाने की शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई है। मामला आलापुर तहसील क्षेत्र के भदया का है गांव निवासी जौवाद पुत्र गफूर ने जिलाधिकारी सहित उच्च अधिकारियों को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मेरी आबादी की भूमि पर नायब तहसीलदार की मौजूदगी में विपक्षी द्वारा जबरन नाली निर्माण करा दिया गया शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि मेरी आबादी की भूमि में कभी कोई नाली नहीं थी लेकिन विपक्षियों द्वारा तहसील कर्मियों को मिलाकर जबरन नाली बनवाया गया है। यही नहीं विपक्षियों के प्रभाव में पुलिस द्वारा नाली निर्माण होने तक पीड़ित एवं उसके भाई को थाने पर बैठाया गया तथा विरोध करने पर फर्जी मुकदमे मे फसाये जाने की धमकी भी दी गई जिससे पूरा परिवार दहशत में है। उच्च अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित द्वारा कहा गया है कि अगर इसी तरह से शिकायत करते रहोगे तो पूरे परिवार को फर्जी मुकदमे में फसा कर जीवन बर्बाद कर देंगे यही नहीं नायब तहसीलदार द्वारा भी नाली निर्माण रोके जाने पर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने की धमकी दी गई इस बाबत तहसीलदार आलापुर धर्मेंद्र यादव ने बताया कि नाली निर्माण अंडर ग्राउंड कराई गई है उससे पीड़ित का कोई नुकसान नहीं है तहसील क्षेत्र के भदया गांव निवासी जौवाद द्वारा पहले ही विपक्षियों द्वारा नाली निर्माण कराए जाने की आशंका जताते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था तहसील प्रशासन ने जौवाद के शिकायत पत्र पर रिपोर्ट लगाया है कि यह आबादी की भूमि वर्ग 6 है जिससे नाली निर्माण बिना दोनों पक्ष की सहमति से कराया जाना संभव नहीं है और शिकायतों का इस तरह निस्तारण कर दिया गया और मौके पर तहसील कर्मियों की मौजूदगी में नाली निर्माण भी करा दिया गया जिससे तहसील कर्मियों की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है। जहां एक तरफ शिकायतों के निस्तारण मे दिखाया जा रहा है कि आबादी की भूमि बिना सहमति के नाली निर्माण कराया जाना संभव नहीं है वहीं पर तहसील प्रशासन द्वारा पुलिस की मदद से बैठकर नाली निर्माण कराया गया जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें तहसील के एक अधिकारी द्वारा मौके पर बैठकर नाली निर्माण कराया गया है । इस बाबत उप जिलाधिकारी आलापुर सुभाष सिंह ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया था मैं गया था नाली निर्माण कहां कराया गया है इस बारे में जानकारी करके आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# राम मंदिर परिसर में ड्रोन मारा , ड्रोन गिरने से हड़कंप

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** राम मंदिर परिसर में ड्रोन गिराए जाने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी अनुसार यह ड्रोन एंटी ड्रोन सिस्टम के जरिए इस ड्रोन को मारा गया है। यह ड्रोन 3 नंबर गेट के पास उड़ रहा था। जानकारी मिल रही है कि राम मंदिर परिसर में उड़ रहे ड्रोन को मार गिराने के मामले में 1 व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कर ली गई है। सोमवार शाम राम मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच अचानक एक ड्रोन गिर गया। इस मामले के बाद एंटी ड्रोन सिस्टम का ट्रायल तेज किया गया है। इस मामले में दावा किया जा रहा है कि यह यूट्यूबर का ड्रोन था। आरोपी को पुलिस ने ट्रेस कर लिया है। राम मंदिर मामले में पुलिस ने ड्रोन पायलट को ट्रेस कर लिया है। ड्रोन पायलट यूट्यूबर बताया जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह यूट्यूब पर गुरुग्राम का रहने वाला है। गुरुग्राम निवासी यूट्यूबर की तलाश में पुलिस जुट गई है। राम मंदिर परिसर का वीडियो फुटेज लेने के लिए ड्रोन को उड़ाए जाने का दावा किया जा रहा है। राम मंदिर परिसर और आसपास ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी है। इस प्रकार की वारदात सामने आने के बाद एंटी ड्रोन सिस्टम को एक्टिव किया गया है। ड्रोन गिरने से हड़कंप मच गया। यह घटना तब घटी, जब महाकुंभ के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। पुलिस ने तुरंत ड्रोन को अपने कब्जे में ले लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। राम मंदिर परिसर में ड्रोन गिरने की घटना की प्रारंभिक जांच में साजिश की आशंका जताई जा रही है। जांच में पाया गया है कि भीड़ में भगदड़ मचाने के मकसद से यह हरकत की गई हो सकती है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और ड्रोन के जरिए इस हरकत के पीछे की साजिश का पता लगाने में जुटी है।

### श्रीरामलला का वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर फर्जी पास देने के मामले में दो गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** श्रीरामलला का वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर श्रद्धालु को फर्जी पास देने व 4,000 रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने महिला समेत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लुधियाना निवासी संजीव कुमार गुप्ता से श्रीरामलला का वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर ठगी के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। मामले में सुल्तानपुर के कूरेभार थाना क्षेत्र के महमूदपुर निवासी जयशेख सिंह और अवधपुरी कॉलोनी में रहने वाली मीनाक्षी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक मीनाक्षी यात्रियों के लिए निजी कार उपलब्ध कराती है और जयशेख उसका चालक है। वीआईपी दर्शन के लिए पैसे मीनाक्षी ने लिए थे और जयशेख ने कंप्यूटराइज्ड फर्जी पास उन्हें उपलब्ध कराया था।

# जानकारी के अभाव में सरकार की बहुत सी कल्याण-कारी योजनाओं से वंचित : मनोज कुमार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** लोगों को श्रम विभाग की योजनाओं पर जागरूक करने व श्रमकार्ड बनवाने की प्रक्रिया से अवगत कराने को लेकर किशोरी बालिकाओं व महिलाओं के बीच जागरूकता बैठकों का आयोजन हो रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी हो रही है। किशोरी बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम अम्बेडकर नगर व जन विकास केन्द्र भितरीडीह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बैठकों को सम्बोधित करती हुई सचिव गायत्री ने कहा कि मजदूर परिवार ज्ञान व जानकारी के अभाव में सरकार की बहुत सी कल्याणकारी योजनाओं से बचित



हो जाते हैं जिसका खामियाजा महिलाओं किशोरियों व बच्चों को ज्यादा भुगतना पड़ता है। जिसके लिए सभी को जागरूक करना हमारी प्राथमिकता है।

**सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार ने बताया कि :-**

श्रमिकों को कानून के तहत न्यूनतम मज़दूरी, विनिश्चित मौद्रिक लाभ, और अदायगी सुनिश्चित करना श्रमिकों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ, और उत्पादक कार्य वातावरण और कल्याण उपलब्ध कराना बाल श्रम और बंधुआ मज़दूरी उन्मूलन, और उनका पुनर्वास सुनिश्चित करना दुर्घटना रहित, सुरक्षित, और उत्पादक कार्य स्थलों को प्रोत्साहित करना और बढ़ावा देना श्रम विभाग का उद्देश्य है। कम्युनिटी मोबिलाइजर निरकला ने बैठकों में लोगों को मेधावी छात्र पुरस्कार योजना,सौर ऊर्जा सहायता,चिकित्सा सहायता, कन्या विवाह,पेंशन योजना, आवास सहायता,कौशल विकास योजना,शिक्षा प्रोत्साहन योजना के बारे में बताया। और यही पर फील्ड एक्टिविस्ट छोटेलाल ने लोगों को श्रमकार्ड बनवाने की प्रक्रिया व प्रपत्र से अवगत कराया। बैठकों में आइना सनाबानो तरन्नुम साधना बासमती निर्मला मीना शोभावती ऊषा रेखा अमरजीत विजयप्रकाश मोतीलाल का महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है।

# जर्जर मकान की दीवार और छज्जा गिरने से तीन मासूमों की गई जान

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**सुल्तानपुर।** जिले के गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के दर्जीपुर गांव में सोमवार शाम साढ़े चार बजे जर्जर मकान की दीवार और छज्जा बच्चों पर गिर गया। जानकारी अनुसार इस हादसे में तीन मासूमों की जान चली गई। घटना में शहबान (9) की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल इशू और सैनूद को लखनऊ रेफर किया गया, जहां मंगलवार को इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। हादसे के समय सात बच्चे मुस्तकीन उर्फ बखेडू के अधूरे पड़े पक्के मकान पर खेल रहे थे। इनमें शहबान, सैनुद, आलिम, आरिज, सैयम, मो.इसु और



असरफ शामिल थे। अचानक छज्जा सहित पक्की दीवार गिर पड़ी। स्थानीय लोगों ने शोर सुनकर बच्चों को मलबे से निकाला। भटमई चौकी इंचार्ज जितेंद्र यादव और कांस्टेबल प्रमोद कुमार ने घायल बच्चों को सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।मलबा हटाने के दौरान चार और लोग घायल हुए। इनमें वारिस (24), रज्जाक (32), आफताब आलम (28) और शेहरे (42) शामिल हैं। जयसिंहपुर तहसीलदार मयंक मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि दीवार जर्जर थी, जिससे यह हादसा हुआ। पीड़ित परिवारों को शासन स्तर से मदद दी जाएगी।हादसे के बाद से गांव में मातम का माहौल है।

## आचार्य मनमोहन हुए सम्मानित

# अखिल भारतीय निबन्ध प्रतियोगिता में जीता चतुर्थ पुरस्कार



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय निबन्ध प्रतियोगिता में वरिष्ठ आचार्य मनमोहन मिश्र ने चतुर्थ स्थान अर्जित कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम अखिल भारतीय स्तर पर रोशन किया। विवेकानन्द शिशु कुञ्ज सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल एनटीपीसी टाण्डा अम्बेडकर नगर में दिनांक 18/02/2025 को वन्दना सभा में विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार वर्मा एवं सभी आचार्यों द्वारा विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनमोहन लाल मिश्र को अखिल भारतीय स्तर पर आचार्य निबन्ध प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। निबन्ध का विषय- *राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा से राम राज्य की स्थापना* था। जिसमें राम मन्दिर के सम्पूर्ण इतिहास का व्याख्यान करते हुए आस पास के परिक्षेत्र के विकास व अयोध्या की भव्यता का मनमोहक चित्रण किया। नौकायन, फल-सब्जी विक्रेता, रेहड़ी दुकानदार, मार्ग की विकास एवं दिव्य व्यवस्थाओं का अतीव सौंदर्य के साथ प्रस्तुतिकरण किया। अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान विद्या भारती द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र एवं 2100 का पुरस्कार चेक द्वारा प्रदान किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि यह आपकी मेहनत व लगनशीलता का सम्मान है और यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी को ऐसे समर्पित आचार्य के कृतित्व का अनुकरण करना चाहिए। प्रधानाचार्य द्वारा अनेक गुणों से परिपूर्ण आचार्य मनमोहन मिश्र के कई गुणों जैसे सिलाई कढ़ाई, चारपाई बनाना, पाक विद्या, खेती की समझ, व अनेक कार्यों की बारीकियों आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यालय के सभी आचार्यों व भैया बहनों ने आचार्य को बधाई दी प्रधानाचार्य ने भी मनमोहन को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं एवं कहा आपकी इस सफलता के लिए विद्यालय परिवार आपके यशस्वी जीवन की कामना करता है। आपके अटूट समर्पण के लिए धन्यवाद। आपके लिए निरन्तर सफलता की कामना करता हूँ।

# भीषण सड़क हादसे में डेंटिस्ट डॉक्टर मनीष पांडेय की मौत, पत्नी और बेटा घायल

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जनपद में मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में एक डेंटिस्ट की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी अनुसार यह हादसा अकबरपुर-महरुआ मार्ग पर सुखारीगंज के पास ब्रह्मबाबा स्थान के समीप हुआ, जब एक डग्गामार उमंग प्राइवेट बस और कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।हादसे का विवरण जानकारी के अनुसार, अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के इल्तिफातगंज रोड निवासी डेंटिस्ट डॉक्टर मनीष पांडेय अपने परिवार के साथ प्रयागराज कुंभ स्नान से लौट रहे थे। उनकी कार जैसे ही सुखारीगंज के पास पहुंची, वैसे ही अकबरपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार उमंग प्राइवेट बस से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और बस का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।हादसे में कार चला रहे डॉ. मनीष पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए और कार में ही फंस गए, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कार में सवार उनकी पत्नी और बेटा गंभीर रूप से



घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्परता घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचित किया। अकबरपुर कोतवाल श्रीनिवास पांडेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे डॉक्टर के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और हादसे में घायल हुए परिवार के अन्य सदस्यों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया परिवार में मचा कोहराम

इस भीषण दुर्घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है डॉक्टर मनीष पांडेय की असमय मौत से उनके परिजनों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गईबस चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ या अन्य कोई वजह थी, इसकी जांच की जा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अकबरपुर-महरुआ मार्ग पर आए दिन इस तरह की दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है द्य परिवार के लोगों द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर घर ले जाया गया द्य डॉक्टर के परिवार में तथा उनके शुभचिंतकों में गहरा शोक है सूचना के अनुसार डॉक्टर साहब का अंतिम संस्कार आज सुबह 9-00 बजे किया जाएगा।

# राज्यपाल ने शिक्षा के क्षेत्र में गिनाईं योगी सरकार की उपलब्धियां

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अब तक डेढ़ करोड़ बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की और 680 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अपग्रेड किए हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार को सदन के पटल पर अपना अभिभाषण रखते हुए शिक्षा में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में संचालित परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक, राजकीय तथा अशासकीय सहायता प्राप्त व समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों तथा सहायता प्राप्त मदरसों में बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि कक्षा 01 से कक्षा 08 तक 1 करोड़ 49 लाख छात्र/छात्राओं को इस योजना का लाभ मिला। हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू भाषा की पाठ्य-पुस्तकों के साथ ही दृष्टि दिव्यांग बच्चों को ब्रेल लिपि की पाठ्य-पुस्तकें भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं, पीएम श्री योजना के अन्तर्गत संचालित 1 हजार 565 विद्यालयों में आधुनिक अवस्थापना सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए आदर्श विद्यालय विकसित किए गए हैं।

राज्यपाल ने बताया कि कमजोर वर्ग की बालिकाओं को कक्षा 12 तक नि:शुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराते हुए 680 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को उच्चीकृत




किया गया है। साथ ही बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 06 हजार 481 जर्जर विद्यालयों का पुनर्निर्माण कराया जा चुका है। छात्र-छात्राओं की यूनीफॉर्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी के लिए डीबीटी के माध्यम से 1 हजार 200 रुपये प्रति बच्चे की दर से धनराशि सीधे अभिभावकों के खाते में दी जा रही है। इसके अलावा अनुश्रवण को प्रभावी बनाने के लिए परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के उपयोग के लिए 02 लाख 10 हजार टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं। शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 18 हजार 381 परिषदीय उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं 880 विद्यालयों में आईसीटी लैब की स्थापना की गई है। राज्यपाल ने बताया कि 57 जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। प्री-प्राइमरी एवं कक्षा 01 से कक्षा 08 तक के 377 परिषदीय विद्यालयों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में उच्चीकृत किया जा रहा है।

# सुखदेव नगर में गौरक्षकों ने पकड़ा मांस, हंगामा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** दो रोज पूर्व शहर के जयसिंहपुरा क्षेत्र में मीट बिरयानी पकड़े जाने का मामला थमा नहीं था कि मंगलवार एक बार फिर प्रतिबंधित क्षेत्र में मांस से भरी पिकअप गाड़ी पकड़े जाने गौरक्षकों ने हंगामा काटा। गाडत्री को पकड़कर पुलिस को सूचित कर दिया जिसके बाद में पुलिस थाने ले आयी।

मामला शहर के सुखदेव नगर का है। गौ रक्षक दल के लोगों ने बताया कि यहां प्रतिबंधित क्षेत्र में मांस से भरी पिकअप पकड़ी गई गाड़ी से खून टपक रहा था जिसके बाद गौरक्षकों ने इसकी सूचना पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों को दी। मैक्स पिगअप गाड़ी को रूकवा लिया गया इसमें से खून टपक रहा था। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और गाड़ी को थाना कोतवाली ले आयी। गौरक्षकों ने बताया कि प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी जानवर का मांस लाने और बेचने पर पूरी तरह से पाबंदी है लेकिन इसके बावजूद इसकी बिक्री चोरी छुपे की जा रही है। गौरक्षकों ने पुलिस से मांग की कि इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये जिससे प्रतिबंधित क्षेत्र में होने वाली मांस की बिक्री को रोका जा सके। पकड़ा गया मीट गौमांस था या किसी अन्य जानवर का इसकी जानकारी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी। इस कार्यवाही में गौरक्षा दल भारत और बजरंग दल के कार्यकताओं चंद्रशेखर, ललित शर्मा, कृष्णा चौधरी, अभिषेक चतुर्वेदी, विष्णु चौहान, गोविंद, माहिर प्रकाश राजपूत, आदि मौजूद थे।

# लठामार होली/रंगोत्सव पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा टीम ने चलाया चैकिंग अभियान, जांच को भेजे छह नमूने

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आगामी त्योहार लठामार होली/रंगोत्सव पर्व के दृष्टिगत कस्बा बरसाना, जनपद मथुरा में आम जनमानस एवं आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा सुदामा चौक, रंगीली गली एवं फूल गली, बस स्टेण्ड, बरसाना में संचालित होटल/ रेस्टोरेण्ट, मिठाई की दुकानों, डेयरी एवं किराना स्टोर पर विशेष अभियान चलाकर सघन निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान मिलावट में संदेह के आधार पर खाद्य/पेय पदार्थों जैसे-मिठाई पेड़ा, मिल्ककेक, सरसों का तेल, घी, दूध, इत्यादि के 06 नमूने संग्रहित कर जॉच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। साथ ही खाद्य कारोबारकर्ताओं को अपने प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थ की रेट लिस्ट लगाने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने व आस-पास स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रतिष्ठानों पर ढक्कनयुक्त डस्टबिन करने हेतु निर्देशित किया गया। होली/रंगोत्सव के दौरान यदि कोई खाद्य कारोबारकर्ता मिलावटी खाद्य/पेय पदार्थ विक्रय करते पाया जाता है तो उसके विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी। जिसका समस्त उत्तरदायित्व खाद्य कारोबारकर्ता का होगा।

# विदाई समारोह में भावुक हुए बच्चे,आगामी बोर्ड परीक्षा की किट देकर अध्यापकों ने आशीर्वाद दिया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** असन्दरा क्षेत्र के श्री राम अभिलाष स्मारक इंटर कॉलेज चौरी अलादादपुर में कक्षा 12 के छात्र छात्राओं की शुभकामना एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमाशंकर शुक्ल के द्वारा किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक फूलचंद उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा किट प्रदान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के संचालक एवं शिक्षक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय ने विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित मार्गदर्शन दिया और आगे की शिक्षा एवं करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें साझा की और कहां आज हर्ष और विषाद का समय है आप लोग परेशान ना हो हम आपके भविष्य के प्रति सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे। विद्यालय के शिक्षक परमानंद तिवारी ने भी अपना आशीर्वचन प्रदान किया। और विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन एवं परिश्रम का महत्व समझाया। अंत में छात्र-छात्राएं अपने गुरुजनों के प्रति भावुक होकर गमगीन हो गए शिक्षक सुनील कुमार ने सभी अतिथियों शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार प्रकट किया इस अवसर पर अशोक कुमार वर्मा,शुभम श्रीवास्तव,अरुण कुमार वर्मा, रविंद्र प्रताप सिंह,रीता यादव तथा सभी कक्षा 12 के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन कार्यों में मानक और गुणवत्ता को बनाए रखते हुए निर्धारित समय में पूर्ण करें :जनपद नोडल अधिकारी गुर्राला श्रीनिवासुलू

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**औरैया ।** सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश शासन/जनपद नोडल अधिकारी श्री गुर्राला श्रीनिवासुलू ने अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत बूढ़ादाना में आयोजित चौपाल में जनहित कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में उपस्थित जनों से जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि यदि कोई पात्र योजना के लाभ से वंचित है तो उसे पंजीकृत कराते हुए योजना से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने चौपाल में शौचालय का प्रयोग करने तथा गंदगी आदि न फैलाने को कहा। उन्होंने इस अवसर पर ग्राम वासियों से खाद, बीज, आयुष्मान कार्ड, उज्जवल योजना का लाभ, किसान सम्मान निधि तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं के पात्र लाभार्थियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और पूछा कि पेंशन खाते में प्राप्त हो रही है या नहीं जिस पर अवगत कराया गया कि खाते के माध्यम से पेंशन की धनराशि प्राप्त हो रही है। उन्होंने ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित पंजीकृत महिला समूह के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और कहा कि इसके माध्यम से अपने कार्य को और बढ़ाएं जिससे आय में बढ़ोत्तरी हो। चौपाल में विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता, हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत हो रही जलापूर्ति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

श्रीनिवासुलू ने ग्राम में कराए गए कार्यों यथा हैण्डपंप स्थापना, जलापूर्ति हेतु बिछाई गई पाइपलाइन/ टोटी तथा खड़जा आदि की भी गुणवत्ता देखी। उन्होंने बिछाई गई इंटरलॉकिंग को निकलवा कर इंटरलॉकिंग टाइल्स सहित उसके समतलीकरण हेतु बिछाई गई बालू आदि के जांच कराने के निर्देश शिवकांत तिवारी सहायक अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग को दिए। उन्होंने इस अवसर पर चौपाल में गर्भवती माता को पोषण किट प्रदान की तथा नवजात को अन्नप्राशन भी कराया।

उक्त के पूर्व श्री निवासुलू ने शेरपुर सरैया में निर्माणाधीन पुलिस लाइन का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य को देखा और संबंधित कार्यदायी संस्था को मानक और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता को प्रतिदिन कार्य की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। उक्त के पश्चात उन्होंने यमुना नदी के शेरगढ़ घाट पर नवीन निर्माणाधीन पुल के कार्य का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सेतु निगम के अधिकारियों से निर्माण कार्य की स्वीकृति लागत के साथ-साथ प्रारंभिक तिथि व कार्य समाप्ति की तिथि के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य को चरणबद्ध तरीके से गुणवत्ता व मानक को बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें,जिससे आवागमन आदि के लिए यातायात सुचारू बन सके। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कोई अनियमितता आदि की शिकायत न हो अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी,पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, तहसीलदार सदर रणवीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, डीसी मनरेगा राम दुलार, सहायक अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग शिवकांत तिवारी सहित संबंधित अधिकारी, कार्यदाई संस्था, ग्राम प्रधान व ग्रामीणजन आदि उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर कक्षा 12 के छात्रों को दी विदाई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रयागराज शनि कुमार यादव



**शंकरगढ़** नगर पंचायत में स्थित कैम्ब्रिज हाईस्कूल एण्ड कॉलेज में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र एवं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सीनियर्स को विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर स्कूल प्रबंधक संतोष त्रिपाठी जी ने किया। इसके बाद 11 की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर सीनियर्स का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके अंतर्गत बच्चों ने कविता पाठ, क्विज आदि को प्रस्तुत किया ही साथ ही साथ स्कूल में बिताए हुए पल एवं अनुभवों को भी साझा किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी जी ने सभी छात्र-छात्राओं को विदा करते समय उनके उज्वल भविष्य की कामना की और उन्होंने सफलता का आशीर्वाद दिया।उन्होंने कहा कि इतने वर्षों तक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से लगाव होना लाज़मी है। उन्होंने कहा कि स्कूल ने अपनी जिम्मेदारियों और शिक्षक की भूमिका को हर लिहाज से पूरा करने का प्रयास किया है। उन्होंने विभिन्न मौके पर बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई भी दी। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों के बेहतर कल की कामना की इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, मनी शंकर दुबे,सौरभ प्रकाश, धर्मराज कुशवाहा,पंकज मिश्रा,मनोज तिवारी,पंकज श्रीवास्तव,सुधीर नारंग, राजेश गोस्वामी ,अखिलेश पांडे,दीपक केशरवानी, इमरान अहमद,अनुभव पांडेय, रीतू सुसारी,सिम्मी गुप्ता,रेखा सिंह, मीरा श्रीवास्तव, रीना गोस्वामी, पूनम द्विवेदी, मधु,सोमवती, उषा, प्रीती, वन्दना,स्मिता, निहारिका,अंजू गुप्ता आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

# संसारिक मोह-माया ही भगवत प्राप्ति में बाधक है:अर्द्धमौनी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद



श्री पंचमुखी हनुमान मन्दिर, सूर्य नगर, लाइनपार में भजन संध्या का आयोजन हुआ। कथा व्यास आचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी% ने बताया कि मनुष्य जीवन में कृष्ण भावनामृत को अंगीकार करने से चौरासी लाख योनियों से मुक्ति मिलती है। जैसे जाल में फंसी हुई मछली आगे नहीं बढ़ सकती, ऐसे ही सांसारिक सुख में फंसे हुए मनुष्य की दृष्टि परमात्मा की तरफ बढ़ ही नहीं सकती। इतना ही नहीं, सांसारिक सुख, भोग और संग्रह में आसक्त मनुष्य परमात्मा की प्राप्ति का निश्चय भी नहीं कर सकता। शास्त्रों में कार्तिक मास की सर्वश्रेष्ठ और सबसे मंगलकारी मास के रूप में स्तुति की गई है। यह दामोदर मास भी कहलाता है। इस महीने में भगवान् कृष्ण की कृपा सुगमता से प्राप्त होती है। वृन्दावन में इस महीने में भगवान् कृष्ण की उनके दामोदर रूप में प्रतिदिन पूजा करने के विधान है। दामोदर भगवान् कृष्ण का वह बालयस्वरूप है जब उन्हें उनकी माता, यशोदा ने रस्सी से बांध दिया था। 'दाम' का अर्थ है रस्सी और 'उदर' का अर्थ है पेट । माता यशोदा ने भगवान् कृष्ण की शरारतों से तंग होकर उन्हें पेट से रस्सी द्वारा बांध दिया, इसलिए उनका नाम दामोदर पड़ा। जिस प्रकार भगवान् दामोदर भक्तों को अत्यंत प्रिय हैं, उसी प्रकार यह दामोदर या कार्तिक कहलाने वाला मास भी भक्तों को अत्यंत प्रिय है।

भगवान् कृष्ण कहते हैं कि समस्त वनस्पतियों में पवित्र तुलसी मुझे सबसे प्रिय है, और समस्त मासों में कार्तिक सबसे प्रिय है। सभी तीर्थों में मेरी इष्ट द्वारका सर्वाधिक प्रिय है और सारी तिथियों में एकादशी सबसे प्रिय है। व्यवस्था में अमित ठाकुर, शिव ठाकुर, नेम पाल सिंह, दिव्या ठाकुर, पिंकी ठाकुर, गुडडो देवी, आश्रय दर्शन दास, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, सौरभ अग्रवाल, उपासना राघव, प्रवीण राघव, सुमित ठाकुर, लवकुश राघव, शिवानी ठाकुर आदि ने सहयोग किया।

# टोनाटार के मतदाताओं ने बोरिंग छाप में लगाई मुहर विष्णु कोसले बने सरपंच

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**बलौदाबाजार।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत प्रथम चरण का चुनाव 17 फरवरी को भाटापारा एवं सिमगा विकासखंड में संपन्न हुआ। जिसमें भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर चार प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। जिसमें माखन सोनवानी को चश्मा विष्णु कोसले को हस्तचलित हैंडपंप सुकवारो देवदास को गिलास एवं सुरेश कोसले को फलों सहित नारियल का पेड़ छाप चुनाव चिन्ह मिला था।

ग्राम पंचायत टोनाटार में 2002 मतदाता एवं 14 वार्ड है जिसमें से चार वार्ड के पंच निर्विरोध चुने गए थे। 2002 मतदाता वाले इस ग्राम पंचायत में तीन मतदान केंद्र बनाए गए थे। 2002 मतदाता में से 1505 मतदाताओ ने मतदान किया। जिसमें तीन मतदान केंद्रों में से विष्णु कोसले के हस्त चलित बोरिंग छाप को कूल 655 वोट मिले वही उसके प्रतिद्वंद्वी दूसरे नंबर पर रहे माखन सोनवानी के चश्मा छाप को 461 मत मिले एवं 107 वोट रिजेक्ट हुए और तीसरी और चौथे नंबर पर अन्य दो प्रत्याशी रहे । इस तरह विष्णु कोसले ने माखन सोनवानी को 194 वोट से पराजित कर ग्राम पंचायत टोनाटार सरपंच पद पर निर्वाचित हुए। चार निर्विरोध पंच जिसमें वार्ड क्रमांक 4 से तामेश्वरी ध्रुव 5 से अमित बाई 8 से कुलेश्वर वर्मा 11 से कौशिल्या रजक एवं चुनाव जीतकर आए पंचों में से वार्ड क्रमांक 1 से डिगेश वर्मा वार्ड क्रमांक 2 से धनेश्वरी ध्रुव वार्ड क्रमांक 3 से मंजू ध्रुव वार्ड क्रमांक 6 से ललिता साहू वार्ड क्रमांक 7 से पूर्णिमा ध्रुव वार्ड क्रमांक 9 से राहुल घृतलहरे वार्ड क्रमांक 10 से मंजू दिवाकर वार्ड क्रमांक 12 से सुभद्रा रजक वार्ड क्रमांक 13 से ओमेश कांत यादव वार्ड क्रमांक 14 से रेखा वर्मा शामिल हैं। नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों को भारत माता वाहिनी के अध्यक्ष मंजू वर्मा सचिव लक्ष्मी वैष्णव सदस्य लक्ष्मी वर्मा सहित बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने जीत की बधाई दी।

# विशाल होली मिलन समारोह 16 मार्च को



## बच्चों के रंगारंग कार्यक्रमों व समाज के वृद्धजनों का होगा सम्मान

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

**औरैया।** अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा की आवश्यक बैठक ब्लॉक गेट स्थित महासभा के कार्यालय में जिलाध्यक्ष समाजसेवी शिवकुमार पुरवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक में प्रमुख रूप से होली मिलन समारोह के आयोजन पर विचार विमर्श किया गया, बैठक में मौजूद समाज के सभी बंधुओ व महिला शक्ति ने समाज के लोगों के स्वस्थ मनोरंजन हेतु कार्यक्रम आयोजन की सहमति प्रदान की, कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शिवकुमार पुरवार, कपिल गुप्ता, आदित्य पोरवाल, बृजेन्द्र गुप्ता गुड्डू, आनंद आर्य, आनंद गुप्ता डाबर, विनय पुरवार, नितिन पुरवार प्रदीप पुरवार, मनीष पुरवार, नीरज पोरवाल, अमित पोरवाल, एकता पुरवार, आरती पोरवाल, बबिता पुरवार, पूनम पुरवार, पावर पोरवाल, पंकज प्रज्ञा पोरवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित कार्यक्रम संयोजक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि ऐसे समारोह से समाज के लोगों में समरसता व आपसी सौहार्द की भावना बढ़ती है निश्चित ही इस कार्यक्रम में स्वजातीय बंधुओं की स्वैच्छिक भागीदारी होगी। बैठक में उपस्थित प्रदीप पुरवार ने कहा कि समाज के सभी लोग इस आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और स्वयं अपने दायित्व लेकर समारोह को सफल बनायें। आनंद गुप्ता डाबर ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में नयी ऊर्जा व उत्साह के लिए ऐसे आयोजन करने चाहिए इससे मनोरंजन के साथ साथ आपसी सामंजस्य भी स्थापित होता है, जिला महासचिव कपिल गुप्ता ने बताया कि इस समारोह में जूनियर वर्ग के बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, वन मिनट शो, बुजुर्गों का सम्मान, फूलों की होली आदि स्वास्थ्य मनोरंजन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किये जायेंगें साथ ही कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लकी ड्रा होगा। कार्यक्रम में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने वाले बच्चों के नामांकन क्रोनिक एकेडमी, पुरवार एजेंसी, गुरुकृपा इलेक्ट्रॉनिक, निर्मल मेडीकल स्टोर में 5 मार्च तक नि:शुल्क कराये जा सकते हैं। बैठक में प्रमुख रूप से विपिन पोरवाल, विनय पुरवार ,कोषाध्यक्ष आदित्य पोरवाल केसर, प्रदीप पुरवार, विजय कांत पुरवार, आशीष पुरवार, नीरज पोरवाल, रानू पोरवाल, महिला जिलाध्यक्ष एकता पुरवार, पायल पोरवाल, शशांक पुरवार, नीलम पोरवाल, बबिता पुरवार, चारुल पुरवार आदि लोग उपस्थित रहे।

# गला दबा कर 13 वर्षीय किशोर की हुई थी हत्या

## थाने पहुंच कर परिजनों ने मामले के खुलासे के लिए लगाई गुहार

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव



**एटा** जनपद के अवागढ़ थाना क्षेत्र के नगला भिखारी में 13 वर्षीय किशोर की हत्या कर मिर्च के खेत में शव फेंक दिया गया।पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में गला दबाने की वजह से मृत्यु होना दर्शाया गया है।आज किशोर के परिजन अवागढ़ कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने मामले के खुलासे के लिए अवागढ़ पुलिस से गुहार लगाई है।दअरसल शनिवार की देर रात 13 वर्षीय किशोर केशव पुत्र बबलू का शव गांव नगला भिखारी के समीप ही मिर्च के खेत में पड़ा मिला था।किशोर की हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।घटना स्थल का जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने बारीकी से निरीक्षण किया।मौके पर फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड को बुलाकर साक्ष्य संकलित किए गए ।पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में सनसनीखेज खुलासा हुआ है ।किशोर की गला दबा कर हत्या की गई है।परिजनों ने रंजिश के चलते हत्या किए जाने की आशंका जताई थी।मंगलवार को परिजन अंतिम संस्कार करने के बाद अवागढ़ कोतवाली पहुंचे और मामले के खुलासे के लिए पुलिस से गुहार लगाई ।अज्ञात लोगों ने किशोर की हत्या की।

मामले पर सी ओ जलेसर नीतीश गर्ग से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया पोस्ट मार्टम में गला दबा कर हत्या करने का मामला सामने आया है।मामले में थाना पुलिस,स्वाट,सर्विलांस की टीमें जांच कर रही हैं।परिजनों ने अभी तक लिखित तहरीर नहीं दी है जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा

# फर्जी मुकदमा दर्ज करने के विरोध में जिलाधिकारी बांदा को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**



**बांदा**-आज सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष बांदा उमेश तिवारी ने बताया की विगत दिनों उत्तर प्रदेश के महेशगंज, प्रतापगढ़ में एक 14 वर्षीय नाबालिग बेटी बीते तीन महीने से लापता थी। बेटी के पिता ने प्रशासन से कई बार गुहार लगाई, लेकिन पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से निष्क्रिय रहा और

जब प्रशासन ने इस मामले को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया तोअसहाय पीड़ित परिवार ने सवर्ण आर्मी उत्तर प्रदेश से मदद की गुहार लगाई इसके बाद सवर्ण आर्मी के सह - समन्वयक/विस्तारक ठाकुर शिवम् सिंह के नेतृत्व में बेटी की बरामदगी के लिए प्रशासन से लगातार अपील की गई।और इतना ही नहीं पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्रीअनिल कुमार से इस सम्बन्ध में सीधे मुलाकात भी की गई, लेकिन वहाँ से उन्हें सिर्फ़ आश्वासन ही मिला, बेटी नहीं।

इस सम्बन्ध में महेशगंज थाने में कई बारआवेदन दिया गया, लेकिन प्रशासन बराबर संवेदनहीन बना रहा। जब कोई और रास्ता नहीं बचा, तो सवर्ण आर्मी ने थक हार कर शांतिपूर्ण एवं अहिंसक तरीके से महेशगंज थाने के बाहर धरना दिया ताकि प्रशासन बच्ची को खोजने में तेजी दिखाए।

लेकिन स्थानीय पुलिस ने इस संवेदनशील मुद्दे को हल करने के बजाय शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर ही झूठे मुकदमे ठोंक दिए अब ऐसे में सवर्ण आर्मी के निर्दोष कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज करना एक बहुत बड़ा सवाल पैदा कर रहा है की क्या यही न्याय है? क्या इस शासन सत्ता में शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए न्याय की मांग करना अपराध है? लेकिन फिर भी महेशगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने प्रदर्शनकारियों पर बीएनएस की धारा 109 जैसी गंभीर धाराओं के तहत झूठे मुकदमे दर्ज कर दिए! इस मामले मेंअगर सवर्ण आर्मी ने दबाव नहीं बनाया होता, तो शायद बेटी आज भी लापता होती या फिर उसकी हत्या हो चुकी होती। लेकिन तीन महीने बाद बेटी बरामद हुई और तब भी प्रशासन ने सारा श्रेय खुद ही ले लिया तथा न्याय की मांग करने वालों को अपराधी बना दिया।पुलिस के इस तानाशाही रवैये से आजिज होकर आज सवर्ण आर्मी संघ ने एकजुट होकर प्रदेश के तेजतर्रार यशश्वी मुख्यमंत्री योगी जी को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बांदा को देकर अपनी मांगे कुछ प्रकार से रखीं जिनमें-- 1- मामले में संलिप्त प्रतापगढ़ के सभी प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्यवाही की जाए।

2- सह -समन्वयक/विस्तारक ठाकुर शिवम सिंह व अन्य सभी 27 निर्दोष सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं पर लगाए गए सभी झूठे मुकदमे तुरंत वापस लिए जाएं।

3-बेटियों की सुरक्षा और न्याय की मांग करने वालों को प्रशासनिक उत्पीड़न से बचाया जाये! इस पूरे प्रकरण को लेकर सिर्फ जिलाधिकारी बांदा ही नहीं बल्कि इसी प्रकार से सम्पूर्ण उ0प्र0 में सवर्ण आर्मी द्वारा सम्बंधित जिलाधिकारी कार्यालय पहुँच कर सभी ने ज्ञापन देकर निष्पक्ष जाँच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कदम उठाने हेतु ज्ञापन सौंपा! ज्ञापन सौपनें वालों में जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी के साथ साथ सोनू करवरिया, रामस्वरूप त्रिपाठी, जगत प्रसाद त्रिपाठी (मण्डल उपाध्यक्ष),श्याम बाबू त्रिपाठी, शैलू पाण्डेय, आदित्य सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, पुष्पेन्द्र के अलावा दर्जनों सवर्ण आर्मी कार्यकर्ता मौजूद रहे!

# बी.एस.एम. इंटर कॉलेज पटना में धूमधाम के साथ मनाई गयी फेयरवेल पार्टी

## आज का बच्चा कल का भविष्य बनकर निकलेगा : नीलम सैनी

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरो चीफ जाती राम**




**चिलकाना** - क्षेत्र के बी.एस.एम.इंटर कॉलेज पटना में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया । जिसमें कॉलेज के प्रबंधक श्याम सिंह सैनी , प्रधानाचार्य नीलम सैनी व डॉ.विमल शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।फेयरवेल पार्टी में कॉलेज के प्रबंधक श्याम सिंह सैनी व प्रधानाचार्य नीलम सैनी ने सभी छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी बच्चे मेहनत करे और परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होकर कॉलेज का नाम रोशन करे । वही फेयरवेल पार्टी में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉ. विमल शर्मा ने कहा कि सभी छात्र छात्राएं परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होकर नाम रोशन करे उन्होंने बताया कि कोई भी छात्र परीक्षा देने से न डरे लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती और कोशिश करे वालो की कभी हार नहीं होती।इस दौरान अभिनव इण्टर कॉलेज से पहुंचें प्रकाश पाण्डेय ने भी सभी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश पाण्डेय और सफल संचालन मास्टर मांगेराम ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नीलम सैनी, सुंदरी जैन, समीर , रविन्द्र शास्त्री , अनुज कुमार, योगेश, सोनू, डॉ.उत्कर्ष सैनी, रविन्द्र कुमार, स्वाती , लायबा आदि कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जिला सम्मेलन में लिया फैसला, कल्याण बोर्ड के भ्रष्टाचार को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

## चार मार्च को जींद जिले से हजारों निर्माण मजदूर करेंगे श्रम मंत्री अनिल विज के आवास का घेराव

**केसरिया हिंदुस्तान नजीर हुसैन ब्यूरो चीफ जींद हरियाणा**




आज जींद के मजदूर भवन में भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा जिला जींद का आठवाँ सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में 27 सदस्यों की जिला कमेटी का चुनाव किया गया जिसमें सर्व सहमति से जोगेंद्र इगराह को प्रधान, संदीप जाजवान सचिव, राजेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन की अध्यक्षता यूनियन के जिला प्रधान कश्मीर सिंह, जोगेंद्र, बारू राम व संतोष ने संयुक्त रूप से की व संचालन जिला सचिव कपूर सिंह ने किया।

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यूनियन के महासचिव राममेहर सिंह ने बताया कि आज बीजेपी के राज में देश-प्रदेश में निर्माण मजदूरों के हालात बद से बदतर हुए हैं। पिछले दस वर्ष में जात-धर्म, इलाका, गौत्र आदि के नाम पर मेहनतकश जनता को बाँटने का काम किया है और जनता के असल मुद्दों से पूरी तरह से ध्यान हटाया जा रहा है। निर्माण मजदूरों के लिए बने कल्याण बोर्ड को एक तरह से खत्म करने की योजना बीजेपी सरकार की है। उन्होंने बताया कि जब से बीजेपी सरकार प्रदेश में आई है तब से न तक निर्माण मजदूरों का पंजीकरण व न समय पर सुविधा मिल रही। जिस कारण भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुच गया है। पूरे दस सालों में भाजपा सरकार ने अपने राजनैतिक फायदे के लिए बोर्ड के पैसों का दुरुपयोग करके झूठी वाह-वाही लूटने का काम किया है। बीजेपी बोर्ड के पैसों पर एक तरह से कुंडली मारे हुए हैं।जो पैसा मजदूरों को देना चाहिये था उन पर बेमानी ऑब्जेक्शन लगाकर, फैमिली आईडी व श्रमिकों की वर्कस्लिप ना करके सुविधाओं से वंचित करके सीएससी केंद्रों व दलालों को बढ़ावा देने का काम किया गया है। जिसका नतीजा आज सामने आ रहा है। रोजाना मजदूरों को लूटने का काम इस सरकार में किया जा रहा है।भाजपा सरकार ने दस सालों में बोर्ड को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। यूनियन के प्रतिनिधियों ने बार-बार सरकार व बोर्ड के अधिकारियों को आगाह किया था कि ऑनलाइन से भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर बढेगा जो अब सबके सामने आ रहा है। यूनियन ने बार बार मुख्यमंत्री, श्रम मंत्री व बोर्ड के अधिकारियों को निर्माण श्रमिको की समस्याओ को लेकर बहुत बार ज्ञापन दिए गये मगर आज तक मुख्यमंत्री व श्रम मंत्री ने समाधान करना तो दूर, यूनियन को बातचीत तक का समय नही दिया गया। जबकि बोर्ड में श्रमिकों के प्रतिनिधियों की जगह अपने चहते बोर्ड में लिए गये है। आम श्रमिको को तीन-चार सालों तक सुविधा नही दी जा रही है बल्कि दलालों के एक दिन पैसे डालने के हजारों मामले सामने आए हैं और सरकार और श्रम कल्याण बोर्ड अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे है। सरकार न तो भर्ष्टाचार पर रोक लगाना चाहती न ही किसी अधिकारी व सीएससी संचालकों, दलालों पर कार्यवाही करना चाहती।

सम्मेलन के समापन के मौके पर बोलते हुए यूनियन के राज्य अध्यक्ष कॉमरेड सुखबीर सिंह ने बताया कि हरियाणा प्रदेश में 22 लाख से ज्यादा निर्माण का मजदूर है। उनके लिए लंबे संघर्षों के बाद 2005 में निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड का गठन किया गया था। 20 साल बीत जाने के बाद भी 70 प्रतिशत निर्माण मजदूर बोर्ड में अभी तक पंजीकृत नहीं हुए हैं। जो सीधे तौर पर राज्य सरकार की कार गुजारी को दर्शाता है जहां एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री श्रम मंत्री अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन दे कर यह दावा कर रहे हैं की मजदूरों के लिए करोड़ों रुपए राहत के तौर पर दिए जायेगे, जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। राहत देने की बजाय हर तरह के हथकंडे अपनाकर प्रदेश सरकार मजदूरों को मिलने वाले लाभ को रोकने के लिए लगा रही है जिसको लेकर मजदूरों में भारी रोष है। इसलिए प्रदेश भर के निर्माण मजदूर 4 मार्च को श्रम मंत्री के आवास पर राज्य स्तरीय करेंगें।

सम्मेलन में उपरोक्त के अलावा बारू राम, पवन कुमार, संदीप डालमवाला, शीलक राम, राधेश्याम, सुभाष पांचाल, दीनदयाल, गुलाब, नजीर, सुल्तान, जगदीश, अंग्रेज सिंह, प्रेम सिंह, खुजानी, रेमन, कमलेश इत्यादि शामिल हुए।

# शिवगढ़ में स्वयंसेवक संघ रायबरेली के द्वारा 16 शाखाओं ने किया प्रभावशाली प्रदर्शन

## कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने दिखाया अनुशासन और एकता का परिचय

**केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो रायबरेली**



संवाद सूत्र जागरण शिवगढ़- श्री बरखंडी विद्यापीठ इंटर कॉलेज के मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का विशेष शाखा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संघ की 16 विभिन्न शाखाओं के स्वयंसेवकों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और संगठन का उत्कृष्ट परिचय दिया। शाखाओं के स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार के व्यायाम, योग और शारीरिक प्रदर्शन किए, जिसमें दंड, सूर्य नमस्कार और समूह व्यायाम शामिल थे। इस दौरान स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन प्रदान किया और उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन राष्ट्रीय प्रार्थना के साथ हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सहसंचालक डीबी सिंह, खंड संचालक अमर सिंह राठौर, खंड कार्यवाह विनय त्रिवेदी, खंड बौद्धिक प्रमुख रामेश्वर सिंह, संतोष श्रीवास्तव, जिला सह कार्यवाह गयोंदु सिंह, राकेश कुमार, शिवपाल यादव आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने तीन अलग अलग मामलों में ड्रग तस्करी और अवैध हथियार सप्लाई करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

## सीआईए स्टाफ 1 ने 02 किलोग्राम हेरोइन, 05 अत्याधुनिक पिस्तौल जब्त कर 09 को किया गिरफ्तार



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब**

श्री गुरप्रीत सिंह भुल्लर, आईपीएस, पुलिस कमिश्नर, अमृतसर के निर्देशों और श्री हरप्रीत सिंह मंदर, डीसीपी जांच, अमृतसर और श्री नवजोत सिंह, एडीसीपी जांच, अमृतसर के मार्गदर्शन में, श्री हरमिंदर सिंह संधू, एसीपी डिटेक्टिव, अमृतसर के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने इंस्पेक्टर अमोलकदीप सिंह, इंचार्ज सीआईए स्टाफ-1, अमृतसर की देखरेख में तीन अलग-अलग मामलों में संदिग्धों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया और हेरोइन जब्त की। एफआईआर संख्या 05, दिनांक 12-01-2025 यू/एस 21-सी, 29 ऑफ एनडीपीएस एक्ट, पुलिस स्टेशन कैंटोनमेंट, अमृतसर।

गिरफ्तार आरोपी: 1. गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (25 वर्ष),2. कुन्नन सिंह (55 वर्ष),3. बलविंदर सिंह उर्फ बब्बा (29 वर्ष),

4. प्रेम सिंह उर्फ काला (37 वर्ष),5 सबर संधू उर्फ तरलोक बाबा (40 वर्ष), निवासी उमरपुरा गांव, अजनाला थाना, अमृतसर ग्रामीण।5. बलविंदर सिंह उर्फ गोपी (29 वर्ष), निवासी जगतपुरा गांव, तरनतारन जिला।

बरामदगी: 02 किलो हेरोइन * 02 पिस्तौल (एक .30 बोर और एक .32 बोर) एफआईआर संख्या 18, दिनांक 29-01-2025 यू/एस 25/54/59 आर्म्स एक्ट, पुलिस स्टेशन गेट हकीमां, अमृतसर

गिरफ्तार आरोपी: 1. वरिंदर सिंह (23 वर्ष), निवासी मेहनिया कुहारा गांव, कंबो पुलिस स्टेशन, अमृतसर ग्रामीण।

बरामदगी: 03 पिस्तौल (.32 बोर) 02 जिंदा राउंड के साथ

एफआईआर संख्या 17, दिनांक 16-02-2025 यू/एस 21* -सी, 29 एनडीपीएस एक्ट, पुलिस स्टेशन सदर, अमृतसर

**गिरफ्तार आरोपी:** 1. राजविंदर सिंह (31 वर्ष), निवासी तेरा गांव, झंडे पुलिस स्टेशन, अमृतसर ग्रामीण।2. रविंदर सिंह (25 वर्ष), निवासी तेरा गांव, झंडे पुलिस स्टेशन, अमृतसर।

**बरामदगी:** * 01 किलो हेरोइन यह सफल कार्रवाई अमृतसर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध हथियारों के व्यापार को खत्म करने तथा सभी के लिए सुरक्षित समुदाय सुनिश्चित करने के लिए किए गए अथक प्रयासों को दर्शाती है।

# स्लीपवेल के सहयोग से टीमवर्क आर्ट्स द सेक्रेड, अमृतसर 2025 के तीसरे संस्करण के आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब**



द सेक्रेड अमृतसर 21 से 23 फरवरी 2025 तक चलेगा

**अमृतसर** स्लीपवेल द्वारा प्रस्तुत सैकरेड अमृतसर का तीसरा संस्करण, एक बार फिर अमृतसर शहर में होने जा रहा है। है। टीमवर्क आर्ट्स द्वारा आयोजित इस महोत्सव में शानदार संगीत प्रस्तुतियां, साहित्यिक चर्चाएं, ऐतिहासिक स्थलों की सैर और बहुत कुछ शामिल होगा। इस उत्सव में हिस्सा लेने के देश-विदेश से लोग आ रहे है। पंजाब से चंडीगढ़, लुधियाला, जालंधर, मोहाली , देश से कोलकता, चेन्नई, हैदराबाद,मुंबई, पुणे, जयपुर व सूरत एवं अंतरराष्ट्रीय देशों जैसे दुबई, सिंगापुर,ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। यह महोत्सव 21 से 23 फरवरी तक अमृतसर के तीन अलग-अलग स्थानों पर होगा।

महोत्सव के बारे में बोलते हुए, इसके प्रमुख और निदेशक, मिन्हाल हसन ने कहा, फेस्टिवल का उद्घाटन 21 फरवरी की शाम को दिल छू जाने वाली भावनात्मक प्रस्तुतियों से होगा। पहली प्रस्तुति इश्क है से होगी, जिसे प्रसिद्ध स्पोकन वर्ड कवयित्री और कथाकार प्रिया मलिक पेश करेंगी। सरोवर प्रीमियर में उसी शाम रहमत-ए-नुसरत की प्रस्तुति होगी। यह कुमाऊं की पहाडियों से आया एक स्व-प्रशिक्षित कव्वाली समूह है, जो उस्ताद नुसरत फतेह अली खान से प्रेरणा लेता है। फेस्टिवल की दोपहरें विभाजन संग्रहालय में गहरी और विचारोत्तेजक चर्चाओं के लिए समर्पित होंगी।

22 फरवरी को लेखक और पूर्व राजदूत नवतेज सरना और नवदीप सूरी एक महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होंगे। दूसरे दिन, मौखिक इतिहासकार और लेखिका आंचल मल्होत्रा, टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर संजॉय के. रॉय के साथ द इनहेरिटेंस ऑफ पार्टिशन% पर बातचीत करेंगी। शाम के समय ऐतिहासिक गोबिंदगढ़ किले में मंत्रमुग्ध कर देने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रसिद्ध संगीतकार अभिजीत पोहांकर हजरत अमीर खुसरो प्रोजेक्ट के द्वारा अमीर खुसरो की कविताओं को आधुनिक संगीत के साथ प्रस्तुत करेंगे। लक्ष महेश्वरी की प्रस्तुति इश्क सूफियाना- द लीजेंड ऑफ लैला-मजनू कहानी, हास्य और भावुकता का अनोखा संगम होगी और परंपरा सत्र में पद्मश्री अनवर खान मांगणियार राजस्थान के लोकसंगीत, कबीर, मीराबाई एवं अमीर खुसरो के अमर काव्य का अद्भुत संकलन पेश करेंगे।

फेस्टिवल का भव्य समापन 23 फरवरी को दो शानदार प्रस्तुतियों के साथ होगा। जिसमें पद्मश्री मालिनी अवस्थी का यह विशेष कार्यक्रम दास्तान-ए-अख्तरी- द टेल ऑफ़ बेगम अख़्तर मशहूर गायिका बेगम अख़्तर को एक भावभीनी श्रद्धांजलि होगी, जिसमें कवि यतींद्र मिश्र की वाचिक प्रस्तुति भी शामिल होगी। दूसरे कार्यक्रम कबीर कैफ़े में नियो-फोक बैंड संत कबीर की रचनाओं को रॉक, रेग, पॉप और कर्नाटिक संगीत के अनोखे मिश्रण के साथ पेश करेगा, जो इस संगीतमयी यात्रा का यादगार समापन होगा।

# दोस्त की बीबी का दोस्त ने किया बलात्कार पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत**



**पीलीभीत-बरखेड़ा ।** थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है। की बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा नत्थू निवासी विकास पंडित पुत्र राजकुमार जो कि उसके पति का दोस्त था। उसने महिला को अपने झूठे प्रेम जाल में फंसा कर शादी करने का झांसा दिया तथा महिला को उसके पति से भी अलग कराकर लंबे समय से उसका शारीरिक शोषण करता चला रहा है। महिला ने जब-जब आरोपी विकास से शादी करने को कहा तो वह महिला से लम्बे समय से टाल मटोल करता रहा अभी हाल में ही आरोपी विकास द्वारा महिला को किसी स्थान पर बुलाकर उसका शारीरिक शोषण करने के पश्चात साफ-साफ शब्दों में महिला से शादी करने से इनकार कर दिया महिला द्वारा जब ऐसा करने से मना किया गया तो उक्त आरोपी ने उत्तेजित होकर महिला का गला दबाते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि मैं बहुत दुखी महिला हूं। महिला तथा उसके बच्चे का जीवन अंधकार मय हो गया है। बच्चे को भी उसके द्वारा ही पैदा किया गया है। अब वह कहां जाए महिला द्वारा इस संबंध में 18 जनवरी 2025 को बरखेड़ा थाने में एक शिकायती पत्र दिया गया था परंतु आरोपी के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई नहीं हुई तब महिला ने न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की जानकारी पर बरखेड़ा थाना प्रभारी मुकेश शुक्ला द्वारा बताया गया है। कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना पुलिस ने आरोपी के ऊपर मुकदमा दर्ज कर लिया है।